असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

अंकुर



पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

नेहरू नगर, नई दिल्ली–110065



अंकुर

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)
नेहरू नगर, नई दिल्ली–110065

www.pgdavcollege.edu.in
email: pgdavcollege.edu@gmail.com

वर्ष 2019–20 अंक : 68

Patron	-	Dr. Mukesh Aggarwal
Chief Editor	-	Dr. Veena
Editors	-	Dr. Dilip Kumar Jha (Sanskrit)
		Mr. Rohit Kumar (Sanskrit)
		Dr. Ved Prakash (Hindi)
		Dr. Chain Singh Meena (Hindi)
		Dr. Mukesh Bairva (English)
		Dr. Mona Goel (English)
Student Editors	-	Saurabh Saxena (Sanskrit Section)
		Reema haldar (Sanskrit Section)
		Shashi Chaurasia (Hindi Section)
		Arpit Shakya (Hindi Section)
		Saurabh Kumar (Hindi Section)
		Kartik Gupta (English Section)
		Ananya Saraswat (English Section)
		Sara Haque (English Section)
Publisher	-	Ms. Garima Gaur Srivastava
Printer	-	Jaina Offset Printers

प्राचार्य की कलम से.....

'अंकुर' से मेरा संबंध विद्यार्थी काल से ही रहा है। रचनाकार से लेकर संपादक और अब प्राचार्य के दायित्त्व तक मैंने अंकुर के साथ लगभग चालीस वर्ष तक की यात्रा की है। अंकुर के साथ जो रचनाकार और संपादक के रूप में जुड़े वे कथाकार, आलोचक और भाषा वैज्ञानिक के रूप में साहित्य जगत में समृद्ध हुए और छात्र रचनाकारों में बहुत से विद्यार्थी आज अलग–अलग क्षेत्रों में प्रतिष्ठित हो चुके हैं। ऐसे में मुझे यह कहते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि 'अंकुर' की इस रचनात्मक यात्रा का मैं इतने लंबे समय तक साक्षी रहा हूँ।

आज समूचा विश्व एक ऐसी महामारी का सामना कर रहा है, जिसने हम सबको घर पर रहने को विवश कर दिया है। घर पर रहकर भी हम विविध माध्यमों से अपने विद्यार्थियों से जुड़े रहे, शिक्षा और सामयिक विमर्शों में सक्रिय रहे और आपदा के काल में सभी ने आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्त्व को और भी बेहतर तरीके से समझा है। भौतिक रूप से सबसे दूर होकर विभिन्न माध्यमों से शिक्षक, छात्रों के संपर्क में रहे हैं। यह सब ई–स्रोत के कारण ही संभव हो पाया। शिक्षक और हमारे गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग ने यह यथासंभव प्रयास किया कि छात्रों का समय व्यर्थ न जाए।

अंकुर में रचनाएँ तो महामारी से पहले की हैं लेकिन मुझे यह कहने में बिल्कुल संकोच नहीं है कि साहित्यिक रचनाएँ काल और परिस्थितियों में बंधी नहीं होती। रचनाएँ सार्वभौमिक और सार्वकालिक होती हैं। 'अंकुर' के इस अंक के संपादन और रूपाकार के लिए मैं डॉ. वीणा और समग्र 'अंकुर टीम' को बधाई देता हूँ। प्राचार्य के रूप में 'अंकुर' ई–पत्रिका का यह अंक आपके हाथ में सौंपते हुए मुझे जिस हर्ष का अनुभव हो रहा है उसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। आप सभी को मेरी बहुत–बहुत शुभकामनाएं!

प्राचार्य जी से अंतरंग बातचीत.....

यह हमारा सौभाग्य है कि हमें अपने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश अग्रवाल के साथ निरंतर संपर्क में रहने का अवसर मिला है। डॉ. अग्रवाल पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज के छात्र एवं प्राध्यापक रहे हैं और आज प्राचार्य पद पर आसीन हैं। आप दिल्ली विश्वविद्यालय के **गोल्ड मेडलिस्ट** छात्र हैं। वर्ष 2016 में पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज की अल्युमनाई एसोसिएशन ने आपको **'पी.जी.डी.ए.वी. रत्न'** की उपाधि से सम्मानित किया। वर्ष 2019 में अमृतधारा फाउंडेशन (जलगाँव, महाराष्ट्र) ने आपको **'साहित्य शिखर'** सम्मान प्रदान किया। प्राचार्य महोदय नवम्बर 2020 में दीर्घकालीन अकादमिक सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। **'अंकुर'** की छात्र संपादकीय टीम ने डॉ. अग्रवाल से विस्तृत अनौपचारिक बातचीत की जिसका एक प्रतिलेखन हम आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं:–

अर्पित : सर! हम सब आपसे बहुत प्रभावित हैं। हम आपसे आपकी प्रारंभिक शिक्षा और उसकी पृष्ठभूमि के बारे में जानने के इच्छुक हैं। कृपया सविस्तार साझा करें।

डॉ. मुकेश अग्रवाल : मेरी प्रारंभिक शिक्षा मेरठ शहर में हुई। मैं 9वीं कक्षा की परीक्षा देकर (1969) दिल्ली में शिफ्ट हो गया। मैं कक्षा में सदा सामान्य विद्यार्थी रहा। हमारी 8वीं कक्षा में बोर्ड की परीक्षा होती थी। बोर्ड में टॉप किया हो ऐसा भी कुछ नहीं था। 9वीं कक्षा में मेरे पास साइंस थी। दिल्ली आने के बाद मैंने आर्ट्स में एडमिशन लिया और मेरा एक साल निकल गया। 1970 में रामपुरा क्षेत्र में 9वीं में सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया। ये यात्रा धीरे–धीरे आगे बढ़ने लगी। मैंने 1973 में हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। तब हायर सेकेण्डरी था अब सीनियर सेकेण्डरी है। आजकल आप लोगों को एक साथ ज्यादा पढ़ना पड़ता है। उस स्कूल में 11वीं क्लास में पहली बार आर्ट्स में किसी की फर्स्ट डिवीजन आयी थी वह मैं ही था। 1975 में पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज (सांध्य) में मैंने हिंदी (ऑनर्स) में एडमिशन लिया। 1978 में बी.ए. करने के बाद 1980 में पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज से एम.ए. किया। कुल मिलाकर यही छोटी–सी कहानी है।

Kartik Gupta : Sir, as we are talking to you about your life, your love for Hindi literature is reflecting in your answers every now and then. You recently told us that you just had 8 students in your BA Hindi hons. Batch, clearly it was a less sought-after course in comparison to other courses. Could you please share what was it that drew you towards the world of Hindi literature?

Dr. Mukesh Aggarwal : It is a big coincidence. I do not have a clue why I chose Hindi literature. In 1973, I had initially taken an admission in B.com hons at Rajdhani College. But since I was an arts student, I did not enjoy

my time in b.com hons. So I left it. I had few friends here in PGDAV evening so I decided to come here. There were not many courses available at that time. I had to choose between Hindi honours and political honours so I decided to sign up for Hindi honours as I was scoring good in the subject of Hindi literature at my school. I believe that once you have taken up something you must give your best. Whatever course you have taken up you must excel in that. So once I took admission in Hindi honours I surrendered to it completely. Had I been in some other course I still would have given my hundred percent. That's what one must do without worrying about how successful he/she will be.

अर्पित : सर! आप इस महाविद्यालय के छात्र रहे हैं और आज प्राचार्य पद पर आसीन हैं। क्या आप प्राचार्य की कुर्सी पर बैठकर अपनी कक्षा की बैंच को याद करते हैं?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : हाँ! बहुत ज्यादा याद करता हूँ। कई बार तो लगता है कि मैं बैंच पर बैठा हूँ सामने हमारे प्राध्यापक बैठे हैं। कई बार पढ़ाते–पढ़ाते अपने प्राध्यापकों की याद भी आ जाती थी। हमारी क्लास ज्यादातर स्टाफ रूम के ऊपर वाले कमरे में होती थी या ट्यूट रूम में होती थी। हिंदी ऑनर्स में हम सिर्फ 8 विद्यार्थी थे। सभी प्राध्यापकों के साथ मेरे अच्छे रिलेशन थे और आज भी हैं।

सौरभ सक्सेना : सर! संघर्षों से भरे आपके जीवन में उतार–चढ़ाव का दौर भी आया होगा। जहाँ गलतियाँ भी हुई होंगी और अनुभव भी मिले होंगे। इन्हीं गलतियों और अनुभवों को साझा करने के लिए और समय–समय पर प्रोत्साहित करने के लिए किसी विशेष परिचित ने आपका साथ दिया होगा। हम उस परिचित के विषय में जानना चाहते हैं?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : प्राध्यापक बनने के बाद भी कई वर्ष तक संघर्ष ही रहा। जन्म लेने से वर्तमान तक ऐसा कोई काल नहीं रहा होगा जिसमें संघर्ष न हुआ हो। लेकिन हाँ घरवालों ने कभी हमें दुःख और तकलीफों को महसूस नहीं होने दिया। मैं 9–10 वर्ष की आयु से ही पिताजी के साथ काम में लग गया था। जितना समय मेरा पढाई में जाता था उतना ही समय पिताजी के साथ काम में लगता था। और यह क्रम स्नातक तक चला है। स्नातकोत्तर में आने के बाद काम का यह सिलसिला छूटा। आर्थिक संकट भी रहा लेकिन घरवालों के साथ ने कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि हम मुश्किल में हैं। हाँ, पर पिताजी ने यह कहा था कि बी.ए. हम करवा देंगे पर उसके बाद तुम जानो और तुम्हारा काम जाने। जैसे बाहर विदेशों में बच्चों के साथ होता है उन्हें 12वीं करने के पश्चात् छोड़ दिया जाता है, लेकिन यह होना भी चाहिए। इससे व्यक्ति का अनुभव और आत्मबल बढ़ता है। मन में सदा पढने का भाव रहा कि बस पढना है। उस समय बहुत ज्यादा कुछ सोचा नहीं। बी.ए. का परिणाम आने के बाद यह सोचा कि अब हम पढ़ाने जा सकते हैं। उससे पहले कभी हमने सोचा नहीं। (इस अवसर पर मैं अपने गुरुजनों का आभारी हूँ जिनका स्नेह और आशीर्वाद मुझे सदा मिला। अपने टीचर्स से मेरे बड़े ही आत्मीय संबंध रहे। घर–परिवार के सदस्य की तरह मुझे उन्होंने स्नेह दिया। इसलिए मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूँ।) कुल मिलाकर अपने से ही प्रतियोगिता रही। जैसे अगर इस बार मेरे 55% अंक हैं तो इसके बाद 60% आने चाहिए। यह नहीं कि दूसरे के 54% हैं तो मुझे 55% लाने चाहिए। मेरा विचार है कि हमें दूसरों से प्रतियोगिता नहीं करनी चाहिए। हमें स्वयं से प्रतियोगिता करनी चाहिए। इसलिए मेरे जितने भी सहपाठी थे चाहे वे स्कूलीय स्तर के रहे हो या कॉलेज स्तर के मैंने कभी उनके साथ प्रतियोगिता नहीं की। मैं कॉलेज की यूनियन से जुड़ा रहा जिसको कॉलेज में नेतागिरी कहते हैं। अपने ही कॉलेज पी.जी.डी.ए.वी. में मैं कल्चर सोसाइटी से भी जुड़ा रहा मगर बी.ए., एम.ए. और एम.फिल में प्रथम डिवीजन कायम रही।

रीमा : सर! सभी के जीवन में कोई ऐसी घटना अवश्य घटित होती है जो उसके जीवन को एक नयी दिशा देती है। ऐसी किसी घटना का स्मरण आपको भी रहा होगा जो आपको हर समय प्रेरित करती है। कृपया साझा करें।

डॉ. मुकेश अग्रवाल : नहीं, मुझे तो ऐसा नहीं लगता। जीवन तो सामान्य और सीधा ही बीता। परिवार में जो आर्थिक स्थितियाँ रही हैं वे अपनी जगह हैं लेकिन बहुत नाटकीय कुछ हुआ हो ऐसा मुझे स्मरण भी नहीं। लेकिन यह नौकरी मुझे संयोग वश मिली। प्राध्यापक के लिए चयन भी संयोग से हुआ। अर्थात फॉर्म भरा था और इंटरव्यू देने चले गए और बाद में चयन भी हो गया। मेरा पहला चयन खालसा कॉलेज में हुआ। न तैयारी थी और ना सोचा था कि चयन होगा परंतु चयन हो गया। लेकिन मन में तो इच्छा पी.जी.डी.ए.वी. की ही थी। हमारे पूर्व प्राचार्य मोहन लाल के साथ हम यहाँ पी.जी.डी.ए.वी. आ गये और मेरा 75% जीवन यहीं रहा है। इसीलिए जीवन में कुछ नाटकीय रहा हो ऐसा कुछ नहीं है लेकिन हाँ आशीर्वाद रहा सभी प्राध्यापकों का। तभी यह संभव भी हुआ।

रीमा : सर! जिस पद पर आप आसीन हैं उसके लिए आपने कड़ी मेहनत को अपना साथी बनाया। लेखन, आचार्य पद को एक साथ आपने कैसे संभाला, उन परिस्थितियों और संघर्षों को हम जानना चाहते हैं?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : जो भी आप करते हैं उसकी कीमत तो आपको देनी ही पड़ती है। जहाँ तक परिवार का संबंध है वो तो संभाला है मेरी पत्नी ने। उनका सहयोग ही था जिसके सहारे मैं आगे बढ़ता गया। मैं तो लगभग घर से बाहर ही रहता था। पढ़ते समय भी मैं घर में तो बहुत कम ही पढ़ा हूँ। मेरा ज्यादा समय लायब्रेरी में ही बीतता था। विवाह के पूर्व भी और विवाह के पश्चात् भी। तो लिखना–पढना कभी नहीं रुका। उसी क्रम में प्राचार्य पद संयोग–वश आ गया। लेकिन हाँ, यह है कि पढने के लिए इच्छा लगातार मन में रही और उस इच्छा के कारण से यह सतत पढना और लिखना जारी रहा। एक बात मैं जरुर कहना चाहता हूँ कि लेखन में तो एक स्वाभाविक झिझक पहले आपको होती है। जब

आप लिखना शुरू करते हैं तो पहला शब्द कैसा लिखा जाएगा, पहला वाक्य कैसा लिखा जाएगा, पहला पैराग्राफ कैसा लिखा जाएगा, यह भी एक कठिनाई होती है। चूँकि, अभी आप विद्यार्थी हैं इसलिए भी कह सकता हूँ जो आप लिखते हैं वह छपेगा या नहीं छपेगा यह मन में एक बड़ी झिझक रहती है। हमारा लिखा हुआ कौन छापेगा? इतनी बड़ी–बड़ी मैग्जीन निकल रही हैं और बड़े–बड़े लेखक वहाँ हैं। हमारा कौन छापेगा? अब जब हमारा कोई छापेगा ही नहीं तो हमें लिखना ही नहीं है हम लिखकर क्या करेंगे? यह एक झिझक और चिंता मन में होती है। इस झिझक को आपको निकालना चाहिए। जब हम लिखना शुरू करेंगे तो हो सकता है प्रथम प्रयास ठीक न लगे। उदाहरण के लिए यदि अपनी थीसिस उठाकर देखूँ तो लगेगा कि कितना 'इमैच्योर' लिखा गया है। इससे बेहतर लिखा जाना चाहिए था। अगर आप लिखेंगे तो आपको यह संतोष होगा कि आपने लिखा। आप उसको भेज कर देखिये एक जगह, हो सकता है ना छपे लेकिन वह छपेगा जरुर। धीरे–धीरे लेखन का अभ्यास बढेगा। मान लीजिए नहीं भी छपेगा तो क्या हो गया? लेकिन अगली बार लिखेंगे तो इससे बेहतर लिखेंगे। तो इस झिझक से हम सबको बाहर निकलना चाहिए।

Ananya Saraswat : As the principal of this college, what have been your top priority/priorities towards this institution?

Dr. Mukesh Aggarwal : As the principal of this college, my top priority has been the academic growth of the students. I understand the importance of co- curricular activities as well but academic excellence is what I have always looked up to. For this, building up of healthy teacher-student relationship is necessary. Students should be comfortable with their teachers in sharing both academic and non- academic problems, and the teachers should try to be a strong support, because only when this happens, a student can truly focus on his studies. A strong teacher-student relationship would also help the student develop his interpersonal skills. Apart from this, my other priority has been the beautification of the college infrastructure. I feel that if a student gets a positive vibe right after the entering the college gate, he would feel elated in the surrounding and would be able to focus on his studies in a better way. The infrastructure thus plays an important role in setting a positive mood.

सौरभ कुमार : सर! आप भाषा विज्ञान के विद्यार्थी रहे हैं। सर आपने भाषा विज्ञान पर कई पुस्तकें भी लिखी हैं। हिंदी भाषा के स्वरुप में आप भाषा वैज्ञानिक के तौर पर क्या बदलाव देखते हैं? हम भी भाषा के विद्यार्थी हैं इसलिए यह हमारे लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है।

डॉ. मुकेश अग्रवाल : इसमें भाषा विज्ञान का कोई रोल नहीं है। मैं भाषा विज्ञान का विद्यार्थी रहा हूँ ऐसा भी नहीं है। मैं तो हिंदी भाषा और साहित्य का विद्यार्थी रहा हूँ। एम.ए. में भाषा विज्ञान के नाम पर 4 पेपर होते थे। मैंने लिंग्विस्टिक में कोई डिप्लोमा नहीं किया। भाषा हमेशा ही परिवर्तित होती रहती है। परिवर्तन तो भाषा का सर्वोप्रमुख लक्षण है। अगर भाषा विज्ञान की बात आएगी तो मुझे थोड़ी–सी दर्शन के स्तर पर चर्चा करनी होगी। हम हर क्षण बदली हुई भाषा का प्रयोग करते हैं। इस क्षण आपने जो कहा अगले क्षण वह आप नहीं बोल सकते। इसलिए परिवर्तन तो भाषा का शाश्वत नियम है। भाषा के स्वरुप को यदि अखिल भारतीय स्तर पर देखना चाहते हैं तो आप देखेंगे कि इस देश में जितनी भाषाएँ थी वे धीरे–धीरे समाप्त हो रही हैं और कुल मिलाकर यह एक बड़ा खतरा है। आप समझिए कि पिछले 25–30 सालों में लगभग 600 भाषाएँ मर गईं। अभी लगभग 300–350 भाषाएँ समाप्त होने की ओर हैं क्योंकि उनके प्रयोक्ता नहीं हैं। उनके प्रयोग करने वाले कम होते जा रहे हैं। जो भी व्यक्ति समाज में रहता है उसकी एक प्रमुख बोली होती है परंतु उस व्यक्ति को जब आजीविका की खोज में या अन्य कारणों से अपने समाज के बाहर जाना पड़ता है तो उसके लिए नए क्षेत्र की भाषा का प्रयोग करना अनिवार्य हो जाता है। केवल अपनी भाषा से वह ना तो आजीविका ले सकता है ना ही अपने आप को सम्पन्न बना सकता है। जब वह बृहद् समाज में जाता है तब उसी समाज की भाषा का प्रयोग करता है और इस प्रकार धीरे–धीरे उसकी अपनी भाषा समाप्त होती जाती है। दुनिया की तमाम भाषाओं के लिए यह एक बड़ा खतरा है। आज जो स्थिति है उसके बारे में आप कह सकते हैं कि 'हिंदी' पैसे कमाने का तो साधन नहीं है। हिंदी पढने से व्यक्ति का सम्मान बढ़ता है ऐसी एक (फीलिंग) भी समाज में नहीं है। हिंदी पढने से रोजगार के अवसर बढ़ जायेंगे ऐसा भी नहीं है। इस बारे में मेरा मानना है कि आप हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत को पढ़ें। अगर आप उसमें उच्चतम (excellence) को प्राप्त करते हैं यानि उसमें आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं तो आपको कठिनाई कभी नहीं होगी। सच तो यह है कि हम एक दुविधा में रहते हैं– हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत की। जब भी हम चर्चा करते हैं तो कहीं न कहीं अंग्रेजी आ जाती है। इस दुविधा में ना हम इधर के रहते हैं ना उधर के रहते हैं। मैं हमेशा मानता हूँ कि हिंदी पढ़ने वालों को अंग्रेजी अवश्य पढनी चाहिए। मैं तो यह भी मानता हूँ कि आज के समय में दो विषय कॉलेज में अनिवार्य होने चाहिए एक अंग्रेजी भाषा और दूसरा कम्प्यूटर साइंस। आप जो भी विषय पढ़ें उसके साथ–साथ दो पेपर इन विषयों पर भी पढ़ें। आज के समय में इनके बिना आप बहुत आगे नहीं जा सकते। पी.जी. में जाना है या और आगे जाना है तो अंग्रेजी की आवश्यकता सदा रहेगी। लेकिन हिंदी पढ़कर हमारा सम्मान कम होता है यह फीलिंग अपने अंदर से हिंदी वालों के लिए निकालना जरुरी है। वरना तो आपके लिए सम्मान से जीना मुश्किल हो जायेगा।

जहाँ तक भाषा में परिवर्तन की बात है तो भाषा तो बदल ही रही है। अब चाहे उसमें अंग्रेजी के शब्द आ रहे हों चाहे अरबी,

फारसी के लेकिन एक तथ्य मैं महसूस करता हूँ कि समाज से जो चीजें खत्म हो रही हैं भाषा से भी खत्म हो रही हैं। जब प्रयोग ही नहीं बचेगा तो आप (प्रयोक्ता) कैसे उसका प्रयोग करेगा? उदाहरण के लिए यज्ञ से संबंधित शब्दावली से हम कितने लोग परिचित हैं? मान लीजिए यज्ञ में घी डालने के लिए जिस चम्मच का प्रयोग करते हैं उसे क्या कहते हैं? हमारे बच्चे उन वस्तुओं से परिचित नहीं हैं। यदि हमारे घरों में इनका प्रयोग होगा तो बच्चे भी जानने लगेंगे। ऐसे अनेक उदाहरण हैं। मान लीजिए संज्ञा की दृष्टि से 'पेजर' आया आप लोगों ने सुना, देखा वह बड़ी तेजी से आया और खत्म हो गया तो नई–नई आवश्यकताएँ है नई–नई वस्तुएँ इन्वेंट हो रही है। नए–नए शब्द आते रहते हैं, पुराने शब्द निकलते रहते हैं यह सब परिवर्तन है। यह परिवर्तन पॉजिटिव ही होता है इसमें नेगेटिविटी के लिए स्थान नहीं है। मेरा मानना है कि बहुत ज्यादा आग्रह इस बात का नहीं रखना चाहिए कि जिसको आप हिंदी की शुद्धता कहते हैं हिंदी की शुद्धता को दो तरह से प्रयोग करते हैं एक तो संस्कृत निष्ठ हिंदी बोलें तो हम कहते हैं बड़ी शुद्ध हिंदी बोल रहा है लेकिन संस्कृत निष्ठ का यह मतलब नहीं है कि वह शुद्ध है हो सकता है व्याकरण की दृष्टि से उसमें गलतियाँ हों। शुद्ध हिंदी होती है व्याकरण की दृष्टि से लेकिन भाषा में बहुत कठिन शब्दों का प्रयोग करने का मुझे नहीं लगता कोई कारण है। ऐसे ही आवश्यक एवं अनिवार्य तौर पर जो शब्द किसी भी भाषा के हिंदी में आ गए हैं उनको जबरदस्ती निकालकर उनकी जगह हिंदी के शब्द प्रयोग करने का भी मुझे नहीं लगता कोई कारण है। हाँ! सहज रूप में जो शब्द आ सकते हैं हिंदी में प्रयोग करके देखना चाहिए, चलता है तो ठीक है नहीं तो बहुत दुराग्रह नहीं है।

अर्पित : सर! आप उस दौर से के छात्रों और आज के दौर के छात्रों के समक्ष आने वाली चुनौतियों में क्या बदलाव देखते हैं?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : मुझे लगता है सब समय की बात होती है। उस समय जब मैं विद्यार्थी था कॉम्पिटीशन तो था, लेकिन उतना नहीं था। आज के छात्र के सामने कॉम्पिटीशन बहुत ज्यादा है। हम लोगों के सामने एक लक्ष्य रहता था– बी.ए. और एम.ए. कर लेंगे तो सरकारी नौकरी मिल जायेगी। काफी लोग तो बी.ए. करने के बाद ही नौकरी में लग जाते थे। हमारे माता–पिता की अपेक्षा होती थी कि बी.ए. करने के बाद छोटी–मोटी नौकरी मिल जाएगी। हम लोगों की भी यही अपेक्षा होती थी। सरकारी नौकरी की बड़ी इच्छा रहती थी। प्राइवेट जॉब तब पॉपुलर नहीं थे। आज मुझे लगता है कि प्राइवेट सेक्टर बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं सरकारी नौकरियाँ लगभग खत्म होने की स्थिति में हैं। प्राइवेट सेक्टर आपकी योग्यता देखता है, जैसा कि मैंने अभी कहा आजकल फर्स्ट डिवीजन बहुत ज्यादा आते हैं लेकिन इसका उतना महत्त्व नहीं रहा। आज महत्त्व प्रतियोगी परीक्षा का है। आपके मार्क्स 80–90% आ रहे हैं तो अच्छी बात है लेकिन अगर आप कॉम्पिटीशन परीक्षा उत्तीर्ण कर सकते हैं तो आप प्राइवेट में तो क्या कहीं भी जा सकते हैं। आज के विद्यार्थियों के सामने और भी कई चुनौतियाँ हैं। हमारे समय में ध्यान भटकाने वाले साधन कम थे आज आपके पास बहुत ज्यादा हैं। आज हमारा विद्यार्थी मोबाइल हाथ से छोड़ता नहीं। आज हम भी मानते हैं कि विद्यार्थी के लिए मोबाइल रखना आवश्यक है। टी. वी. भी एक साधन है मुझे लगता है पहले भी रहता होगा। फिल्मों का क्रेज भी बहुत हो गया है, मार्केट्स, मॉल हैं उनमें घूमने का शौक बहुत है। सोशल लाइफ में जितने बदलाव हैं उसको विद्यार्थी फेस करता है। आज वह पहले से ज्यादा सजग है, पहले से ज्यादा ध्यान देता है। सोसाइटी में क्या हो रहा है कहीं–न–कहीं उसके दिमाग में चलता रहता है। सोसाइटी के बदलाव भी उसके सामने रहते हैं। वह सब भी पढाई में कहीं न कहीं दखल देते हैं। मैं अपने बारे में कह सकता हूँ कि मैं रात को देर तक नहीं पढ़ा था, लगभग 10 बजे तक अपना काम निपटा लेता था। लेकिन आज के विद्यार्थी के बारे में मैं प्रायः देखता हूँ कि वे 2–3 बजे तक, देर रात तक पढ़ते रहते हैं। सुबह होने पर सो जाते हैं। शायद दिन में कई चीजें रहती होंगी जिसके कारण वे पढाई में ध्यान नहीं लगा पाते।

शिक्षा के क्षेत्र में नए–नए प्रयोग होते रहते हैं। शिक्षा पद्धतियाँ बदलती हैं। जैसे हमारे समय में internal assessment था वह नाम मात्र के लिए ही था। Internal assessment के अंक अंकतालिका में लिखे जाते थे लेकिन assessment में जुड़ते नहीं थे। आज के विद्यार्थियों को पता है कि उसके internal assessment के मार्क्स total marks में जुड़ेंगे इसलिए वे relaxed हैं। पहले internal assessment नहीं दी तो परीक्षा पास कर लेते थे। लेकिन अब अगर आपने एक बार internal assessment नहीं दिये तो अगले साल internal assessment नहीं दे पायेंगे। यह आपके फाइनल रिजल्ट को प्रभावित करेगा। आज मुझे लगता है कि थर्ड ईयर में आते–आते विद्यार्थी का फोकस चेंज हो जाता है। वह थर्ड ईयर की तैयारी करने की जगह किसी न किसी कॉम्पिटीशन की तैयारी करने लगता है। पी.जी. करना है तो उसकी तैयारी करने लगता है। यूनिवर्सिटी का सिस्टम लगातार चेंज होता रहता है कभी तीन साल की ग्रेजुएशन कभी चार साल की ग्रेजुएशन हो रही है। हम बार–बार प्राइवेटाइजेशन की बात करते रहते हैं कि प्राइवेटाइजेशन हो रहा है लेकिन सरकारी कॉलेज भी बहुत हैं जिनमें अच्छे विद्यार्थी भी पढ़ते हैं लेकिन सरकार के पास ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है जो विद्यार्थी को बाँध सके। यह सारी कवायद एक्सपेरीमेंटल बेसेस पर हो रही है। मुझे तो कई बार लगता है कि सरकार शिक्षा पर जितना खर्च करती है वह बहुत ही कम है। इस क्षेत्र में अन्य देशों के मुकाबले हम बहुत पीछे हैं। हम कहते हैं कि GDP का 6% खर्च हमारे देश की शिक्षा पर होना चाहिए लेकिन मेरे ख्याल से यह 1 से 1.5% ही है। सरकार शिक्षा पर खर्च को अपना खर्च मानती है जबकि शिक्षा के खर्च को इन्वेस्टमेंट मानना चाहिए।

Kartik Gupta : In what ways has the changing of the syllabus every year impacted the institution? And what is the driving force behind the change?

Dr. Mukesh Aggarwal : According to me, it is the government policies that are responsible for the continuous change of the syllabus. The task of designing the syllabus

is not taken by the government very seriously, which in turn poses a lot of problems both to teachers as well as the students. Low availability of study material and incomplete knowledge of the change to the teachers are the major issues faced. Yet, I think students should not be much affected by these changes in the syllabus as this change provides them with an opportunity to learn something new every year.

सौरभ कुमार : सर! आप शिक्षा के उस दौर से गुजरे हैं जब इंटरनेट जैसी सुविधाएँ नहीं थी। आज के विद्यार्थी के पास सभी सुविधाएँ हैं तो आपके अनुसार ये सुविधाएँ विद्यार्थी पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं या नकारात्मक?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : इंटरनेट का एक यह फायदा तो है कि आपको कोई भी चीज (रेडीमेड) मिल जाती है लेकिन इंटरनेट से कोई पूरी पढाई कर सकता है ऐसा मुझे लगता तो नहीं। कम से कम मैं तो नहीं पढ़ सकता। मैं अपने बारे में कह सकता हूँ कि मुझे किताब पढ़ना ही अच्छा लगता है। किताब सामने रखी हो तो अच्छा लगता है। आपकी पीढ़ी के बारे में मैं नहीं कह सकता हूँ क्योंकि आजकल ई–बुक्स होती हैं। आपकी लायब्रेरी में लाखों किताबें संग्रहित हैं लेकिन आप इंटरनेट से पढ़ते हैं। लेकिन आप मुझे कहें पढने के लिए तो यह मेरे लिए सबसे मुश्किल कार्य है और इसलिए अगर मुझे कुछ पढना भी होता है तो मैं इंटरनेट से पहले उसका प्रिंट–आउट लेता हूँ उसके बाद पढता हूँ। बचपन से हमने किताबें ही देखी हैं और हम किताबें ही पढ़ते आए हैं।

शशि : सर! आप भाषा के छात्र रहे। भाषा विज्ञान पर आपका शोध कार्य भी रहा। साहित्य के प्रति आपका अनुराग भी हमसे छिपा नहीं, आपके प्रिय लेखक कौन–कौन रहे हैं?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : साहित्य की दृष्टि से मुझे निराला पसंद हैं। मुझे निराला के व्यक्तित्व के बारे में और निराला को पढना दोनों ही पसंद हैं। जो गद्य लेखक हैं उनमें से मैंने मुंशी प्रेमचंद को बहुत पढ़ा है। उस समय के लेखकों में से मैंने मैथिलीशरण गुप्त, हरिकृष्ण प्रेमी, कमलेश्वर आदि साहित्यकारों को पूर्ण रूप से पढ़ा है लेकिन जो सप्राणता और जीवंतता मुझे निराला में मिली है वह और कहीं नहीं।

शशि : सर! अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त आपकी अन्य व्यक्तिगत रुचियाँ क्या रही हैं?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त मेरी कोई रूचि नहीं रही है। कॉलेज के शुरुआती दिनों में सेमिनार में मेरी रूचि थी तब शायद ही कोई सेमिनार होता था जिसे छोड़ने का मन करता था। उन दिनों खूब सेमिनार में उपस्थित रहे और जैसे–जैसे परिवार बढ़ा, दायित्व भी बढ़ता चला गया। जब ये सेमिनार भी बंद होते चले गए फिर घर बैठकर पढना–लिखना ही रूचि रह गई।

Ananya Saraswat : In today's world it doesn't matter how hard a student studies, how hard he/she concentrates but it is a fact that the number of people that fail in life are far greater than the number of people who succeed. So according to you, what is the best way to deal with failure and to cope up with it?

Dr. Mukesh Aggarwal : When I say that my top priority is academics, I don't mean to say that it is life. Academics is not life, it is just a part of life. So if a student thinks that if they fail in an exam then they fail in life, we must eradicate this mentality. Students should not indulge in negative thinking. I always said this to students and children around me, that, yes you must strive to score high but if you are not able to to get 90 or 95% then you should not lose hope. Just be happy with what you got and try to improve in the next one and even if you do not improve so what? Life does not end. All those students who came first or second are they all successful? And all those who did not top are they all failures? As a matter of fact, Most successful people in the world were actually not good in studies; Mahatma gandhi was an average student but he turned out to be a global political leader, most successful businessmen were also not toppers. Life doesn't end, it goes on...just give your best and leave the rest in the hands of almighty.

शशि : सर! सेवानिवृत्ति के उपरांत भविष्य के प्रति आपकी योजनाओं को जानने के लिए हम उत्सुक हैं।

डॉ. मुकेश अग्रवाल : सेवानिवृत्ति के उपरान्त अभी तो कोई योजना नहीं है लेकिन कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा तो घर नहीं बैठेंगे।

शशि : सर! विद्यार्थियों के लिए आपका क्या संदेश है?

डॉ. मुकेश अग्रवाल : आपका काम इस समय पढ़ना है। अपनी आखें खोलकर रखें। समाज में क्या हो रहा है उससे आप सभी अपनी नजरें मत चुराओ। आप अखबार, पत्रिकाएँ और किताबें पढ़ो। अपने टीचर्स के साथ विचार–विमर्श करो। जो भी स्थिति आपके सामने आती हैं उसका डटकर सामना करो। आपका उत्सुक प्रेक्षक होना बहुत जरुरी है। बहुत सारी चीजें हम देखते हैं और उन्हें नकार देते हैं। हमारे मन में सभी चीजों के प्रति जिज्ञासा होनी चाहिए। आपको अपने टीचर्स से अधिक से अधिक प्रश्न पूछने चाहिए। आपको पूरी ईमानदारी से काम करना चाहिए। भविष्य उज्ज्वल ही होगा। सफलता अवश्य मिलेगी।

आदरणीय प्राचार्य! आपने साक्षात्कार हेतु हमें समय दिया इसके लिए **'अंकुर'** की छात्र संपादकीय टीम की ओर से आपको बहुत–बहुत धन्यवाद! आपका जीवन और लेखन इसी उर्जा के साथ आगे जारी रहे इसी कामना के साथ आपका पुनः आभार!

अभिनंदन...

डॉ. कृष्णा शर्मा ने इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय से स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से प्रभाकर माचवे, धर्मवीर भारती के कथा साहित्य पर शोध कार्य किया। आपने 1996 में पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। आपने महाविद्यालय में 3 राष्ट्रीय संगोष्ठियों में संयोजिका व सह संयोजिका की भूमिका का निर्वहण किया साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सी.पी.डी.एच.ई. द्वारा आयोजित अभिविन्यास पाठ्यक्रम में संयोजिका के दायित्व का निर्वहण किया। कई विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों में विशेषज्ञ और वक्ता के रूप में आपकी भागीदारी रही। इस दौरान डॉ. कृष्णा शर्मा सृजनात्मक पुस्तकों के लेखन के साथ जनसत्ता, राष्ट्रीय सहारा, शोध दिशा, आधुनिक साहित्य, पाँचवां स्तम्भ, साहित्य अमृत इत्यादि पत्र–पत्रिकाओं में निरंतर रचनात्मक एवं आलोचनात्मक लेखन में सक्रिय रहीं। अपने इस कार्यकाल में डॉ. कृष्णा शर्मा एकाधिक बार विभागीय प्रभारी और महत्त्वपूर्ण समितियों की संयोजिका भी रहीं।

आज आप उप–प्राचार्या पद पर आसीन हैं। इस अवसर पर पी.जी.डी.ए.वी. परिवार की ओर से आपका अभिनंदन और शुभकामनाएँ!

संपादकीय

ऐसा प्रतीत होता है जैसे पूरा विश्व एक विचित्र शून्यता की ओर जा रहा है। वैश्विक प्रकोप ने पूरी मानवता के अंतर्मन को झकझोर दिया है। ज्ञान और विज्ञान भी लगता है शून्य पड़ गए हैं। अब प्रश्न यह नहीं है कि यह विभीषिका कब, कहाँ और कैसे उत्पन्न हुई? अब मुख्य लक्ष्य इस पर विजय प्राप्ति का है। प्रकृति के विधान को समझकर अपने आचरण में सुधार करना शायद समय की सबसे बड़ी माँग है। परिस्थिति की पाठशाला ही व्यक्ति को वास्तविक शिक्षा देती है। कोई भी समस्या स्थायी नहीं होती। सत्य है कि कठिन एवं असामान्य घड़ियों में जो अपने धैर्य और आत्मविश्वास को अविचल रखता है वही विषम से विषम समस्या और परिस्थिति से बाहर निकल सकता है। अंतर्मन में संघर्ष हो और फिर भी मुस्कुराता चेहरा हो– जीवन के रंगमंच पर यही मानव–जीवन का श्रेष्ठ अभिनय है।

इतिहास साक्षी है कि वर्तमान में फैली महामारी से भी अधिक भयंकर महामारियों को मानवता न केवल झेल चुकी है अपितु उन पर विजय भी प्राप्त कर चुकी है। विश्वभर के वैज्ञानिक, चिकित्सक, अनुसंधानकर्त्ता अपनी–अपनी सरकारों के सहयोग से इस प्रकोप का निदान खोजने में सक्रिय हैं। सुखद बात तो यह है कि अच्छे परिणाम आने के संकेत मिलने भी प्रारंभ हो चुके हैं। भारत ने एक विशाल जनसंख्या वाला देश होने के बावजूद प्रभावी कदम उठाए और स्थिति को नियंत्रण में रखने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की है। भारतीय जनमानस ने भी सरकार के साथ–साथ धैर्य और संयम बरतते हुए सहयोग किया। अभी ये विषम परिस्थितियाँ समाप्त नहीं हुई हैं। इसलिए निरंतर सकारात्मक सोच के साथ सब को मिलकर इनका मुकाबला करना होगा। रास्ता अभी लम्बा है।

वर्ष 2019–2020 के **'अंकुर'** की रूपरेखा, सामग्री–संचयन एवं साजसज्जा की प्रक्रिया इस महामारी से पूर्व हो चुकी थी। इसलिए वर्तमान की विकट विभीषिका से जूझने वाला मानसिक द्वंद्व, भय और असमंजस इन रचनाओं को छू भी नहीं पाया। ये रचनाएँ विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी उत्साह से परिपूर्ण होकर रचनात्मकता के विभिन्न पहलुओं को उजागर कर रही हैं।

इस अंक की निर्माण–प्रक्रिया में प्राचार्य डॉ. मुकेश अग्रवाल जी का दिशानिर्देश एवं अमूल्य समय हमें निरंतर मिलता रहा। मैं संपादक मंडल की ओर से उनके प्रति आभार प्रकट करती हूँ।

इस वर्ष महाविद्यालय के हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. कृष्णा शर्मा ने उपप्राचार्या का पदभार ग्रहण किया। डी.ए.वी. परिवार की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ। **'अंकुर'** की इस निर्माण–यात्रा में डॉ. कृष्णा शर्मा के मूल्यवान सुझावों एवं सहयोग के लिए संपादक मंडल की ओर से धन्यवाद।

संपादक मंडल के अपने सहयोगियों– डॉ. दिलीप झा, श्री रोहित कुमार, डॉ. मुकेश बैरवा, डॉ. मोना गोयल, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. चैनसिंह मीना का भी मैं धन्यवाद करती हूँ जिनके परिश्रम एवं सहयोग से पत्रिका का रूपाकार संभव हो सका। **''अंकुर''** को **''ई-अंकुर'** बनाने में डॉ. गरिमा गौड़ का उत्साह प्रशंसनीय है। उनके बिना यह कार्य दुष्कर था। अतः उन्हें बहुत–बहुत धन्यवाद।

इस यात्रा में छात्र संपादक मंडल का सहयोग उल्लेखनीय है। उन्हें साधुवाद। पत्रिका के सज्जापक्ष के लिए मैं **'आइरिस'** और **'इम्प्रेशन'** सोसाइटी के छात्र आकर्ष किचलू और नेहा का धन्यवाद करती हूँ।

2019–2020 का नया अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है।

डॉ. वीणा

संस्कृत खंड

विषय सूची

क्र. सं.	विषय		पृष्ठ सं.
1.	सम्पादकीयम्	— डॉ. दिलीप कुमार झा	15
2.	औपनिषदिक कल्याण मार्ग	— नागेन्द्र कुमार	16
3.	विश्वशान्तिः	— आकांक्षा पाठक	19
4.	मम प्रियकविः कालिदास	— अर्चना मिश्रा	20
5.	ऋतुराज वसन्त	— विकास मिश्रा	22
6.	स्वास्थ्यस्य रहस्यं व्यायाम	— सौरभ सक्सेना	23
7.	भारतीय संस्कारा	— संजना वर्मा	24
8.	शिक्षक	— बृजेश कुमार	25
9.	महर्षि पाणिनि	— विनीत चौहान	26
10.	ज्ञानं भारः क्रियां विना	— निकिता	27
11.	संस्कृत साहित्यस्य लेखिका	— शिवानी मेहरा	28
12.	ऋग्वेद में वर्णित उषा सूक्त	— रीमा हलदर	29
13.	परोपकाराय इदं शरीरम्	— संदीप कुमार	30
14.	यक्षयुधिष्ठिरसंवादः	— हेमन्त कुमार	31
15.	संस्कृत साहित्ये पर्यावरणम्	— ओमनारायण	32
16.	महर्षि दयानन्द	— राजेश कुमार	33
17.	कर्णस्य त्यागः	— राकेश कुमार पाल	34
18.	संस्कृतस्य ध्येय वाक्यानि	— धीरज सिंह	35
19.	अतिलोभो न कर्तव्य	— चेतन	37
20.	मूर्ख के लक्षण	— रंजीत कुमार	38
21.	चत्वारो वेदा	— मीनाक्षी	40
22.	उच्चारण स्थान का वैज्ञानिक आधार	— गौरव यादव	41
23.	संस्कृत में रोजगार की अपार संभावनाएँ : वर्तमान परिप्रेक्ष्य	— रोहित कुमार	42

सम्पादकीयम्

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।।

जगदिदं सुखदुःखात्मकम्। सुखानन्तरं दुःखम, दुःखानन्तरं च सुखम्। सुख-दुःखयोः परिवृत्त्या भुवनमेतद् विपद्यते। नहि लोके कश्चन् दुःखम् इष्टत्वेन कामयते। जराव्याधिशिर्णगात्रोऽपि दुःखं मृत्युं वा नाभिलष्यति, तर्हि कथमिव दुःखनिरोधः संभाव्यते। दुःखनिरोधस्यैक एवोपायः भुवने शान्तेः सद्धर्मस्य च संस्थापना। अत्रेदं विचार्यं यत् कथं मानव आत्मानं देवं मानवं दानवं वा कर्तुं प्रभवति। ऐहलौकिक-सुख-कामनया सहैव चेत् पारलौकिकी बुद्धिः स्यात्, जीवनान्तरे सुखाभिलाषश्च भवेत्, तर्हि न तथा मानवः पापाचरणे प्रवर्तेत। परहितविनाशनम्, परापकृतिसाधनम्, परार्थनाशनं च न केवलं दोषायैव, अपितु अपकर्तुरपि विनाशं साधयति। दुष्कृतं दुष्कृतं जनयति, सुकृतं च सुकृतम्। विद्वेषो विद्वेषं जनयति, विरोधो विरोधम्, कलहः कलहम्, युद्धं च युद्धान्तरम्। तथैव स्नेहः स्नेहं वर्धयति, प्रेम प्रेमभावनां जागरयति, सहानुभूतिः सहानुभूतिम्, सद्भावः सद्भावम्, ममता ममत्वं च। द्वयोरपि पक्षयोः परिणामः सुलभः। सामाजिकं राष्ट्रियं अन्ताराष्ट्रियं वा कार्यं यदि सहानुभूति-विश्वास-मूलकं स्यात् तर्हि तत् सुखदं समृद्धिकारि लोकहितकारि च सम्पद्यते।

प्राचीन भारतीय ऋषिभिर्महर्षिभिश्च सततमेवोदीरितं यत सर्व-भूत-हित-साधनम् अस्माकं लक्ष्यम्। तत्र राष्ट्रदेशादिभेदो विपज्जनक एव। यदा स्वार्थबुद्धिर्हीयते तदैव देवत्वं जागर्ति। सर्वेऽपि देशीया विदेशीया वा, एकस्यैव परमात्मनः पुत्राः। तत्र किं कारणं भेदप्रथनम्? यदाऽभेददृष्टिः प्रवर्तते, तदा जगदिदं स्वर्गमिव चकास्ति। न तत्र मोहः शोकादेरवसरः, न च तदा विजुगुप्सा विचिकित्सा वा बाधते। एकत्वबुद्धौ न दुःखाग्निलेशोऽपि, क्लेशलवोऽपि च। अतएव यजुर्वेदे उच्यते-

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्नेवानुपश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति।।
यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद् विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः।।

जीवनमेतन्न केवलं भोगार्थमेव, अपित्वात्मोन्नतेः प्रमुखं साधनम्। आध्यात्मिकी भावना मानवं देवत्वं प्रापयति। स सर्वेष्वपि जीवेष्वेकत्वं समीक्षते। सर्वत्रैकत्वदर्शनेन न मानवः शोकाभिभूतो भवति। स प्रतिपदमानन्दमनुभवति। निखिलमपि संस्कृतवाङ्मयं व्याप्तं भावनयाऽनया। भावनैषा चेतः प्रसादयति, आत्मानं मोक्षाधिगमं प्रति प्रेरयति। उपनिषत्सु गीतायां चास्या भावनाया वर्णितं विविधं महत्त्वम्। अध्यात्मप्रवृत्त्या प्रवर्तते मनसि सहृदयता सहानुभूतिरौदार्यादिकं च। मनुष्येण सदाऽनासक्तिभावनया कर्म कार्यमिति। कृतस्य कर्मणः फलावाप्तिः सुनिश्चिता। सत्कर्मणा पुण्यं, दुष्कर्मणा पापं प्राप्नोति। अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्। पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेनैव। मानवः कर्मानुसारं शुभं वाऽशुभं वा जन्म लभते। सुकृतं क्रियते चेत् सत्फलं लभ्यते, दुष्कृतं क्रियते चेत् कुफलं प्राप्यते। सर्वास्ववस्थासु कर्मणां फलमवश्यमवाप्यते। अतस्तादृशं कार्यं कार्यं यथा जीवने दुःखावाप्तिर्न स्यात्। दुश्चरितं मानवं दानवं विधत्ते, सत्कर्म मानवस्य मानवत्वं पोषयति। परहिताश्रयणं मानवं देवत्वं प्रापयति। जीवने देवत्वप्राप्ति-कामना स्यात् चेत् तर्हि एवमेव सर्वेषां व्यवहरणीयम्-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्॥

- डॉ. दिलीप कुमार झा

नागेन्द्र कुमार
सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग

औपनिषदिक कल्याण मार्ग

उपनिषद् ब्रह्मविद्या के श्रेष्ठ ग्रन्थ हैं। उपनिषदों का एक नाम वेदान्त भी है। 'वेदास्यान्तः वेदान्तः' वेदों का अन्तिम सिद्धान्त। वेदमन्त्रों का अर्थ दो प्रकार का है लौकिक और आध्यात्मिक लौकिक अर्थ द्वारा संसार के समस्त व्यवहार, सब विद्याएं, शिल्प कला कौशलादि का ज्ञान तथा आध्यात्मिक अर्थ द्वारा सत्यबोधा ब्रह्मज्ञान और ब्रह्मप्राप्ति का वर्णन है।[1] इसी का वर्णन अपरा विद्या तथा पराविद्या नाम से उपनिषदों में है।[2] पराविद्या का वर्णन करने वाली ग्रन्थ राशि ही उपनिषद् पदाभिधेय है।

व्युत्पत्ति के दृष्टिकोण से उपनिषद् शब्द ''उप'' और ''नि'' उपसर्ग विशरण'' ''गति'' और ''अवसादनार्थक'' शद्लृ'' धातु से क्विप् प्रत्यय करके सिद्ध होता है। धात्वर्थ के अनुसार जिसके द्वारा क्लेश और कर्म के बन्धन शिथिल होकर नष्ट हो जाते हैं और तत्त्वबोध के प्रति गति– ज्ञान, गमन और प्राप्ति होती है। उस ग्रंथ राशि को उपनिषद् कहा जाता है।

कठोपनिषद् में प्रेय ओर श्रेय दो मार्गो का वर्णन है जो पुरूष के बन्धनों का कारण हैं। प्रेय लोकोन्नति का मार्ग है तथा श्रेय आत्मोन्नति का मार्ग है। श्रेयमार्ग का ग्रहण करने वाले का कल्याण होता है तथा जो प्रेयमार्ग का संवरण करता है लक्ष्य से भटक जाता है वह मार्गच्युत् हो जाता है।[3] श्रेय और प्रेय दोनों मार्ग एक दूसरे से नितान्त विपरीत है। इनको अविद्या और विद्या नाम से भी उपनिषद् में कहा गया है। जो अविद्या अथवा प्रेयमार्ग का संवरण करते हैं, स्वयं को धीर और पण्डित मानते हैं, वित्त के मोह में नित्य रत रहते है और संसार के मोहजाल में पफंसे रहते हैं। वे जगत् में ऐसे ही चलाये जाते हैं जैसे अन्धे का हाथ पकड़कर कोई अन्धा ले जाता हो।[4] वे ही पुनः पुनः जन्ममृत्यु के बन्धन में पफंसते हैं।[5] यह प्रेयमार्ग जन्म जन्मान्तर का तथा अनेक प्रकार के क्षणिक सुख तथा अनन्त दुःखों का कारण है। श्रेयमार्ग ही श्रेष्ठ संवरणीय व मनुष्यों द्वारा ग्राह्य है।

अनन्त नित्य और पूर्ण सुख की इच्छा प्रत्येक मनुष्य का स्वभाव है यह स्वभाविक है किन्तु वस्तुतः सुख क्या है? छान्दोग्य उपनिषद् में नारद ने सनत्कुमार से पूछा है? सूखं भगवो विजिज्ञासे इति।[6] मैं सुख के स्वरूप को समझना चाहता हूँ। सुख के स्वरूप की अनुभूति का आभास भी विलक्षण ही है। संसारिक मनुष्य धन–ऐश्वर्य प्राप्त करने के लिए व्याकुल रहते हैं ऐसा प्रतीत होता है कि धनवैभव पाकर वह सुखी और सन्तुष्ट हो जाएगें किन्तु थोड़ी देर में प्राप्त हुए धन वैभव में कोई रूचि नहीं रहती। वस्तुतः सुख है ही नहीं। सत्य यह है कि जगत् की वस्तुओं में सुख नहीं है। जब तक हमें वांछित वस्तु अप्राप्त है तब तक उसको प्राप्त करने के प्रति गुरूतर अभीप्सा एवं तृष्णा है जब वह वस्तु प्राप्त हो जाती है तब हम उसके प्रति वितृष्णा से भर जाते हैं और नवीन वस्तु के प्रति आकृष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार वस्तुएं बदलती जाती हैं रूचियां बदलती जाती हैं तृष्णा अन्य वस्तुओं में रूपान्तरित हो जाती है और खिन्नता भी बनी रहती है। शान्ति आने नहीं पाती है। यही दुःख है। संसारिक मनुष्य समस्त संसार को प्राप्त करने के बाद भी असन्तुष्ट ही रहता है। मनोकामनाएं उच्च से उच्चतर होती हुई उसे मृगतृष्णा के अनन्त संसार में व्यस्त रखती है। सनत्कुमार ने नारद से कहा यह न्यूनता एक को छोड़कर दूसरे को प्राप्त करने की लालसा ही दुःख है। इस लालसा का समाप्त होना ही सुख है ''भूमा ही सुख है। अल्प में सुख नहीं है। भूमा को ही जानना चाहिए।''[7] नारद ने पूछा, भूमा क्या है? सनतकुमार कहते हैं–

भूमा वह है जिसमें अन्य को देखने का अवकाश नहीं अन्य को सुनने का अवकाश नही देखने सुनने जानने की इच्छा भी शेष नहीं रहती। जब तक अन्य को देखना सुनना और जानना है तब तक अपूर्णता रहती है। भूमा ही अमृत है अल्पता ही मृत्यु है।[8]

संसार में दो प्रकार की मनोवृत्ति वाले लोग रहते हैं– एक तो वे लोग हैं जो संसार के पदार्थों में सुख देखते हैं तथा एक वे हैं जो संसार की वस्तुओं की निस्सारता, परिवर्तनशीलता और क्षणभंगुरता को समझकर सारभूत तत्त्व को खोजने की चेष्टा में संलग्न रहते

हैं। पहले प्रकार के लोग किसी भी प्रकार की प्रतिष्ठा से सन्तुष्ट नहीं होते। ब्रह्माण्ड का राज्य भी उन्हें सन्तुष्ट नहीं कर सकता है।दूसरा ब्रह्माण्ड बनाने की बात भी सोच सकते हैं। किन्तु सन्तुष्टि का सृजन नहीं कर सकते हैं। दूसरे प्रकार के लोग सहजस्वभाव में भी सन्तुष्ट है।[9] महर्षि कणाद खेतों में विखरे पड़े अन्नकणों को बीनकर भोजन प्राप्त करते थे। राजा अन्नादि देते तो कह देते थे गरीबों में बाँट दो। यह भूमा की पराकाष्ठा है। इन्हीं महर्षि कणाद ने 'वैशेषिक' जैसे दर्शन की रचना की है जिसके प्रति बड़े–बड़े बुद्धितर्क विज्ञान विशारद भी नतमस्क हैं। भूमा में पहुँचकर जो सुख होता है वह क्षणिक नहीं होता। वहाँ किसी अन्य वस्तु की प्राप्ति की कामना नहीं रह जाती।[10] वह सुख किसी अन्य वस्तु के द्वारा बाधित नहीं होता है। भूमा में सतत शान्ति है। भूमा ही श्रेय है संपूर्ण है शाश्वत है। सनातन है।

नारद ने सनत्कुमार से पूछा भूमा का आधार क्या है? भूमा किसके आधार पर है? सनत्कुमार कहते हैं– भूमा को आधार की आवश्यकता नहीं है। वह अपनी महिमा से स्थित है। वह किसी के आश्रय से नहीं है। संसार के समस्त पदार्थ दूसरे के आधार से स्थिर हैं। दूसरे के आधार पर आधारित होना ही अल्पता है। भूमा में ऐसा नहीं है भूमा स्वयं अपना आधार है। वह स्वयं में ही प्रतिष्ठित है। वही ऊपर है, वही नीचे है, वही आगे है, वही पीछे है, वही दक्षिण है, वही उत्तर है, वही सबकुछ है। यदि इस भूमा को 'आत्मा' कहा जाय तो आत्मा ही ऊपर हैं, आत्मा ही नीचे है, आत्मा ही आगे है, आत्मा ही पीछे है, आत्मा ही सब कुछ है।

''यदि इस भूमा को चिदात्मा कहा जाये तो वही ऊपर वही नीचे, वही आगे वही पीछे, वही दायें, वही बायें, वही सब कुछ है। जो इस प्रकार जानता है वह अपने में ही रमण करता है अपने ही साथ रहता है अपने ही में आनन्द लेता हैं वही सम्राट है। सब लोकों में उसकी कामना पूरी होती है। जो इसके विपरीत जानता है उसका सब कुछ नष्ट होता है उसकी भावनाएं कहीं भी पूरी नहीं होती वह सदैव अतृप्त अनात्मकाम होता है। कहीं सुख नहीं प्राप्त करता है।

इस प्रकार भूमा, आत्मा, श्रेय, परा, ये सब एक ही हैं, जगत् को जीवन का ध्येय बनाना अल्पता है, प्रेय है, महर्षि याज्ञवल्क्य ने पत्नी मैत्रोयी को संभवतः यही सन्देश दिया था कि जगत् में किसी को कोई प्रिय नहीं होता सब को आत्मा ही प्रिय होता है इस लिए आत्मा को ही चिन्तन का विषय जानना चाहिए इसी को जान लेने पर अन्य सब जाना हुआ हो जाता है।[11]

हमारा स्थूल शरीर और अन्तः करणभूत सहितसूक्ष्म शरीर सब कुछ भौतिक है अचेतन है जड़ है। हम अभौतिक और चेतन हैं। चेतन को अन्न जल, वायु आदि की आवश्यकता नहीं है। भौतिक पदार्थों से अभौतिक को सजाया संवारा और शक्तिशाली नहीं बनाया जा सकता है। भौतिक पदार्थों से भौतिक पदार्थों की तृप्ति हो सकती है। अभौतिक ही नहीं शरीरादि हमारे साध्य नहीं है बल्कि साधन ही हैं। साधन गन्तव्य तक पहुंचाने के लिये हमारे सहयोगी होते हैं। कोई व्यक्ति जाने के उद्देश्य से गाड़ी में बैठे और बैठा ही रहे जाये जो अपना सर्वस्व साधन को माने आप उसे क्या कहेंगे? यही प्रेय का मार्ग है। साधन के द्वारा साध्य को सिद्ध कर साधन को तिलांजलि दे दे यही श्रेय का मार्ग है। साधन से हम पहले तो जहाँ जाना था जाते नहीं शरीर में ही रहते हैं इसे ही सजाते संवारते इसी के सुख की कामना करते रहते हैं जब साधन रूपी देह से बलात् उतार दिया जाता है तो रोते है। साधन कार्यसिद्धि के लिए है। अपना बनाने के लिए नहीं। अतः आत्मोन्नति का मार्ग ही कल्याण का मार्ग है। शारीरिक और मानसिक उन्नति उतनी ही अच्छी है जितनी आत्मोन्नति की साधक है। यदि शरीर और जगत् आत्मोन्नति में बाधक हो जायें तो सपफलता का सोपान बहुत दूर रह जाता है। अनन्त की प्राप्ति के संसाधन में अनन्त अवकाश हो जाता है।

भौतिक मन भौतिकता में ही संलग्न रहना चाहता है। आत्मोन्नति में नहीं यदि इसे आत्मा की ओर लगाना है बाहर से अन्दर बुलाना है, वश में रखना है तो इसके लिए उपनिषद् में मार्ग बताया गया है कि ''आहार की शुद्धि से सत्व की शुद्धि होती है। सत्व की शुद्धि होती है। सत्व की शुद्धि से स्मृति ध्रुव होती है और स्मृति के ध्रुव होने से सब ग्रन्थियां खुल जाती हैं''।[12] अर्थात सर्वप्रथम कर्त्तव्य है आहार की शुद्धि जो भी भोज्यसामग्री हम ग्रहण करते हैं वह धर्मपूर्वक अर्जित हो और उसमें से भी हम माता–पिता अतिथि और अधीनस्थों पत्नी, सन्तान, सेवक, पशु आदि का भाग निकाल कर ही सेवन करें। भोज्य सामग्री में किसी प्रकार की हिंसा की भावना नहीं होनी चाहिए। हमारा अर्थ और काम धर्माश्रित हो इसी कारण से घर पुरूषार्थों में वरीयता क्रम अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष होते हुए भी ऋषियों ने धर्मार्थकाममोक्ष ऐसा कहा है। धर्म आश्रित अर्थ और काम मोक्ष मार्ग के साधक ही होते हैं बाधक नहीं। अतः धर्मपूर्वक अर्जित अर्थ सबका भाग यथोचित निकालने के उपरान्त सेवन किया गया शुद्ध आहार यज्ञशेष बन जाता है। उपनिषदों में धर्म के तीन स्कन्ध कहे गये हैं। यज्ञ, अध्ययन और दान।[13] जो कुछ भी हम अर्जित करते हैं उसमें दैवी कृपा मानकर दैवमुख अग्नि में कुछ भाग समर्पित करना यज्ञ हैं। मुण्कोपनिद् में कहा गया है ''जब अग्नि की लपेट लाओ–लाओ ऐसा कहती हुयी प्रतीत हों तो श्रद्धापूर्वक आहूति देनी चाहिए।''[14]

तैत्तिरीयोपनिषद् में उपदेश देते हुए ऋषि कहते हैं कि जीवन में कुछ भी करना किन्तु अध्ययन और प्रवचन को मत छोड़ना।[15]

असतो मा सद्गमय

स्वाध्याय और प्रवचन जीवन के अभिन्न अंग हैं। मानव जीवन की सम्यक् समुन्नति का अनिवार्यसाधन स्वाध्याय है। तथा च जो हम कमाते हैं उसका दशांश लोकहित में संस्कृति सदाचार धर्म के प्रचार एवं रक्षा के हित व्यय करना 'दान' है। 'जो दान' नहीं करता वही नादान है और वह ना+दान अर्थात् कुछ प्रदान भी नहीं करता। देना लेना एक–दूसरे के पूरक कहे जाते हैं। जो देता नहीं वह ले भी नहीं सकता जो लेता नहीं वह दे भी नहीं सकता। ये तीनों यज्ञ अध्ययन और दान धार्म के स्तम्भ हैं। उसका सेवन करना आहार की शुद्धि होने पर स्मृति अटल होती है। स्मृति होने पर ग्रन्थियां खुल जाती हैं और ग्रन्थि खुल जाने पर श्रेय पथ पर चलकर मोक्षसिद्धि होती है यही औपनिषद कल्याणमार्ग है। इसका वरण करने से अज्ञान का आवरण हट जाता है। और हम मोक्ष का संवरण करने में समर्थ होते हैं। यही उपनिषदों का अमर संदेश है।

संदर्भ सूचीः–

1. द्र. महर्षिदयानन्दसरस्वती कृतऋग्वेदादिभाष्यभूमिका वेद विषय विचार प्रकरण
2. द्र. हवा विधे वेदितव्ये नए चौवापरा च। मुण्डकोपनिषद प्रथम
3. तयो श्रये आददानस्य साधुर्भवति हीयतेऽ्धीर्य उ प्रेयो मृणीते।। कठ 1–2–1
4. अविद्यायामन्तरे वर्त्तमानाः स्वयं मूढाः पण्डिम्मन्यमानाः।
   दन्द्रम्यमाणाः परिमन्ति मूढरा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः।। कठ 1–2–5
5. अये लोको नास्ति पर इति मामी पुनः पुनर्वशमापद्यते म।। कठ 1–2–6
6. द्र छान्दोग्य–7–22–1
7. सौवेभूमा तत्सुखम् नाल्ये सुखमस्ति भूमैव सुखं भूमा त्वैव विझि साहित्य इति। छान्दोग्य–7–23–1
8. यो वै भूमा तदमृतभथ यदलपम् तन्मर्त्यम्। छान्दोग्य 7–24–1
9. आत्मन्येवात्मनातुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते। गीता 2/55
10. प्रजहाति यदा कामान् सर्वानपार्थमनोगतान, 2/55
11. द्र. छान्दोग्य 7–25–2
12. अथात आत्मादेश ..... आत्मकीड आत्ममिथुन आत्मानन्दः स स्वराड् भवति तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति। छान्दोग्य 7–25–2
13. न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति। आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिहयासितत्व्यो मैजोयि आत्मानि खलु अरे दृष्टे, श्रुते, मते, विज्ञाते इदं सर्वं विदितम्। वृहदारण्यक. उ.
14. आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः सत्वशुद्धौ, ध्रुवा स्मृतिः स्मृतिलम्भे सर्व ग्रन्थीनां विप्रमोक्ष। छान्दोग्य 7–26–2
15. जयो धर्मस्कन्धाः यज्ञोऽ्ध्ययनं दानामिति। छान्दोग्य 2–23–1
16. यदा लेलायते ध्यर्चिः समिद्धे हव्यवाहने।
    तदाजयभागावन्तेरणाहुतीः प्रतिपादयेत्।। मुण्डकोपनिषद्–प्रथम मुण्डक
17. ऋतं च स्नाहयायप्रवचने य....स्वाह मायप्रवचने एवेति नाको मौद्गलयः। तद्विद्ध तयस्तद्धितपः। तैत्तिरीयोपनिषद 1–9–1

विश्वशान्तिः

आकांक्षा पाठकः
स्नातक संस्कृत प्रतिष्ठा, द्वितीय वर्षम्

सम्पूर्णा वसुंधरा एकं कुटुम्बकमिवास्ति, अखिलमपि विश्वस्य जना: पारिवारिका: सन्ति। जनै: महिं विभिन्नेषु भागेषु विभज्य अनेके विभिन्नराष्ट्राणां निर्माणं कृतम्। समस्ता मानवप्रजाति एकस्यैव प्रकृते: पुरुषस्य च सन्तति: सन्ति। भारतीय दर्शनशास्त्रानुसार प्रकृत्या पुरुषेन च सृष्टे: विकास: अभवत्।

विश्वशान्ते अर्थः अस्ति विश्वे सर्वत्र शान्तिः स्यात्। विश्वशान्तिः समेषामाधारः इत्यस्य तात्पर्यः यत् विश्वशान्तिरेव मानवजगतः विकासस्य मूलाधारः अस्ति। अस्मिन् लेखे संसारे वर्तमानस्य अशान्तिवातावरणस्य चित्रणं तत्समाधानोपायश्च निरूपितौ। देशेषु आन्तरिकी बाह्या च अशान्तिः वर्तते। तामुपेक्ष्य न कश्चित् स्वजीवनं नेतुं समर्थः। सेयम् अशान्ति: सार्वभौमिकी वर्तते इति दुःखस्य विषयः। सर्वे जनाः तया अशान्त्या चिन्तिताः सन्ति। संसारे तन्निवारणाय प्रयासाः क्रियन्ते।

वर्तमाने संसारे प्रायशः सर्वेषु देशेषु उपद्रवः अशान्तिर्वा दृश्यते। क्वचिदेव शान्तं वातावरणं वर्तते। क्वचित् देशस्य आन्तरिकी समस्यामाश्रित्य कलहो वर्तते, तेन शत्रुराज्यानि मोदमानानि कलहं वर्धयन्ति। क्वचित् अनेकेषु राज्येषु परस्परं शीतयुद्धं प्रचलति। वस्तुतः संसारः अशान्तिसागरस्य कूलमध्यासीनो दृश्यते। अशान्तिश्च मानवताविनाशाय कल्पते। अद्य विश्वविध्वंसकान्यस्त्राणि बहून्याविष्कृतानि सन्ति। तैरेव मानवतानाशस्य भयम्।

अशान्ते: कारणं तस्याः निवारणोपायश्च सावधानतया चिन्तनीयौ। कारणे ज्ञाते निवारणस्य उपायोऽपि ज्ञायते इति नीतिः। वस्तुतः द्वेषः असहिष्णुता च अशान्तेः कारणद्वयम्। एको देशः अपरस्य उत्कर्षं दृष्ट्वा द्वेष्टि, तस्य देशस्य उत्कर्षनाशाय निरन्तर प्रयतते। द्वेषः एव असहिष्णुतां जनयति। इमौ दोषौ परस्परं वैरमुत्पादयतः। स्वार्थश्च वैरं प्रवर्धयति। स्वार्थप्रेरितो जनः अहंभावेन परस्य धर्मं जातिं सम्पत्तिं क्षेत्रं भाषां वा न सहते। आत्मन एव सर्वमुत्कृष्टमिति मन्यते। राजनीतिज्ञाश्च अत्र विशेषेण प्रेरकाः। सामान्यो जनः न तथा विश्वसन्नपि बलेन प्रेरितो जायते। स्वार्थोपदेशः बलपूर्वकं निवारणीयः। परोपकारं प्रति यदि प्रवृत्तिः उत्पाद्यते तदा सर्वे स्वार्थं त्यजेयुः। अत्र महापुरुषाः विद्वांसः चिन्तकाश्च न विरलाः सन्ति। तेषां कर्तव्यमिदं यत् जने-जने, समाजे-समाजे, राज्ये-राज्ये च परमार्थ वृत्तिं जनयेयुः।

शुष्कः उपदेशश्च न पर्याप्तः, प्रत्युत तस्य कार्यान्वयनञ्च जीवनेऽनिवार्यम्। उक्तञ्च- ज्ञानं भारः क्रियां विना। देशानां मध्ये च विवादान् शमयितुमेव संयुक्तराष्ट्रसंघप्रभृतयः संस्थाः सन्ति। ताश्च काले-काले आशङ्कितमपि विश्वयुद्धं निवारयन्ति। भगवान् बुद्धः पुराकाले एव वैरेण वैरस्य शमनम् असम्भवं प्रोक्तवान्। अवैरेण करुणया मैत्रीभावेन च वैरस्य शान्तिः भवतीति सर्वे मन्यन्ते। भारतीयाः नीतिकाराः सत्यमेव उद्घोषयन्ति-

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥

परपीडनम् आत्मनाशाय जायते, परोपकारश्च शान्तिकारणं भवति। अद्यापि परस्य देशस्य संकटकाले अन्ये देशाः सहायताराशिं सामग्रीं च प्रेषयन्ति इति विश्वशान्तेः सूर्योदयो दृश्यते।

पदं हि सर्वत्र गुणैर्निधीयते।
गुणों के कारण मनुष्य सब जगह पहुंच सकता है।
Position is made worth by merit everywhere
(रघुवंशम्-३.26)

अर्चना मिश्रा
स्नातक संस्कृत प्रतिष्ठा, द्वितीय वर्षम्

मम प्रियकविः कालिदासः

कालिदासस्य समयः - कालिदासः संस्कृतसाहित्यस्य महाकविः वर्तते। सः विश्वस्य महापुरूषोऽपि विद्यते। तस्य कीर्तिः न केवलं भारतवर्षे अपितु समस्ते संसारे विस्तृता अस्ति। महाकवि कालिदासः संस्कृत साहित्ये अतीव लोकप्रियः अस्ति। संस्कृत साहित्याकाशे कविकुलगुरुः कालिदासः देदीप्यमाननक्षत्रवत् अस्ति। कविताकामिनीविलासः कालिदासः रससिद्धः कवीश्वरः संस्कृतकाव्यक्षेत्रे सर्वश्रेष्ठः अस्ति। तस्य स्थितिकालविषये विदुषां मध्ये मतवैभिन्न्यम् अस्ति। अस्यां स्थितौ अन्यकृतैरुल्लेखैः अनुमानेन च प्राचां कवीनां समयो व्यवस्थापनीयो भवति। अद्यावधि अन्वेषकाः अस्य कविकुलगुरुकालिदासस्य स्थितिकालविषये, जन्मस्थानविषये च अन्वेषणं कुर्वन्ति। अस्मादेव हेतोः कालिदासस्य समयसम्बन्धेऽपि मतभेदाः वर्तन्ते। सर विलियम जोन्स-महोदयः ई. पू. प्रथमशतके विक्रमादित्यस्य सत्तया तत्सभायां स्थितस्य कालिदासस्य स एव समयः संभवति। अतः ई. पू. प्रथमशतके विक्रमादित्यस्य सत्तया तत्सभायां स्थितस्य कालिदासस्य एव समयः संभवति। किञ्च- निश्चितः समयः अश्वघोषस्य, स हि कुणालनरेशकनिष्कसमकालिकतया प्रथमशताब्दीस्थितः। तत्काव्ये कालिदासस्य काव्यमनुक्रियमाणं वीक्ष्यते। रघुवंशे कुमारसम्भवे च विद्यमानं पद्यं बुद्धचरितेऽश्वघोषेण किञ्चिदेव विपर्यस्योपन्यस्तम्, अतः अश्वघोषात्पूर्ववर्ती सम्भवति कालिदासः। तदाभ्यां सम्भवप्रमाणाभ्यां कालिदासस्य ई. पूर्व प्रथमद्वितीयशतकसम्भवत्वं स्वीकर्तुं समर्थयन्ते।

कालिदासस्य देशः - कालिदासस्य को देश इति विषये महान् मतभेदः। केचिद् विद्वांसः अस्य जन्मस्थानं मिथिला मन्यन्ते। केचित् उज्जयिन्यां मन्यन्ते। केचन् काश्मीरान्, अपरे बंगान् च तद्देशमाहुः। वयन्तु पश्यामः - मालवगणमुख्यविक्रमादित्यसभास्थस्य कालिदासस्य मालवमुख्यनगरी उज्जयिनी एव स्थानम्। कालिदासस्य उज्जयिनीवर्णनपक्षपातोऽपि पक्षमिमं समर्थयते। कालिदासेन यया सूक्ष्मेक्षिकयावन्तीनां भौगोलिकी स्थितिर्मेघदूते निबद्धा सा तद्देशवासित्वे एव सम्भवति।

कालिदासस्य जीवनवृत्तम् - किंवदन्तीभिर्ज्ञायते यत् कालिदासो बाल्ये मूर्ख आसीत्। पण्डितानां छलेन प्रबुद्ध्या विद्यावत्या सह अस्य विवाहोऽभूत्। तयाऽपमानितश्च कालिकामाराध्य कविर्बभूव। कालिदेव्याः दासः कालिदासः इति नाम्ना प्रसिद्धो बभूव। पत्नीं द्रष्टुं गृहमागतश्च द्वारं पिहितं दृष्ट्वा 'अनावृतकपाटं द्वारं देहीति जगाद। अस्ति कश्चिद् वाग्विशेष' इति तया पृष्टश्च काव्यत्रयं रचयति स्म। कालिदासः त्यागसमन्वितमार्गस्य समर्थकोऽस्ति। कालिदासः आदर्शप्रियः, भारतीयसंस्कृतेः आराधकः, शाश्वत् सौन्दर्यस्य समर्थकः, सूक्ष्मतत्वानां ज्ञाता, प्रकृतेः पूजकः, श्रेयस्य साधकः, विश्वकविः आसीत्।

कालिदासस्य रचना - कालिदासः सर्वसंस्कृतकवीनामाग्रणीः इति सन्ते अभ्युपगम्यन्ते। सत्यमेव च कालिदासः भारतीय शेक्सपियर इत्याख्यायते। महाकाव्य-गीतिकाव्य-रूपकेतित्रिविधकाव्यस्य कर्ता कालिदासः आसीत्। कालिदासस्य सप्त ग्रन्थाः सन्ति। काव्यचतुष्टयं नाटकत्रयं च कालिदासरचितमिति। काव्यचतुष्टये- रघुवंशम् एकोनविंशतिः सर्गात्मकं महाकाव्यम्। अत्र रघोर्वंशस्य कथा निबद्धा। वायुपुराणे वर्णितरामवंशावल्या सह रघुवंशवर्णितरामवंशावली भूयसा सामञ्जस्य धारयति। न केवलं कालिदासस्य काव्येषु अपितु समग्रसंस्कृतसाहित्ये रघुवंशं उत्कृष्टमहाकाव्यं विद्यते। अस्मिन् काव्ये सर्वरसाणां

रमणीयपरिपाकं परिलक्ष्यते, अग्निवर्णस्य विलासवर्णने श्रृंगाररसस्य, युद्धवर्णने वीररसस्य, अजविलापे करुणरसस्य प्रधानता दरीदृश्यते। कुमारसंभवम् सप्तदशसर्गात्मकं महाकाव्यम्। कुमारसम्भवं कालिदासस्य कलायाः सुन्दरसृष्टिः विद्यते। अत्र शिवपार्वत्याः पाणिग्रहणस्य कुमारकार्तिकेयजन्मवर्णनं तारकासुरवधस्य च कथा वर्तते। मार्मिकभावाभिव्यञ्जनायां उदात्तकोमलकल्पनया प्राञ्जलपदविन्यासेन च एषा कृतिः अद्भुता खलु। बाह्यप्रकृतेः मनोरमचित्रणं कुमारसम्भवस्य महती विशेषता वर्तते।

एष ते राम गङ्गाया विस्तरोऽभिहितो मया।
कुमारसंभवश्चैव धन्यः पुण्यस्तथैव च॥

गीतिकाव्येषु - ऋतुसंहारम् षट्सर्गात्मकं 144 श्लोकात्मकं गीतिकाव्यम् अस्ति। ऋतुसंहारस्य षट्सर्गेषु षड्ऋतवः यथाक्रमेण वर्णिताः। अस्य भाषा प्राञ्जला, परिमार्जिता प्रवाहपूर्णा प्रसादगुणयुता च। द्वितीयः मेघदूतम्- कुबेरकोपभाजनयक्षस्य प्रणयकथा मेघदूतेऽस्ति। मन्दाक्रान्ता छन्दसि प्राकृतिकदृश्यैः सह मानवीया भावाः सूक्ष्मेक्षिकया पूर्वोत्तरनामकभागद्वये वर्णितम् अस्ति। नाटकेषु - मालविकाग्निमित्रम् पञ्च अंकात्मकं रूपकमस्ति। मालविकाग्निमित्रं नाम रूपके शुंगवंशीयस्य राज्ञः अग्निमित्रस्य मालविकया सह कृता प्रेमकथा एव निबद्धा। विक्रमोर्वशीयम् पञ्च अंकात्मकं रूपकमस्ति। विक्रमोर्वशीये पुरुरवस उर्वश्या सह कृता प्रेमकथा एव निबद्धा। माङ्गलिकप्रेमस्वीकृतिरेव लक्ष्यं गृहस्थधर्मस्येति कवेरुपदेशोऽत्र। अभिज्ञानशाकुन्तलम् सप्ताङ्कात्मकं रूपकमस्ति। भारतीयानां मते रूपकेषु तिलकायतेऽभिज्ञानशाकुन्तलम्। 'काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला' इति उक्तम्। अंगुलीयकदर्शनेन समाप्तऋषिशापो दुष्यन्तः शकुन्तलां स्वीकृत्य समोदमास्ते इति कथानकं सप्ताङ्केषूपनिबद्धं कविना।

प्रशासनिक सेवा- यह सेवा भारत की सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में एक है, जिसके प्रति युवाओं का रुझान सबसे अधिक होता है। पद एवं वेतनमान दोनों स्तरों पर इस सेवा में उच्च स्तर तक पहुँचा जा सकता है। केन्द्रीय स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग एंव राज्य स्तर पर राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा इसके लिए प्रतिवर्ष रिक्तियां निकाली जाती है। जो युवा संस्कृत से स्नातक, शास्त्री, आचार्य है, वे इसके लिए आवेदन कर सकते है।

सहायक व्याख्याता– देश भर के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन किया जाता है, जिसमें अध्यापन करने वाले सहायक व्याख्याताओं का चयन विश्वविद्यालय अथवा राज्य भर्ती बोर्ड के माध्यम से होता है. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET/SLET) तथा कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति परीक्षा (JRF) उत्तीर्ण छात्र इसमें चयन के लिए पात्र होते हैं। 25 तथा 73 दो कोड संस्कृत विषय हेतु नेट परीक्षा का आयोजन करते हैं।

अनुसन्धान सहायक- संस्कृत में शोध कार्य करने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र के शोध-संस्थान अपने यहाँ अनुसन्धान सहायकों की नियुक्ति करते हैं। इस पद के लिए अनिवार्य योग्यता संस्कृत विषय में परास्नातक अथवा विद्यावारिधि (Ph.D.) है। ये नियुक्तियाँ कहीं-कहीं पर वेतनमान और कहीं पर निश्चित मानदेय पर की जाती हैं।

प्रवक्ता अथावा पी.जी.टी.– देश भर में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत का अध्यापन किया जाता है, जिसमें अध्यापन करने वाले प्रवक्ताओं का चयन केंद्र एवं राज्य भर्ती बोर्ड के माध्यम से होता है। संस्कृत विषय से परास्नातक (एम.ए.) परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी इसके लिए पात्र होते हैं।

प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टी.जी.टी.)– देश भर में माध्यमिक विद्यालयों में कहीं अनिवार्य और कहीं ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत विषय का अध्यापन किया जाता है, जिसमें पढ़ाने वाले प्रशिक्षित अध्यापकों का चयन राज्य भर्ती बोर्ड अथवा केन्द्रीय विद्यालय संगठन, सी.बी.एस.ई. के माध्यम से होता है। संस्कृत से स्नातक परीक्षा (शास्त्री, बी.ए.) उत्तीर्ण और अध्यापन में प्रशिक्षण (बी.एड.) प्राप्त अभ्यर्थी इसके लिए पात्र होते हैं। इसके लिए समस्त राज्यों के शिक्षा विभाग

समय-समय पर इसकी सूचना प्रकाशित करते रहते हैं।

प्राथमिक अध्यापक– प्राथमिक स्तर पर अध्यापन के लिए देश भर में शिक्षकों की आवश्यकता रहती है, किसी राज्य में बारहवीं कक्षा तो कहीं स्नातक कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी शिक्षक-प्रशिक्षण के पात्र होते हैं। जिन छात्रों ने संस्कृत विषय के साथ विशारद या शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे भी इस प्रशिक्षण के लिए पात्र होते हैं।

आयुर्वेदिक चिकित्सक- वर्तमान में आयुर्वेदिक उपचार को काफी महत्व दिया जा रहा है। आयुर्वेदिक दवाई निर्माता कंपनियों की संख्या में इजाफा और विदेशों में भी इसका प्रचलन इस क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम खोल रहा है। देश में प्रत्येक नागरिक अस्पताल में कम से कम एक आयुर्वेदिक चिकित्सक का होना अनिवार्य कर दिया गया है। आयुर्वेद विज्ञान एक अद्वितीय चिकित्सा पद्धति है जिससे न केवल रोग ठीक होता है बल्कि व्यक्ति का उपचार भी होता है। बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (B.A.M.S.) भारत में चिकित्सा की एक डिग्री है। यह १२वीं कक्षा के बाद साढ़े पाँच वर्ष की अवधि में पूरी की जाती है, जिसमें एक वर्ष का इंटर्नशिप भी सम्मिलित है। बीएएमएस डिग्रीधारी व्यक्ति भारत में कहीं भी प्रैक्टिस कर सकता है। इस पाठ्यक्रम में शरीररचना विज्ञान, शरीरक्रिया विज्ञान, चिकित्सा के सिद्धान्त, रोगों से बचाव तथा सामाजिक चिकित्सा, विषविज्ञान, फोरेंसिक चिकित्सा, कान-नाक-गले की चिकित्सा, आँख की चिकित्सा, शल्यक्रिया के सिद्धान्त आदि का पठन-पाठन होता ही है, इसके साथ ही आयुर्वेद की भी शिक्षा दी जाती है। भारत में आयुर्वेदिक शिक्षा सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन (सीसीआईएम) द्वारा संचालित की जाती है। इसके लिए न्यूनतम योग्यता उच्च माध्यमिक (संस्कृत के साथ मान्य) या माध्यमिक (आयुर्वेदिक ग्रुप- भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और संस्कृत) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जो काउंसिल की शर्तें पूरी करता हो। बीएएमएस कोर्स के लिए न्यूनतम आयु 17 वर्ष है।

सेना में धर्मगुरु– भारतीय सेना में अधिकारी स्तर(JCO) का धर्मगुरु का पद होता है। जिन छात्रों ने संस्कृत विषय के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा निर्धारित शारीरिक मानदण्ड को पूरा करते हैं, वे इस परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होते हैं। सेना के भर्ती बोर्ड द्वारा समय-समय पर इस पद हेतु रिक्तियां निकाली जाती हैं।

अनुवादक- सरकारी प्रतिष्ठान और सामाजिक क्षेत्र के कुछ उपक्रमों में अनुवादक का पद होता है, विभिन्न भाषाओं में आये पत्रों तथा अन्य साहित्य के अनुवाद कार्य के लिए इस पद पर नियुक्ति की जाती है। स्नातक स्तर पर संस्कृत का अध्ययन तथा अनुवाद में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले छात्र इसमें आवेदन करने के लिए योग्य होते हैं। इस पद के लिए माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों के बराबर ही वेतनमान निर्धारित होता है.

योग शिक्षक– आज दुनियाँ भर में जिस प्रकार स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, उससे योग प्रशिक्षकों की मांग भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। संस्कृत के जिन स्नातकों ने गुरुकुल में योग का अभ्यास किया है और योगशिक्षा में कोई उपाधि प्राप्त की है, वे इस क्षेत्र में आसानी से रोजगार पा सकते हैं। सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी उपक्रमों में योग प्रशिक्षितों के लिए पर्याप्त मात्रा में रिक्तियां निकलती रहती हैं। आजकल बहुराष्ट्रीय संस्थाएं भी योग प्रशिक्षकों की सेवाएँ लेने लगीं हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है। पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया, जिसकी पहल भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण से की थी जिसमें उन्होंने कहा-

"योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है, विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। तो आयें एक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को गोद लेने की दिशा में काम करते हैं।" नरेंद्र मोदी, संयुक्त राष्ट्र महासभा

इसके बाद 21 जून को "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" घोषित किया गया। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अंदर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी दिवस प्रस्ताव के लिए सबसे कम समय है।

पत्रकार– पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना जाता है। भारत में यह फलता-फूलता उद्योग है, जो युवाओं के लिए न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध करता है, अपितु चुनौतीपूर्ण कार्यों के माध्यम से यश और प्रतिष्ठा भी प्रदान करता है। जिन छात्रों ने संस्कृत में स्नातक उपाधि प्राप्त की है तथा पत्रकारिता में प्रशिक्षण लिया है वे इस क्षेत्र में कार्य के लिए पात्र होते हैं। भाषा पर मजबूत पकड़ के कारण संस्कृत के छात्रों को अन्य प्रतियोगियों की अपेक्षा वरीयता प्राप्त होती है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में कार्य के अनेक अवसरों के साथ वेतन व सुविधाओं की यहाँ कोई सीमा नहीं होती है। डीडी न्यूज चैनल पर प्रतिदित संस्कृत वार्ता (समाचार) तथा विशेष कार्यक्रम वार्तावली का प्रसारण किया जाता है।

सम्पादक– किसी पुस्तक, पत्र–पत्रिका के प्रकाशन में सम्पादक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। संस्कृत के साथ ही हिन्दीभाषी क्षेत्र में पत्र-पत्रिका या पुस्तकों के प्रकाशन संस्थानों में सम्पादक का कार्य करने के लिए संस्कृत के अध्येताओं को वरीयता दी जाती है। इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र में अवसर हैं, जहाँ वेतन और प्रतिष्ठा की लिए असीम संभावनाएं हैं। इलेक्ट्रोनिक मीडिया के आ जाने के बाद यह क्षेत्र बहुत ही आकर्षक और चुनौतीपूर्ण हो गया है। आज अगणित पाण्डुलिपियों पर कार्य करने के लिए संस्कृतज्ञों की आवश्यकता है।

लिपिक– सरकारी क्षेत्र (कर्मचारी चयन आयोग एवं रेलवे आदि) में लिपिक संवर्ग में नियुक्ति के लिए बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। संस्कृत के वे छात्र जिन्होंने बारहवीं या विशारद परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे इस नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। पूरे वर्ष किसी न किसी विभाग में इस पद पर भर्ती के लिए रिक्तियां आती रहती हैं।

निजी एवं सामाजिक क्षेत्र–

लेखक– जिन छात्रों की साहित्य विमर्श एवं सृजन में अभिरुचि है, वे संस्कृत साहित्य से प्रेरणा लेकर लेखन कार्य कर सकते है। आजकल संस्कृत लेखन का क्षेत्र बहुत व्यापक है, जिसमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, विज्ञापन, रेडियो, टेलीविज़न आदि के लिए लेखन भी आता है।

ज्योतिषी– ज्योतिषी के रुप में भी अपना कार्यालय खोलकर जीविकोपार्जन की अपार संभावनाएँ है। अथवा किसी संस्था के साथ भी जुड़ा जा सकता है।

वास्तु सलाहकार- वास्तु सलाहकार के रूप में रोजगार का एक नया विकल्प उपलब्ध है। संस्कृत के स्नातक वास्तुविज्ञान में दक्ष होकर रोजगार का अवसर सृजित कर सकते हैं। वास्तुशास्त्र में कोर्स सरकारी विश्विद्यालयों से भी किया जा सकता है।

पुरोहित– भारत जैसे देश में जन्म से लेकर मृत्यु तक होने वाले सोलह संस्कारों एवं अन्य उपासना अनुष्ठानों में पुरोहित की आवश्यकता पड़ती है। इसके विशेषज्ञ पुरोहित वर्ग के लिए रोजगार का यह एक अच्छा विकल्प है। इस क्षेत्र में भी आय अध्येता के ज्ञान और कौशल पर आश्रित है। आजकल विदेशों में भी पुरोहित की बहुत माँग है।

प्रवाचक- भारतीय दर्शन और लोक जीवन की बेहतर समझ रखने वाले संस्कृत के अध्येता इस क्षेत्र में आकर सामाजिक कल्याण के साथ आजीविका के लिए श्रेष्ठ अवसर पा सकते हैं। इस क्षेत्र में यश और प्रतिष्ठा के साथ जीवनवृत्ति की अपार सम्भावनाएं हैं।

शिक्षाशास्त्री- संस्कृत ग्रन्थों एवं भारतीय दर्शन का गहन अध्ययन और उसमें निहित शैक्षिक मूल्यों की समझ रखने वाले अध्येता शैक्षिक क्षेत्र में उन्नयन का कार्य कर सकते है। नवीनतम शैक्षिक तकनीक और प्रविधियाँ के साथ बदलते समाज पर शोध और विमर्श करने वाले अध्येताओं को निजी क्षेत्र में बड़ी प्रतिष्ठा और आय के अवसर प्राप्त होते है। शैक्षिक एवं शोध संस्थानों के साथ-साथ अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए इनकी विशेष मांग रहती है।

दार्शनिक- दर्शन व्यक्ति से लेकर समाज और राष्ट्र तक की दिशा तय करता है। समाज में कुछ ऐसे प्रश्नों पर विमर्श करने, जिनके समाधान आम सामाजिक व्यवस्था और तन्त्र के पास नहीं होते हैं अथवा बदलते सामाजिक और वैश्विक परिदृश्य में परम्परागत मूल्यों के साथ नवीन जीवन दृष्टि का तालमेल बिठाने में दार्शनिकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए समाज में इन्हें सर्वाधिक प्रतिष्ठा प्राप्त है। इनके लेखों और व्याख्यानों से प्राप्त होने वाली आय उच्चस्तरीय जीवनयापन के लिए पर्याप्त होती है। इसके अतिरिक्त ऐसे अध्येताओं को औपचारिक रूप से कुछ संस्थानों में सेवा करने के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

समाज सुधारक- सामाजिक समरसता की स्थापना और समाज को जोड़ने में समाज सेवकों की बड़ी भूमिका होती है। छोटे-बड़े आयोजन हों या आपदा, गरीबों की शिक्षा–दीक्षा, स्वास्थ्य हो या अन्य ऐसे कार्य जिस ओर सुविधा सम्पन्न वर्ग का ध्यान नहीं जाता है, उस ओर समाज सुधारक कार्य करते हैं। समकालीन अव्यवस्थाओं और बुराइयों से समाज को बचाकर रखना, सत्ता और धर्म की स्थापनाओं को समाज के निचले तबके तक पहुँचाने का कठिन कार्य भी इन्हीं समाज सुधारकों का है। समाज में ऐसे लोगों की बड़ी प्रतिष्ठा है। कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं ऐसे लोगों के कार्य की सराहना करतीं हैं और बड़े-बड़े पुरस्कारों से उनका सम्मान करती हैं। ऐसे लोगों की जीवनवृत्ति सञ्चालन का दायित्व समाज अथवा स्वयंसेवी संस्थाएं स्वयं अपने ऊपर ले लेती हैं।

नेता- छोटी से छोटी लोकतान्त्रिक इकाई से लेकर प्रदेश और राष्ट्र में नेतृत्व और व्यवस्था बनाने का गुरुतर दायित्व नेता के कन्धों पर होता है। नेता समाज या राष्ट्र को जिस दिशा की ओर ले जाना चाहता है, जनता उसी की ओर उन्मुख होकर चलने को तैयार हो जाती है। इसलिए किसी भी राष्ट्र में नेतृत्व का शिक्षित और संस्कारी होना अत्यावश्यक है। भारत जैसे बहुल जनसँख्या प्रधान और विशाल देश में केवल राजनीति में ही नहीं अपितु प्रत्येक क्षेत्र में कुशल नेतृत्व की आवश्यकता है। संस्कृत के अध्येताओं से ये अपेक्षा रहती है कि वे जिस क्षेत्र में जायेंगे वहाँ पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे, इसलिए उनके लिए यह क्षेत्र भी खुला हुआ है। इस क्षेत्र में पद, प्रतिष्ठा, चुनौतियाँ, अवसर और कार्यक्षेत्र की कोई सीमा नहीं हैं।

अन्वेषक– पूरे संसार में इतिहास आदि के ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत संस्कृत साहित्य है। वेद, पुराण, रामायण और महाभारत से लेकर संस्कृत के ललित साहित्य में तत्कालीन समाज एवं व्यवस्था का चित्रण है। इतिहास, भूगोल, शासन व्यवस्था, व्यापार, कृषि, जलवायु, नदियाँ, बादल, ग्रह-नक्षत्र सबके बारे में संस्कृत के विशाल साहित्य में चर्चा मिलती है। इन तत्वों के बारे में विमर्श करना तथा समय की आवश्यकता के अनुसार इनका विश्लेषण करना अन्वेषकों का कार्यक्षेत्र है। नासा जैसी संस्थाएं इस पर महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहीं है। भारत में भी ऐसे विद्वानों की आवश्कता है, जो तथ्यों को जुटाकर उनकी प्रामाणिकता पर कार्य करें।

उद्योगपति- भारत जैसे विशाल जनसंख्याँ वाले देश में कल कारखाने लगाना बहुत ही लाभ देने वाला रोजगार माना जाता है। संस्कृत का अध्येता उद्योग लगाकर कितना प्रगति कर सकता है, इसका अनुमान पतंजलि प्रतिष्ठान जैसे उपक्रमों से लगाया जा सकता है। खान-पान, स्वास्थ्य, सौन्दर्य प्रसाधन पूजा सामग्री आदि ऐसे अनेक क्षेत्र है, जिसमें संस्कृत का ज्ञान सहायता करता है। भावनात्मक रूप से भी लोग इस क्षेत्र में आदर प्राप्त विद्वानों के उत्पाद प्रयोग करने में आगे देखे जाते हैं। इसके अतिरिक्त ऐसा कोई उद्योग-व्यापार नहीं है, जहाँ संस्कृत अध्येता के लिए अवसर न हो।

भारत स्थित संस्कृत विश्वविद्यालयों की सूची-

1. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी- 1791
2. सद्विद्या पाठशाला, मैसूर- 1876
3. कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा- 1961
4. राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति- 1962
5. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली- 1962
6. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली- 1970
7. श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी- 1981
8. नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, नेपाल- 1986
9. श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कालेडी- 1993
10. कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक- 1997
11. जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर- 2001
12. श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल- 2005
13. महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन- 2008
14. कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बंगलुरु- 2011
15. महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल- 2018
16. बाबा वैद्यनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, देवघर (प्रस्तावित)- 2020

हिंदी खंड

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

विषय सूची

संपादकीय .... डॉ. वेद प्रकाश एवं डॉ. चैनसिंह मीना........ 49

पद्य खंड 50

1. ढूँढ़ लो खुद को........................ सोनिया शर्मा................ 51
2. हाँ! मैंने देखा .... सोनिया शर्मा................ 51
3. आजादी के सिपाही .... प्रखर शुक्ला................ 52
4. पनाह ली........................ सचिन गुप्ता................ 52
5. फौजी की माँ........................ रितेश कुमार पांडे........ 53
6. माँ .... रितेश कुमार पांडे........ 53
7. पर्यावरण : संरक्षण........................ अर्पित गुप्ता................ 54
8. कैडेट : एन.सी.सी........................ अर्पित गुप्ता................ 54
9. 'मेरा अनुभव : एक समझ'......... अर्पित गुप्ता................ 55
10. ऊँचे अरमान........................ कोमल रैकवार................ 56
11. मैंने देखा है उसे........................ चंदन................ 57
12. पर्यावरण........................ हिना................ 58
13. तुम चलो तो सही........................ हिना................ 58
14. हमारा हिंदुस्तान........................ सत्यम यादव................ 59
15. मॉडल जमाना........................ किशन वीर................ 59
16. संस्थान गीत........................ वर्षा मीना................ 60
17. लिखना क्या है?........................ आकांक्षा शुक्ल................ 61
18. आतंक .... शुभम शर्मा................ 62
19. अमर जवान........................ शुभम शर्मा................ 62
20. कॉलेज स्टूडेंट .... शुभम शर्मा................ 62
21. हारी नहीं हूँ मैं........................ शालू त्रिपाठी................ 63
22. कृष्णामय........................ सौरभ सक्सेना................ 63
23. कश्मीर की इस घाटी में .... सपना बडाना................ 64
24. वो गुरु हैं........................ सपना बडाना................ 64
25. मेरी कविता, मेरा सहारा........................ सपना बडाना................ 64
26. मेरे कन्हैया........................ उपासना................ 65
27. मुखौटा .... गौरव त्रिपाठी................ 65
28. सफलता .... रीटा................ 66
29. कोई युद्ध अंतिम नहीं होता........ रीटा................ 66
30. जिंदगी बचाओ........................ निशा................ 67
31. प्लास्टिक एवं प्रदूषण........................ दिव्यांशु शर्मा................ 68
32. संविधान........................ टोनी टेकचन्द................ 68
33. धर्म एकता गीत .... शाज़िया लारी 69
34. भाषाओं से मोहब्बत........................ शाज़िया लारी 69
35. भारतीय सामाजिक दर्शन........................ शाज़िया लारी................ 69
36. काँटों से भी प्यार करो........................ शाज़िया लारी................ 69
37. पेड़ .... मनीषा................ 70
38. उम्मीद .... अमर जीत वर्मा................ 70
39. शैतानी .... प्रेम राजपूत................ 71
40. सोचता हूँ कि........................ प्रेम राजपूत................ 71
41. भारत की गाथा........................ सचिन................ 72
42. 'लड़कियों की जिंदगी आसान नहीं होती' .... सौरव................ 75
43. उस छोटी–सी जगह में .... मोहित राठौर................ 75
44. अड़े रहना, खड़े रहना........................ दिव्या................ 76
45. भारत माता और राखी........................ अरूण पोसवाल................ 76
46. ओ साँवरे!........................ उज्जवल गुप्ता................ 77
47. मेरी बहना!........................ उज्जवल गुप्ता................ 77
48. मेरा फौजी महान........................ देवकी................ 78
49. दुनिया .... गुलफसा................ 78
50. परेशानियां........................ गुलफसा................ 78
51. बेटी .... दीपिका................ 79
52. कोशिश कर........................ दीपिका................ 79
53. ऐ वक्त जरा धीरे चल........................ शशि................ 80
54. मदिरा पान........................ शशि................ 80
55. आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ........................ शशि................ 80

गद्य खंड 81

56. हिमाचल संदेश........................ सिमरन................ 82
57. क्लब : एक प्रयास........................ वर्षा मीना................ 83
58. एक महान व्यक्तित्व : लाल बहादुर शास्त्री........................ वर्षा मीना................ 84
59. आपसी प्रेम........................ वर्षा मीना................ 84
60. लज्जा आती है .... उपासना................ 85
61. माँ–बेटे की कहानी........................ जनू कुमार................ 85
62. पुस्तक समीक्षा........................ डॉ. रजनी जगोटा........ 86
63. गाँधी का स्वराज – 'साबरमती अभी दूर है... .... डॉ. कुसुमलता चड्ढा.. 87
64. एक थी स्टाफ एसोसिएशन ..... डॉ. बन्ना राम मीना...... 92
65. दिवंगत साहित्यकारों को विनम्र श्रद्धांजलि .... डॉ. संदीप कुमार रंजन..... 95
66. भारतीय शौर्य का प्रतीक – राष्ट्रीय युद्ध स्मारक........................ श्रीमती शीतल कुमारी.. 97

संपादकीय

"उठो, जागो और लक्ष्य पूरा होने तक मत रुको।"

सहृदयता और संवेदनशीलता सृजनात्मकता की पहली कसौटी होती है। दूसरे की वेदना के साथ खुद का तादात्मय स्थापित कर लेना ही संवेदना है, जिसके माध्यम से साहित्य की कोंपलें फूटती हैं। तभी तो छायावाद के प्रसिद्ध कवि सुमित्रा नन्दन पंत ने लिखा है– 'वियोगी होगा पहला कवि आह से उपजा होगा गान, निकलकर नयनों से चुपचाप वही होगी कविता अनजान'। साहित्य व्यक्ति को अपने अहं से दूर करता है और उसे विश्व मानवता से जोड़ देता है जो भारतीय सनातन परंपरा में प्राचीन काल से व्याप्त रहा है। भारतीय काव्य–परंपरा की सर्वप्रथम शुरुआत वैदिक ऋचाओं से होती है जो हजारों वर्ष की लंबी यात्रा करते हुए आज अनेक संदर्भों, आंदोलनों और विचारों से जुड़ती हुई विश्व–मानवता को विस्तृत आयाम प्रदान कर रही है। आचार्य शुक्ल जिस कविता साधना को 'कर्मयोग' और 'ज्ञानयोग' के समकक्ष मानते हैं उसकी पृष्ठभूमि में गीता का उपदेश अंतर्निहित है।

राष्ट्र को मजबूती प्रदान करने में युवाओं की मुख्य भूमिका होती है। जब संवेदनशील युवा नैतिकता और आध्यात्मिकता को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे तभी हमारा देश फिर से अपने खोए हुए 'विश्व–गुरु' के गौरव को प्राप्त करने में सफल हो पाएगा। और इसके लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाकर हम आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विवेकानंद जी ने कहा था कि 'जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।' स्वामी विवेकानंद हमेशा से भारतीय युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा था कि यह कभी मत कहो कि 'मैं नहीं कर सकता', क्योंकि आप अनंत हैं। आप कुछ भी कर सकते हैं। उठो, जागो और लक्ष्य पूरा होने तक मत रुको। स्वामी विवेकानंद कहते है– 'एक रास्ता खोजो। उस पर विचार करो। उस विचार को अपना जीवन बना लो। उसके बारे में सोचो। उसका सपना देखो, उस विचार पर जियो। मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, आपके शरीर के प्रत्येक भाग को उस विचार से भर दो। और किसी अन्य विचार को जगह मत दो। सफलता का यही रास्ता है'। स्वामी विवेकानंद हमें कर्तव्य के लिए प्रेरित करते है, जोखिम उठाने के लिए प्रेरित करते है। उनका यह कथन उस हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत हो सकता है जिसने जीवन में हारना नहीं सीखा और जो अपने लक्ष्य को अपनी सूझबूझ और परिश्रम से पाना चाहते हैं। 'आप जोखिम लेने से भयभीत न हो, यदि आप जीतते हैं, तो आप नेतृत्व करते है, और यदि हारते है, तो आप दूसरों का मार्गदर्शन कर सकते हैं'। निःसन्देह स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलकर ही हम 21वीं सदी के नायकत्व को भारत की ओर मोड़ सकते हैं।

'अंकुर' का यह अंक 'नवांकुरों' की रचनाधर्मिता से लबालब है। इनकी रचनाओं का कैनवास बहुत विस्तृत है जिसमें सहृदयता, मानवता, राष्ट्रप्रेम के साथ–साथ समकालीन तमाम समस्याओं की अनुगूँजें सुनाई पड़ती हैं। भाषा और शिल्प के स्तर पर भले ही इसमें थोड़ा कच्चापन झलक जाए लेकिन भाव में 'अनूठापन' सर्वत्र व्याप्त है। आशा है साहित्य के ये **'अंकुर'** भविष्य में पल्लवित–पुष्पित होकर विशाल वटवृक्ष का रूप धारण करेंगे।

शुभास्ते सन्तु पन्थानः!

डॉ. वेद प्रकाश
डॉ. चैनसिंह मीना

पद्य खंड

'अपने में सब कुछ भर
कैसे व्यक्ति विकास करेगा,
यह एकांत स्वार्थ भीषण है
अपना नाश करेगा।
औरों को हँसता देखो
मनु–हँसो और सुख पाओ,
अपने सुख को विस्तृत कर लो
सब को सुखी बनाओ।'

कामायनी, जयशंकर प्रसाद

"अधिकार खो कर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म हैय
न्यायार्थ अपने बन्धु को भी दण्ड देना धर्म है"

****

"निज शत्रु का साहस कभी बढ़ने न देना चाहिए,
बदला समर में वैरियों से शीघ्र लेना चाहिए"

जयद्रथ वध, मैथिलीशरण गुप्त

सोनिया शर्मा
बी. ए. (प्रोग्राम)

ढूँढ़ लो खुद को

ढूँढ़ लो खुद को
किनारों में बहारों में।
फिर पानी मिले ना मिले?
हम भी बह जाऐंगे।

ढूँढ़ लो खुद को
अँधेरों में, गलियारों में।
फिर रास्ता मिले ना मिले?
हम भी 'घुमाव' बन जायेगें।

ढूँढ़ लो खुद को
लताओं में लापताओं में।
फिर मंजिल मिले ना मिले?
हम भी बिंदू पर जायेगें।

ढूँढ़ लो खुद को,
पन्नों में, उन रंगों में।
फिर वर्णो (अक्षर) के वर्ण (रंग) मिले ना मिले?
हम भी विद्वान कहलायेंगे।

हाँ! मैंने देखा

उस राह को पनाह दो,
रास्ता दो
कभी आँखे किसी को हाथों से टटोलती हैं?
हाँ! मैंने देखा!
मैंने देखा, मैंने जाना
जीवन का वह राज पुराना।
वो आँखों से बोले
क्या है तुम्हारा ठिकाना।
नयन बंद है,
पर आँखें हैं खुलीं।
उस छाँव पर भी,
धूप है उजली।
मैंने देखा, मैंने जाना,
जीवन का वह राज पुराना।
पैंरो से नापे, हाथों से टटोले,
कितनी बेसब्री।
हाँ, शायद छाँव को धूप से धोले।।
मैंने देखा।

प्रखर शुक्ला
बी. एससी. (गणित)
तृतीय वर्ष

आजादी के सिपाही

नमन है कोटि बार,
तिरंगे की शान को।
तिरंगे के लिए दी गई,
हर एक जान को।।
तुमने जो दिया है,
वो सदा याद रहेगा।
जी भर के गायेंगे,
तुम्हारे योगदान को।।
अपनी जान को ले हाथ में
सबको हिला दिया।
स्वदेशी का देकर नारा,
यूँ चरखा चला दिया।।
दौड़ भागकर के तुमने,
जो सेना बनाई थी।
टुकड़ों में बँटे खण्ड से,
भारत बना दिया।।

सचिन गुप्ता
बी. एससी. (ऑनर्स) कम्प्यूटर सांइस
द्वितीय वर्ष

पनाह ली

रिश्ता सिर्फ दोस्ती का था
मोहब्बत ने ना जाने कब पनाह ली।
उसकी बातों पर सिर्फ हँसना आता था
मुस्कुराहट ने ना जाने कब पनाह ली।
उससे बदतमीजी करना आदत थी मेरी
तहजीब ने ना जाने कब पनाह ली।
तेरी जुल्फों को बिखेरना हसरत थी मेरी
उन्हें समेटने की चाहत ने ना जाने कब पनाह ली।
पहले सिर्फ मिलने के ख्याल थे
दूरियों ने ना जाने कब पनाह ली।

पुस्तकें वे साधन हैं, जिनके माध्यम से हम विभिन्न
संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं।
–सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन

रितेश कुमार पांडे
बी.ए. (आनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

फौजी की माँ

हाँ वह माँ नहीं रोती होगी
शायद रातों के अँधेरे में रोती होगी
वह माँ खुश होती हैं जिसका बेटा होता है मौज में
पर वह माँ कैसे हँसे, जिसका बेटा है फौज में
सबकी माँ देखती हैं सीरियल को
मगर फौजी की माँ देखती है न्यूज को
क्योंकि वो नहीं चाहती कि किसी न्यूज में,
उसका बेटा हो
सौ गम छुपाती है फौजी की माँ
अपना दर्द किसी को न दिखाती है वो माँ
जब देखती है सबको अपने बेटे के साथ
बस थोड़ा सा सहम जाती है वो माँ
उसकी घबराहट का कारण है बहुत बड़ा
शायद उसका बेटा खड़ा है जहाँ,
हर कोई नहीं रह सकता खड़ा
वह दिल में अपना देश लिए रखता है और
पर्स में अपना परिवार
क्योंकि हर किसी के बस की बात नहीं है
कि अकेला करोड़ों जिंदगियों की जिम्मेदारी ले रखी हो
तो ऐसा क्यों होता है कि वह खुशियों में अपनी
माँ के साथ न हो, और
वह दूर रहता है अपने परिवार से हमारे लिए
तो ये हो ही नहीं सकता, कि किसी बडे दिन
उस फौजी की बात न हो।

माँ

सदका भी दे दिया
और नजर भी उतार दी
दौलत, शौहरत, सुकून और चैन की नींद
सब मुझ पे वार दी
मैंने कल शाम बस यूँ ही कहा
कि मेरी तबियत खराब है
"माँ" ने पूरी रात
दुआओ में गुजार दी
खुशियाँ अपनी छोड़, पहले हमको खुशियाँ देती है
जन्नत की आशाएँ, कदमों में उनके होती है
एक बार को खुद भूखी रह ले,
पर हमको न भूखा रखती है
कोई और नहीं "माँ" वही होती है
जिससे कर सकते हैं दिल की बात
पर वह कभी हमसे नाराज़ नहीं होती है
ज़िंदगी के हर मोड पर जो खड़ी रही
कोई और नहीं "माँ" होती है
उसके आँचल में ममता का सागर है
जिसमें हमारी आशाएँ सोया करती है
जाने कैसे-कैसे करती है पूरे हमारे सपने
जिससे हमारे चेहरे पर खुशी रहा करती है
हर समय में, हर परिस्थिति में
हमारा साथ निभाती है
कोई और नहीं वो "माँ" कहलाती है।

मातृभाषा का अनादर माँ के अनादर के बराबर है।
जो मातृभाषा का अपमान करता है, वह स्वदेश भक्त
कहलाने लायक नहीं।

-महात्मा गाँधी

अर्पित गुप्ता
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
द्वितीय वर्ष

पर्यावरण : संरक्षण

प्रकृति का यह उपहार,
जन जीवन का अनमोल उपहार ।।
पर्यावरण का सक्रिय रूप,
जन जीवन का बनाता सुखद प्रारूप।।

वो ताजगी का पल, बहता-बहता
बताता भविष्य का कल।
प्रकृति का यह खूबसूरत अहसास,
प्रकृति की रंगत को करता
है कुछ खास।।

पेड़-पौधों, पर्वतों-पठारों, तालाबों-
नदियों, वन्य प्राणियों का
अदभुत जाल,
मानव जीवन को विकसित करता
बेमिसाल।।

पर्यावरण को संरक्षित कर करो उद्धार,
मानव जीवन का होगा समाहार।
यही हमारा जीवन है, यही
हमारा संसाधन, भण्डार,
इसी से हम जीवंत है, इसी
से बलवंत है, पर ना पड़ने देंगे
कभी ना इस पर बुरा प्रहार।।

पर्यावरण राष्ट्र का स्वाभिमान
और जान है,
यह आवश्यकताओं की पूर्ति की
दुकान है।
फल, सब्जियाँ, पेड़-पौधे जीवन
को खुशहाल बनाते हैं,
प्रकृति माता को वन्यप्राणी सुंदर
सजाते हैं।।

पर्यावरण की रक्षा करना हमारा
धर्म है,
यह, प्रत्येक नागरिक का सात्विक
कर्म है।
खेल-कूद का अदुभुत मंचन है,
यह जनता का अभिनंदन है।।

इसकी प्राकृतिक खूबसूरती की
रंगत बनाए रखना है,
विश्व को ऐसे ही सजाए
रखना है।

पेड़-पौधों का सृजन, जल
का आवरण
तभी तो कहलाएगा हमारा
राष्ट्र संपूर्ण पर्यावरण।।

कैडेट : एन.सी.सी.

एन.सी.सी. जवानों का पैगाम है
देश की सैन्य सेवा की जान है।।

मित्रों की मित्रता अनौखी होती है।।
हर दोस्त की यारी अटूट प्रतीत
होती।।

कैडेटों का रगड़ा और पगड़ा मित्रों
के साथ-साथ झेलते हैं,
खेल ही खेल में कठिनाईयों का
रूख खुशी-खुशी बाँट कर लेते हैं।।

डि: आई की जर्मन चाल,
हमारा करती है बुरा हाल।।
फिर भी चेहरे पर खुशहाली
झलकती है।।
हर कैडेट के दिल में देश भक्ति
की भावना धड़कती है।।

चलते-चलते परेड बीत जाती है,
यहीं से हर कैडेट की चाल फौजीनुमा हो जाती है।।
हर हर्षित फौजी की जान
में जान आती है
यह एन.सी.सी एक दिन
प्रत्येक खाकी की कीमत का
दाम बताती है।।
जोश और जुनुन का दीदार है,
प्रत्येक नौजवान का प्रत्याहार है।।

यही प्रत्येक खाकी वर्दी उसे
सम्मान प्राप्त करवाती है।।

अपने भाग्य के बजाय अपनी मज़बूती पर विश्वास करो।

–डॉ. भीमराव अम्बेडकर

"मेरा अनुभव : एक समझ"

जिंदगी जिया हूँ दो सिरों से,
कभी भी नहीं डरा किसी जीरो से।।

पहले तो सत्कार हुआ किताबी
कीडों से,
होशियार, और गँवार शब्दों के
दो सिरों से।।

समझा और परखा आजादी के
रंगीन दोस्तनुमा हीरो से।।

गँवार का नाम शिक्षक तंज कसके
लेता था,
हमारा अपना नियम भी शिक्षक को
फुल असुविधा देना था।।

परीक्षाओं में ध्यान अक्सर देता था,
खेल-खेल में अंग्रेंजी शब्द जमके दोस्तों
की खबर लेता था।।

यह हमेशा अनुभव रहा, किसी का
गुस्सा तो किसी का मज़ाक सहा,
दोस्तों का प्रोत्साहन परीक्षा में
फेल होने से बढ़कर रहा।।

पाँच बार फेल होकर भी कभी
हमने मुड़कर, दबाव ना देखा,

शिक्षक की सीख, कहो या डाँट,
कभी हाथ अपमान की नजरों से
ना सेका।।
दोस्तों जीवन के रंग में
कभी ऊपर नीचे का भेद मत
करना क्योंकि यही किसी
भी व्यक्ति को डुबाने में सहायक
है,
नंबरों का खेल ही इनका बेसुरा
गायक है।।

अंक केवल अव्वल करते हैं,
कला जीवन पर्याप्त व्यक्ति को सबल
करती है।।

जीवन जीना है तो कठिनाईयाँ झेलनी पड़ेंगी,
कठिन रास्तों को जीतने के लिए मेहनत
की होली खेलनी पड़ेगी।।

विद्यार्थी का जीवन परखने जैसा
होता है, जिसमें वह विकसित
होता है,
अपने तानों की धुन से जीवन
सुखद यात्रा की ओर सुनिश्चित होता है।।

दो पल की जिदंगी है
कुछ कर गुजर के खत्म करो,
किसी का क्या जाता है
लोगों को समझाने का उद्धम
करो।।

नुकसान से निपटने में सबसे जरूरी चीज़ है
उससे मिलने वाले सबक को ना भूलना, वह आपको सही मायने
में विजेता बनाता है।

–स्वामी विवेकानन्द

कोमल रैकवार
बी. ए. (प्रोग्राम)
प्रथम वर्ष

ऊँचे अरमान

बचपन से रोज़ वो दिन देखा है,
उठते, जागते-सोते बस उसकी चाह है,
दिल में भर कर उन सपनों को,
बस हासिल करना सीखा है।

सर्दी-गर्मी, धूप-छाँव,
किताबों में ही झाँका है,
दूसरों को सोता देख
बस रात भर खुद को जगाया है।

मेरे सपने केवल मेरे नहीं
सभी से जुड़े हैं, ऐसा लगता है,
इन्हीं को पूरा करने के लिए,
अँधेरों में भी पढ़ना सीखा है।

जिम्मेदारियाँ तो है बहुत,
पर सब कुछ पिता ने मुझ पर लुटाया है,
खून-पसीना बहाकर, रोज बस
मुझको इस मुकाम तक पहुँचाया है।

कहते हैं सब, सपने सच जरूर होते हैं,
बस मुझे ये तो पता नहीं,
लेकिन ऊँचे तो है मेरे अरमान,
जो होंगे एक दिन ज़रूर साकार।

पल-पल जिदंगी में,
रोज़ कुछ खोया, कुछ पाया है,
जाने-अनजाने में फुरसत से तो,
कभी खुद न आजमाया है।

समय की पाबंद होकर,
बस समय की कीमत पहचानी है,
बस कुछ तो करने की ठानी है।

दु:ख में सुख में बस खुद को खोजा,
खोज करके वो बस इतिहास रच दी,
नए भारत की शान बन गई।

टूटे पंखों के साथ भी,
मुडने की चाह है मन में,
सपने बहुत हैं पर,
पूरा करने का अरमान है मन में।।

आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, पर
आप अपनी आदतें बदल सकते हैं और निश्चित
रूप से आपकी आदतें आपका फ्यूचर बदल देगीं।

-ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

चंदन
बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास
द्वितीय वर्ष

मैंने देखा है उसे

समाज के इस मोड़ से लड़ते।
अपनी आखों को हाथों से मलते।
वीरानी रात में, बिना किसी बसेरे के।
तलाश रहा था तो कुछ, रात के अंधेरे में।
मन को मार कर, जीते देखा है उसे।
हाँ मैंने देखा है उसे।
उसकी आँखों में एक आशा थी।
कुछ पाने की अभिलाषा थी।
भूख उसके मन को जलाती।
खाली पेट के लिए, वो लोगों के सामने हाथ फैलाता।
एक दृश्य देख में हुआ अचंभित।
जिसने कर दिया मुझे, इस समाज से परिचित।
जिसे जरूरत कुछ भी नहीं।
उसे चढ़ाते छप्पन (56) भोग
भूख से तडप रहा था वो।
कैसे मूर्ख हैं ये समाज के लोग।
सर झुका कर रास्ते पर, चलते देखा है उसे।
हाँ मैंने देखा है उसे।
अपनी किस्मत को कोसता।
भूखे पेट को पकड़ कर सोचता।
कहीं से कुछ निवाला मिल जाए।
काश कोई जिंदा दिलवाला मिल जाए।
इस समाज में बड़े दिखावे।
पत्थर को दूध पिलाते हैं।
जब मिल जाए उसका सच्चा हकदार।
उसे दुतकार के भगाते हैं।
आधा खाते आधा फेंकते।
मिल जाता है अधिक जिसे।
उस फेंके हुए को खाकर।
जाते देखा है मैंने उसे।
हाँ मैंने देखा है उसे।
हुक-दुक (रेल) में बचपन बीत रहा
बैठे लोगों का मन ठीठ रहा।
नन्हीं-से हाथों में लकीरे समेटे।
फटे पुराने से वस्त्र लपेटे
हालातों ने की उस पर कैसी चोट।
थे बिखरे बाल और सूखे होंठ।
पर उसके ह्रदय में एक संतोष था
कुछ ना पाकर भी तो मुस्कुरा रहीं,
उसकी प्यारी मुस्कान में, सच में कुछ विशेष था।
जिम्मेदारियों के बोझ से दबते देखा है उसे।
हाँ मैंने देखा है उसे
अतीत में दबे उन मजारों को।
तुम चादर से कब तक और दबाओगे?
क्या सच में जरूरत है उसे? इन चारों की।
या
क्या तुम ठंड से उसे बचाआगे?
क्या कभी गौर किया उन लोगों पर
जो तुम्हारे ईश्वर के भरोसे बैठे हैं।
ठंड की मार को झेल-झेलकर
वे खुद के पैरों को मोड़ बैठे हैं।
सनसनाती तीखी सर्द हवाओं में
ठंड से सिसकते देखा है उसे।
हाँ मैंने देखा है उसे।
जिसने इस जहां को रोशन किया
क्या तुम उसके घर को रोशन कर पाओगे?
तुम उजाले में रहने वाले
अंधेरे के डर को कैसे समझ पाओगे?
तुम हिन्दू-मुस्लिम करने वाले
क्या इन मुद्दों पर भी गौर फरमाओगे?
तुम तो मोहरे बने हो सियासत के।
सच्चाई से खुद को वाकिफ कैसे कराओगे?
सूख गए वो आँसू उसके
जो उसके आँखों से टपके थे।
अंधविश्वास के चंगुल में फँस कर
आज तक तुम भटके हो जैसे कल तक तुम भटके थे।
पर फिर भी।
मन में संतोष के भाव को लेकर।
आगे बढ़ते देखा है उसे।
हाँ मैंने देखा है उसे
हाँ मैंने देखा है उसे............

हिना
बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी
तृतीय वर्ष

पर्यावरण

इंसान की सारी माया
पर्यावरण पर संकट लाया
देश को विकसित बनाया
पर्यावरण को खूब सताया

पेड़ पौधे नष्ट हो गए
पेड़ काट इंसान मस्त हो गए
अपने स्वार्थ को दिया बढ़ावा
पर्यावरण को खूब सताया

पंछी सारे लुप्त हो गए
इंसान सारे, सुस्त हो गए
इमारतें तो बहुत बनाया
पर्यावरण को खूब सताया

प्रदूषण को इतना बढ़ाया
पर्यावरण प्रदूषण की चपेट में आया
इंसानों को फिर भी समझ ना आया
पर्यावरण को खूब सताया

पर्यावरण की दुहाई
सुन लो पेड़ काटने वाले कसाई
पेड़ लगाओ, देश बचाओ
पर्यावरण को स्वच्छ बनाओ

तुम चलो तो सही

राह में मुश्किल होगी हजार
तुम दो कदम बढ़ाओ तो सही
हो जाएगा हर सपना साकार
तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही

मुश्किल है पर इतनी भी नहीं
कि तू कर ना सके
दूर है मंजिल लेकिन इतनी भी नहीं
कि तू पा ना सके
तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही

एक दिन तुम्हारा भी नाम होगा।
तुम्हारा भी सत्कार होगा
तुम कुछ लिखो तो सही
तुम कुछ आगे पढ़ो तो सही
तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही

सपनों के सागर में कब तक गोते लगाते रहोगे
तुम एक राह चुनो तो सही
तुम उठो तो सही, तुम कुछ करो तो सही
तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही

कुछ ना मिला तो कुछ सीख जाओगे
जिंदगी का अनुभव साथ ले जाओगे
गिरते पड़ते संभल जाओगे
फिर एक बार तुम जीत जाओगे
तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही

सत्यम यादव
बी. ए. (ऑनर्स) राजनीति शास्त्र
प्रथम वर्ष

हमारा हिंदुस्तान

शक्तिशाली इन रंगों में बह रहा फौलाद है।
शक्ति ही संकल्प अपना शक्ति ही बुनियाद है।
शक्ति है, और सामर्थ्य जिसमें वह देश हमारा हिन्दुस्तान है।
धरती देखी अंबर देखा-देखा सारा जहान है
काशी, मथुरा, अमृतसर, और जहाँ चार-धाम है।
सबसे प्यारा वह देश हमारा हिन्दुस्तान है।
खेतों में किसान और सीमा पर जवान है
जिनका हमारा देश करता पूरा सम्मान है।
जहाँ हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई मिलकर त्यौहार मनाते हैं।
सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा मिलकर गीत गाते हैं।
बहु संस्कृतियों वाला वह देश हमारा हिन्दुस्तान है।
हिमालय जिसका मुकुट और हिंद महासागर जिसका मान है।
राम श्री कृष्ण हनुमान जी का जहाँ जन्म स्थान है।
सबसे प्यारा वह देश हमारा हिन्दुस्तान है।
गाँधी आजाद भगतसिंह जैसे वीरों की जो भूमि है।
जहाँ के बजते गानों पर दुनिया सारी झूमी है।
जहाँ लक्ष्मीबाई की शक्ति और मीरा बाई की भक्ति है।
महाराणा और शिवाजी से जिसका स्वर्णिम इतिहास है।
सबसे प्यारा वह देश हमारा हिन्दुस्तान है।
जहाँ मेहमानों को भगवान माना जाता है
जहाँ गाय और नदियों को भगवान कहा जाता है
ऐसी सस्कृतियों और सभ्यताओं वाला
वह देश हमारा हिन्दुस्तान है।

किशन वीर
बीएससी (ऑनर्स) गणित
द्वितीय वर्ष

मॉडल जमाना

दो पन्नों की कॉपी लेकर कॉलेज पढ़ने जाते हैं।
ये ठाठ वाट उनके हैं, जो स्टूडैन्ट कहलाते हैं।।
माता-पिता के पैसे फूँके, शौक नये फरमाते हैं।
खा-पीकर पान-सिगरेट तम्बाकू, सड़कों पर शोर मचाते हैं।।
पढ़ा-लिखा नहीं खाक और पास की आस लगाते हैं।
रिजल्ट आउट होते ही वो, घर छोड़ भाग जाते हैं।।
तब होकर उदास माँ-बाप, पेपर में छपवाते हैं।
तुम जहाँ कहीं भी हो बेटा, हम तुमको पास बुलाते हैं।।
एडमिशन में चलता है, कम्पटीशन का जोर।
कम्पटीशन नहीं है अब, डोनेशन का शोर।।
यूनिवर्सिटी में लगती हैं, डिग्रियों की सेल।
पाँच हजार में फर्स्ट, तीन हजार में सैकेण्ड और मुफ्त में फेल।।
कॉलेज पढ़ने का टाईम नहीं, परीक्षा में मॉडल अपनाते हैं।
मॉडल शिक्षा, मॉडल स्टूडैंट, फिर मॉडल नम्बर आते हैं।।

हम भारतीयों के आभारी हैं, जिन्होनें हमें गिनना
सिखाया जिसके बिना किसी भी तरह की
वैज्ञानिक खोज नहीं हो पाती।

-अल्बर्ट आइन्सटीन



वर्षा मीना
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

संस्थान गीत

वह शक्ति हमें दो दयानिधि कर्त्तव्य मार्ग पर डट जायें।
पर सेवा पर उपकार में हम निज जीवन सफल बना जायें।
रेलों के संचालन में हम निज क्षमता का उपयोग करें।
जो लक्ष्य हमारे हैं प्रभु जी उनके हित में कुछ योग करें।
सुरक्षा हित में असुरक्षित विधियों से निश दिन दूर रहें।
ग्राहक संतुष्टि के हित में मृदु वाणी का रस बरसायें।
विश्वास प्रबंधन में करके इस पहिए को गतिमान रखो।
संरक्षित कार्य प्रणाली से हम मिलकर इसकी शान रखें।
नियमों आदेशों का हमको नित ध्यान रहे अभिधा रहे ।
जिस संस्थान में आये है उसकी गरिमा का मान रहे।
हम राष्ट्र प्रेम का भाव लिये सेवा में रेल की जुट जायें।
जिस अनुशासन में ढले यहाँ की जुट जाये।
जिस अनुशासन में ढले यहाँ उससे किंचित न हट पाये।।
वह शक्ति हमें दो दयानिधि कर्त्तव्य मार्ग पर डट जाये।
पर सेवा पर उपकार में हम निज जीवन सफल बना जायें।।

नोटः- ये गीत हमारे भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण द्वारा गाया जाने वाला गीत हैं ताकि रेल कर्मचारियों को सहानुभूति मिले।

जीवन सीखने का नाम है। हम सब आखिरी साँस
तक अगर चाहें तो कुछ-न-कुछ सीख सकते हैं।
-रामकृष्ण परमहंस

आकांक्षा शुक्ल
बी.ए. (प्रो.), प्रथम वर्ष

लिखना क्या है?

लिखूँ क्या अब मैं? लिखना क्या चाहती हूँ
पता नहीं मुझे खुद को कि बताना क्या चाहती हूँ।
मंजिल भी नहीं मिलती, ना मिले कभी रास्ता
दर-दर की ठोकरें भी बढ़ा देती हैं फासला।
अनजान इस दुनिया में, बस माँ-बाप ही हैं
जो अनपढ़ होकर भी सब सिखा देते हैं।
जिंदगी तो है बहुत बड़ी, जहाँ काँटे हैं कम नहीं
करने का कुछ सोचो तो, शब्दों में वो दम नहीं।
आज भी देखती हूँ मैं, उन लोगों को जहाँ
उनकी दुनिया भी किसी बेबस से तंग नहीं।
पढ़ो मत! बस समझो, मेरे एक अल्फाज को
जो झकझोंर कर पुकारती है, हर नई बात को।
वो ताकत कहाँ आज जो पहले हुआ करती थी
यह तो घोर कलयुग है, बेईमानों के सर ताज है
और बाकी सब जनता तो, खौफ़ से ही नाराज़ है।
बात बनने की जगह और भी मुड़ती चली गई
चूड़ी इतनी पड़ गई कि, समझने की जगह
और भी बात कसती व बढ़ती चली गई।
सोचा तो है कि कुछ करना है, पर इस देश का क्या
जहाँ हजारों घुसपैठियों के साथ, ये आतंकवादी हैं।
देश द्रोहियों को तो और भी जलील करना चाहिए
शब्दों से नहीं बल्कि, तलवारों से ही मारना चाहिए।
सत्य को, करेले का रस समझकर ही पी लिया करें?
तो शायद कभी झूठ के, मीठे स्वादों को ना चखना पड़े।
वायदे तो न जाने कितने किए जाते है, पर
उनमें वह बल कहाँ, जो लौट कर फिर आते हैं।
यहाँ शादियों में भी इतना लुटाया जाता है, और
जहाँ हर गरीब मजदूर, रोटी को चिल्लाता है।
करना तो है बहुत, कुछ लेकिन, सोचकर रह जाती हूँ
कि मंजिल कहाँ और करना क्या?
सपने भी कुछ कम नहीं, पंख बनकर उड़ने को तैयार
बस मज़हब कोई बताए, फिर किसका है इंतज़ार।
प्रकृति की खूबसूरती भी, कितना अच्छा तोहफा है
वो घर ही क्या? जो बेघर होकर महका है।
वो प्यार ही क्या जो, माँ के बिना मिले
यहाँ सारा संसार तो, माँ के आंचल में खिले।
फूल बनकर खिलना है, और करना है कुछ काम
काँटों को दूर भगाकर नहीं चाहिए ये आराम।
चाँद जैसा खिलना और सितारों जैसा चमकना है
सूरज की किरणों में, इन हवाओं के संग बहना है।
ना निर्गुण ना सगुण, ये तो प्रेम की अदभुत भक्ति है
जिसमें समाई देव व माँ-बाप की संपूर्ण शक्ति है।
दुनिया वाले जो भी सोंचे, उनका काम है सोचना
हम अपने कर्त्तव्यों पर बढ़ते चलें, नहीं है अब रूकना।
नाम एक दिन जरूर हम कमाऐंगे, करके
संहार दुश्मनों का बादशाह हम कहलाएँगे।।

जिस भाषा में बहादुरी, सच्चाई और दया के लक्षण नहीं होते,
उस भाषा के बोलने वाले बहादुर, सच्चे और दयावान नहीं होते।

–महात्मा गाँधी

शुभम शर्मा
बी. ए. (ऑनर्स) हिन्दी
द्वितीय वर्ष

आतंक

पुलवामा, कश्मीर, दिल्ली, मुम्बई!
अब सहेंगे कब तक?
पल-पल बढ़ता जा रहा है,
यह आतंकी मंजर। कब थमेगा,
कब रूकेगा यह खूनी खंजर,
जलती धरती जलता जीवन जलता है संसार,
बढ़ता ही जा रहा है यह खूनी बाजार।
कब तक जाती रहेगी मासूमों की जान,
क्या?
हम यूँ ही बैठे रहेंगें मूरत के समान!
आज आतंकी खंजर से खत्म हो रहा संसार,
रोको-रोको मत बढ़ने दो ये आतंकी जाल।
जागो-जागो,
उठो देशवासियो खत्म करो आतंक,
निभाना है निभाऐंगे हम अपना मूल कर्त्तव्य
आज खाते हैं कसम न बढ़ने देंगे आतंक,
जान की बाजी लगा देंगे न पीछे हटने
देंगे कदम।
पुलवामा, कश्मीर, दिल्ली, मुम्बई
आखिर कब तक यह आतंक सहेंगे हम!!

अमर जवान

खुशकिस्मत हैं,
वे लोग जो वतन के लिए मिट जाते हैं,
मरकर भी वो लोग अपने आप को अमर
कर जाते हैं,
अपने परिवार से दूर रहकर भी, लाखों
परिवारों की रक्षा कर जाते हैं,
करता हूँ उन्हें सलाम ऐ वतन
पर मिटने वालो।
तुम्हारी वजह से ही इस तिरंगे का
सम्मान बढ़ता है।
जय हिन्द!

कॉलेज स्टूडेंट

बारहवीं की परीक्षा देकर
कॉलेज में एडमिशन की लाइन लगते हैं,
एडमिशन पाकर कॉलेज में, बड़ा इतराते हैं,
दोस्तों के बीच अपनी धाक जमाते हैं।
देखकर कॉलेज का माहौल बहुत सपने सजाते हैं
देखकर कॉलेज में लड़कियों को बहुत मस्कुराते हैं,
शुरू में टीचर के लेक्चर बहुत रास आते हैं,
थोड़े दिनों बाद ही लेक्चर बंक मार कर खूब
मजे उड़ाते हैं,
दूसरों का असाइनमेंट कॉपी कर टीचर को दिखलाते हैं,
आती है जब परीक्षा तब भगवान से गुहार लगाते हैं,
कहते है इस बार पास करा दी, अगले सेमेस्टर से पढ़ेगें,
परीक्षा खत्म हो जाने के बाद फिर वैसे ही हो जाते हैं।

अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर माली होते हैं वे
संस्कारों की जड़ों में खाद देते हैं और अपने श्रम मे उन्हें
सींच-सींच कर महाप्राण शक्तियाँ बनाते हैं।

-महर्षि अरविन्द

शालू त्रिपाठी
बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी
द्वितीय वर्ष

हारी नही हूँ मैं

संघर्षों भरा जीवन मेरा,
पर हारी नहीं हूँ मैं।।
संघर्षों में कितनी तकलीफें दर्द से भरी थी,
पर हारी नहीं हूँ मैं।
लोगों ने जकड़ा और समेट दिया अकेलेपन में,
पर फिर भी हारी नहीं हूँ मैं।।
सबने झकझोरा बोला तेरी जिंदगी है तू लड़ ले अकेले,
उनसे भी बोला, हारी नहीं हूँ मैं।
खुद को सँभाला, आगे बढ़ाया, इस अनजानी भीड़ में,
उस भीड़ में भी हारी नही हूँ मैं।।
राहें अनजान थी, जिंदगी हैरान भी, परिवार का साथ
नहीं था, अपनत्व का भाव नहीं था, किसी से पहचान
नहीं थी, इन पर इन अनजानी उम्मीदों के बाद भी
हारी नहीं हूँ मैं।
आँसुओं को रक्त की तरह बहाया, दूसरों को खुश करने
में अपने गमों का जश्न मनाया था, पर उन जश्नों में
भी हारी नहीं हूँ मैं।।
मुस्कुराहट चेहरे पर नकली हो गई, आँखें आँसुओं से
नम हो गई, परछाईयों ने भी साथ छोड़ा पर सत्य तो
यही है कि इन तमाम बुराईयों और मुश्किलों
की वजह से ही हारी नहीं हूँ मैं।।......

सौरभ सक्सेना
बी. ए. (ऑनर्स) संस्कृत
द्वितीय वर्ष

कृष्णामय

राधा दौड़ी-दौड़ी आयी हर घड़ी,
ज्यों गोविन्द ने बजाई बाँसुरी।

निरि गोपियाँ भी मोह में पड़ी।
ज्यों गोविंद ने बजाई बाँसुरी।

हरी-भरी कुशायें मुरली धुन से सींची जाएँ,
मुरली धुन से सींची जाएँ,

पहनकर प्रेम राग का चोला
कल्पित फोटो खींची जाएँ,
कल्पित फोटों खींची जाएँ,

अनुराग से आसक्त सखियाँ ही बढ़ी,
ज्यों गोविंद ने बजाई बाँसुरी।

कानों को मुरली की मादकता ही चढ़ी,
ज्यों गोविंद ने बजाई बाँसुरी।

यह संभव है कि हम सबके पास बराबर
प्रतिभा न हो लेकिन अपनी प्रतिभा को विकसित
करने का हम सभी के पास बराबर मौका होता है।
-डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

सपना बडाना
बी. ए. (प्रोग्राम)
द्वितीय वर्ष

कश्मीर की इस घाटी में

कश्मीर की इस घाटी पर अब
झंडा हिंदुस्तान का लहराने वाला है
क्योंकि आतंकवाद का ये नाम
अब जल्द ही मिटने वाला है
हमने खोए चवालिस हैं
पर अब तुम्हारा यह
वतन ही खत्म होने वाला है
क्योंकि पीछे से किए हुए
तुम्हारे इस वार का जवाब
अब तुम्हें सामने से मिलने वाला है
अब तक बचते आए हो तुम
पर अब ईट का जवाब तुम्हें
पत्थर से मिलना है
बच न पाएंगे जो भी बैठे यहाँ
और दिया उन्हें सहारा है
कर दो शुरू उल्टी गिनती तुम
क्योंकि टाइम अब हमारा आने वाला है
और कश्मीर की इस घाटी पर
झंडा हिंदुस्तान का लहराने वाला है!!!

वो गुरु हैं

जो जिदंगी को एक
नई राह दिखा दे
और हर बुराई से
हमें बचा दे
वो गुरु हैं
हर मुसीबत को जो
आसान बना दे
और हर मुश्किल को
पार करा दे
वो गुरु हैं
जो हीरे की तरह
हमें तराश दे
और जिदंगी जीने का
एक तरीका सिखा दे
वो गुरु हैं
जो खुद कामयाब न होकर
हमें कामयाब बना दे
वो गुरु हैं!!!

मेरी कविता, मेरा सहारा

जब उदास होती हूँ
जब खुश होती हूँ
लेकर कलम लिख देती हूँ
जब दिल अकेला होता है
मन उम्मीदों से भरा होता है
लेकर कलम लिख देती हूँ
जब लोग साथ छोड़ देते हैं।
और अपने मुँह मोड़ लेते हैं
लेकर कलम लिख देती हूँ
मेरी कविता, मेरा सहारा
तुझे लिखकर
कर लेती हूँ गुजारा!!!!

जितना कठिन संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।

–विवेकानंद

उपासना
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

मेरे कन्हैया

रहमत की है लाखों पर
मेरी भी गिनती करले ना
अपनी मुरली की तानों से
मेरा भी मन तू हरले ना
रहेंगे खिदमत में खड़े हर पल
विश्वास तू प्रियतम कर लेना
स्नेह और प्यार से कान्हा
मेरी भी झोली भर देना
यकीन है हमको नहीं बिछडेंगे
बस एक बार हाथ मेरा पकड़ लेना

गौरव त्रिपाठी
बी.कॉम (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष

मुखौटा

कब तक लिफाफे देख-देख कर खत को तुम पढ़ते रहोगे?
मौत के खौफ में जी कर तुम जिंदगी से डरते रहोगे?
दिख रहा है जो भी तुमको सब एक धोखा है,
सच नहीं जो तुम्हें दिखा है, ये भी एक मुखौटा है।

दिखावे की इस दुनिया में सच किसी को मंजूर नहीं है,
या इस मायानगरी में सच का कोई वजूद नहीं है।
बंद कमरे में भी रोशनी का एक झरोखा है।
सच नहीं जो तुम्हें दिखा है, ये भी एक मुखौटा है।

फरेबी की जंजीरे बाँध कर तुम पूरी शिद्दत से भाग रहे हो
झूठे सपनों में रहकर तुम रातों में जाग रहे हो
पहचानों खुद को अब भी मौका है।
सच नहीं जो तुम्हें दिखा है ये भी एक मुखौटा है।

विद्यार्थियों का जीवन-लक्ष्य न केवल परीक्षा में उत्तीर्ण
होना, स्वर्ण पदक प्राप्त करना है अपितु देश सेवा की क्षमता एवं
योग्यता भी है।

– नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

रीटा
बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी, तृतीय वर्ष

सफलता

यदि विश्वास तुम्हें अपने पर,
तो तुम सब कुछ कर सकते हो
अपने साथ दूसरों के भी,
दु:ख दर्द सब हर सकते हो

जन्म सफलता का होता है,
जिस सुदृढ़ इच्छा शक्ति से
और सफलता भी मिलती है,
मेहनत लगन और भक्ति से

निश्चित सफल बनोगे तुम यदि,
पहले दृढ़ संकल्प बनाओ
इसके बाद राह तुम खोजों,
और राह पर बढ़ते जाओ

कभी-कभी आगे बढ़ने पर
असफलता भी आ सकती है
आगे बढ़ने वाले पग में
कंटक संद्यन विद्या सकती है

लेकिन ऐसा होने पर तुम,
फिर से दृढ़ संकल्प बनाओ
और बना मजबूत हृदय को,
तूफानों से जा टकराओ

जीवन को संघर्ष समझकर,
सघर्षों से मत घबराओ
जीवन भर संघर्ष करो तुम
अपना जीवन सफल बनाओ।

कोई युद्ध अंतिम नहीं होता

कोई युद्ध अंतिम नहीं होता,
न ही होती कोई शान्ति आखिरी
हर युद्ध के अन्तिम छोर पर
बंधी होती हैं।
हर लकीर शान्ति की
हर शान्ति में छुपी होते हैं
बीज युद्ध के।
कोई कर्म सम्पूर्ण नहीं
कोई प्रयत्न व्यर्थ नहीं
कोई क्रिया अन्तिम नहीं
फिर भी।
आवश्यक है अन्त तक
अंतिम क्रियाएँ भी
निरन्तर उतनी ही
जरूरी है जितना
धान का रोपना।

> मनुष्य मात्र में बुद्धिगत ऐसा कोई दोष नहीं है जिसका प्रतिकार उचित अभ्यास के द्वारा न हो सकता हो। शारीरिक व्याधि दूर करने के लिये जैसे अनेक प्रकार के व्यायाम हैं वैसे ही मानसिक रूकावटों को दूर करने के लिए अनेक प्रकार के अध्ययन हैं।
>
> -बेकन

निशा
बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी
तृतीय वर्ष

जिंदगी बचाओ

बदलें हम तस्वीर जहाँ की
सुन्दर सा एक दृश्य बनायें,
यह संदेश हम सब तक फैलाएँ
और पर्यावरण बचाएँ।

फैल रहा है खूब प्रदूषण
काट रहा मानव जंगल वन
हवा हो रही है जहरीली
कमजोर पड रहा है सबका तन,
समय आ गया है कि
मिलकर
हम सब कोई कदम उठायें
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ।
आओ पर्यावरण बचाएँ।

प्रयोग करें गाड़ी का कम हम
पैदल चलने पर दें जोर
थैले रखें हम कपड़े के,
प्लास्टिक को दें हम छोड़।
आओ हम यह सब को समझाएँ
आओ पर्यावरण बचाएँ।

हवा चाहिए शुद्ध ही सबको
पेड़ न कोई लगाता है
अनजाने में सब रोगों को
पास में खुद ही बुलाता है,
हरियाली फैलाकर आओ
सबको अब हम स्वस्थ बनायें
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ
आओ पर्यावरण बचाएँ।

मत व्यर्थ करो जल को
जल है तो अपना जीवन है
प्रकृति ने है जो हमको दिया?
सबको अनमोल यही धन है,
सब जीवों को मिले बराबर
इस उद्देश्य से हम जल बचाएँ
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ
आओ पर्यावरण बचाएँ।

माता है ये धरती हमारी
हम सब इसका सम्मान करें
क्यों बिगड़ रहे हालात हैं इसके
इस बात का हम ध्यान करें,
भला हो जिससे सभी जनों का
आदत, हम सब वह अपनाएँ
संदेश यह हम सब तक फैलाएँ
आओ पर्यावरण बचाएँ।

जो मनुष्य लोगों के व्यवहार से ऊब कर क्षण प्रतिक्षण अपने मन बदलते रहते हैं, वे दुर्बल हैं–उनमें आत्म–बल नहीं।

–सुभाषचन्द्र बोस

दिव्यांशु शर्मा
बी. ए. (ऑनर्स) इतिहास
प्रथम वर्ष

प्लास्टिक एवं प्रदूषण

देख तेरे संसार की क्या हालत हो गई है भगवान्
चारों तरफ प्रदूषण फैला रहे हैं इंसान।

प्लास्टिक का उपयोग करने से धरती प्रदूषित कर रहे हैं इंसान
दम घुट-घुट कर मर रहे हैं इंसान।
देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई है भगवान्
चारों तरफ प्रदूषण फैला रहे हैं इंसान।

लोगों को समझ नहीं आ रहा है इसका नुकसान
कितना घातक है इसका अंजाम,

हर जीव-जंतु मर रहा है भगवान चारों तरफ बीमार है इंसान।
देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई है भगवान्
चारों तरफ प्रदूषण फैला रहे हैं इंसान।

न ही ये मिट्टी में नष्ट होती है, न ही वातावरण को
शुद्ध करती हैं, फिर भी लोग इसका उपयोग कर रहे है भगवान्

चारों तरफ प्रदूषण कर रहे हैं इंसान।
देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई है भगवान्
चारों तरफ प्रदूषण फैला रहे हैं इंसान।

टोनी टेकचन्द
बी. ए. (ऑनर्स) संस्कृत
द्वितीय वर्ष

संविधान

मैं भारत का संविधान हूँ
बताता अपनी पहचान हूँ
मैं भारत का संविधान हूँ......

मैं भारत के लोगों से शुरू तो होता हूँ
मैं भारतीय तक पहुँच नहीं पाता हूँ
संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतंत्र बनाना चाहा
जो भी नेता मेरी खाता वो मुझे नजर जाता

सोचा मैंने सब मिलकर भारत बढ़ाएंगे
क्या पता था अलग-अलग धर्म में बट जाएँगे

मैं बात तो सबसे हम की करता
पर हम में मेरे कोई नहीं आता

काश तुम मुझे मन से अपनाते
तो संसद के बाहर मुझे न जलाते

मैं भारत का संविधान हूँ
बताता अपनी पहचान हूँ
मैं भारत का संविधान हूँ

कवि और चित्रकार में भेद है। कवि अपने स्वर में
और चित्रकार अपनी रेखा में जीवन के सत्य और
सौन्दर्य का राग भरता है।

–डॉ. रामकुमार वर्मा

शाज़िया लारी
बी. ए. (ऑनर्स) हिन्दी
तृतीय वर्ष

धर्म एकता गीत

ये हिन्दू ये मुसलमान मेरे मन में नहीं विचार।
मेरा धर्म सिखाता मुझको सब धर्मों से प्यार।।

मैंने पढ़ी कुरान और है मैंने पढ़े पुराण
मेरे लिए मौलवी पंडित दोनों एक समान।।

मेरे मन में मंदिर मस्जिद दोनों का है मान।
मेरे मन में ईश्वर अल्लाह दोनों एक समान।।

मैंने ईद, दीपावली, होली, लोहड़ी यहाँ मनाई।
यहाँ हिन्दू और मुसलमान हम सब हैं भाई-भाई।।

भाषाओं से मोहब्बत

मैं उर्दू की बेटी हूँ, जिसे हिन्दी ने पाला है।
अगर उर्दू की रोटी है, तो हिन्दी का निवाला है।

मुझे हैं प्यार दोनों से मगर यह भी हकीकत है।
और जब हिन्दी से मिलती हूँ, तो उर्दू घर बुलाती है।।

यहीं की बेटियाँ दोनों, यही पर जन्म पाया।
शिकायत ये इन्हें हिन्दु और मुस्लिम क्यों बनाया है।।

मुझे दोनों की हालत एक सी मालूम होती है।
कभी उर्दू पे बंदिश है, कभी हिन्दी पे ताला है।।

भले अपमान हिन्दी का, या हो तौहीन उर्दू की।
खुदा की है कलम हरगिज शाज़िया ये सह नहीं सकतीं।।
मैं दोनों के लिए लड़ती हूँ, और दावे से कहती हूँ।

मैं दोनों के लिए लड़ती हूँ, और दावे से कहती हूँ।
मेरी हिन्दी भी उत्तम है, मेरी उर्दू भी आला है।।

भारतीय सामाजिक दर्शन

जब बनाने वाले ने बनाने में न फर्क किया।
फिर क्यों इंसान को इंसान ने बाँट दिया।।

धर्म, जाति पर झगड़ना सब बेकार की बातें हैं।
इस छोटी सी बात को क्यूँ हम समझ न पाते हैं।।

आकर इन्हीं बातों में फिर क्यूँ आपस में टकराना हैं।
बनकर इसी मिट्टी से इसमें ही मिल जाना है।।

खत्म कर इन भेदभावों को जिसने यह सब फर्क किया।
जिससे क्यों इंसान को इंसान ने ही बाँट दिया।।

न जाने क्यों लोगों ने इस फर्क को अपनाया है।
अपना जिनको बनाया था आज उनकी ही ठुकराया है।।

इन झगड़ों में पड़कर किस-किस ने क्या-क्या खोया है।
जिसको इसका हुआ अंदाज़ा वह अंदर ही अंदर रोया है।

पर अब रोने से न काम चले, हिम्मत से ही बात बने।
कर हिम्मत और दिखा दे दम, हैं एक ही हिन्दुस्तान के हम।।

अपने भेदभाव के झगड़ों से न इस धरती को बेकरार करो।
बल्कि इसकी विविधता में एकता वाली शान को बरकरार करो।।

काँटों से भी प्यार करो

तूफानों से डरना छोड़ो,
बहती नदियाँ पार करो।
दिल खोलकर पैर फैलाओ,
चादर का विस्तार करो।।
राम-रहीम, अशफाक, भगत सिंह,
हम सब हिन्दुस्तानी है।
मिलकर बैठों साथ रहो सब,
धरती काश्रृंगार करो।।
धरती-अंबर चाँद-सितारे,
उनकी कोई जात नहीं है।
छाडों सब नफरत की बातें,
खुशबू का व्यापार करो।।
हर मौसम है प्यार का मौसम,
सुख-दुख तो आते-जाते हैं।
दीप जलाओ, अमर प्रेम का,
दूर घना अंधकार करो।।
नयी चेतना नयी उमंग से,
नव युग का निर्माण करो।
फूलों की तो बात अलग है,
काँटों से भी प्यार करो।।

मनीषा
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

पेड़

एक ओर थी छाया उसकी
दूसरी और धूप
पेड़ नहीं था फल का वह
पर था सबके जीवन का वह।
शाखा उसकी मोटी-मोटी
जिन पर थी झूलों की रस्सी
पर ना था झूले पर कोई
सूनेपन से मन मार गई।
गलती मेरी मैं न जानू
क्यूँ अकेला सा खड़ा हूँ।
हरा भरा तो हूँ
फिर क्यूँ अकेला खड़ा हूँ।
बच्चे आते, देखकर चले जाते
क्योंकि फलों का पेड़ उनका मन लुभाते।
किसी पेड़ में फल लगे थे किसी में लगे फूल
मुझसे लगी हरी पत्तों की बेल।

अमर जीत वर्मा
बी.ए. (प्रोग्राम)
तृतीय वर्ष

उम्मीद

बड़ा ही पक्का शब्द है उम्मीद,
किसी सुत पर किसी पिता का,
किसी शिष्य पर किसी गुरुवर का,
बड़ा ही आज वाला शब्द है उम्मीद।

किसी प्रेमी का प्रेम-विश्वास है उम्मीद,
कहीं बहन की रक्षा का सूत्र है उम्मीद,
कहीं दोस्ती की कसौटी है उम्मीद,
बड़ा ही तेज वाला शब्द है उम्मीद।

किसी की ममता का पर्याय है उम्मीद,
कहीं अनजान से पहचान है, कशमकश है उम्मीद
कहीं बिछड़ों के मिलन की उम्मीद।
बड़ा ही ऊर्जा वाला शब्द है उम्मीद

किसी के घाव पर मरहम लगाती है उम्मीद,
कहीं बारिश वाली सोंधी खुशबू है उम्मीद,
कहीं वृद्धों-अनाथों की उठती चीख पुकार है उम्मीद,
बड़ा ही संकटमोचन वाला शब्द है उम्मीद।

किसी के मन में चली बारिश की फुहार है उम्मीद,
कहीं भरी-दुपहरी में दूर से दिखती छाँव है उम्मीद,
किसी की उम्मीदों पर पूर्णतः विराम लगाती है उम्मीद,
बड़ा ही मेहनत कराने वाला शब्द है उम्मीद।

कर्मभूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना है,
रब सिर्फ लकीरें देता है, रंग हमको भरता पड़ता है।
-गुरूनानक देव

प्रेम राजपूत
बी. एससी. (ऑनर्स) गणित
द्वितीय वर्ष

शैतानी

विद्यालय में पढ़ते थे, तब हम पर भी, शैतानी थी।
माता-पिता समझाते रहते, एक बात नहीं मानी थी।।
हाथ में मोबाइल-आँखों पर चश्मा, मुख में पान दबाते थे।
सीधे-साधे छात्रों पर असल से रोब जमाते थे।।
टीचर, चपरासी सब हमसे घबराते थे।
देख लड़कियों के झुण्डों को उल्टी सीटी बजाते थे।।
फैशन में मतवाले रहते, आई नयी जवानी थी।
विद्यालय में पढ़ते थे...................................
माता-पिता से पैसे माँगे, विद्यालय का नाम किया।
बीड़ी पान सिगरेट तम्बाकू सबका ही सम्मान किया।
बीच रोड़ पर खड़े हो गये तो बिल्कुल चक्का जाम किया।।
रोजाना की दिनचर्या में अपनी यही कहानी थी।
विद्यालय में पढ़ते थे................................
हाथ मिलाकर करी दोस्ती, बड़े-बड़े शैतानों से।
कभी लैक्चर सुने नहीं थे, टीचर के, इन कानों से।।
हर घण्टे अनुपस्थित रहते, फुरसत नहीं फिल्मी गानों से।
परीक्षा में भी रहे झाँकते, मॉडल रोशनदानों से।
विद्यार्थी जीवन की महिमा कभी नहीं पहचानी थी।।
विद्यालय में पढ़ते थे................................

सोचता हूँ कि........

सपनों का घर कुछ ऐसा हो मेरा,
हे प्रभु! जिस पर हर वक्त साया हो तेरा
माँ-बाप को कुछ खुशियाँ दे सकूँ
और ज्यादा नहीं मॉगता मैं, तुझसे
कि शाम को अपने घर आ सकूँ
कुछ ज्यादा नहीं मॉगता मैं, तुझसे
कि शाम को अपने घर आ सकूँ
कुछ पल अपनो के साथ बिता सकूँ
जिन्दगी निकल जाती है तुम्हारे लिए
करते-करते माँ-बाप की,
सोचता हूँ कुछ हाथ मैं भी उनके साथ बँटा सकूँ
हर माँ-बाप की कुछ उम्मीदे होती है अपने बच्चों से,
सोचता हूँ शायद कुछ फर्ज में भी अपना निभा सकूँ.......

साहित्य के अंतर्गत वह सारा वाङ्मय लिया जा सकता है जिसमें अर्थ-बोध के अतिरिक्त भावोन्मेष अथवा चमत्कारपूर्ण अनुरंजन हो तथा जिसमें ऐसे वाङ्मय की विचारात्मक समीक्षा या व्याख्या हो।

-रामचंद्र शुक्ल

सचिन
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति शास्त्र, प्रथम वर्ष

भारत की गाथा

1.) भारत का इतिहास हूँ मैं, एक कहानी कहता हूँ।
एक भारत था राजा जिसके नाम पर मैं भारत हूँ।।
2.) राम कृष्ण की पावन भूमि, शास्त्रों की गाती गाथा
जीवन उसका सहज हो जाए, वेदों का जो ज्ञान यात्रा।।
3.) सिंधु-घाटी की संस्कृति, उत्कृष्ट और खुशहाल थी
सुलभ जहाँ की सभ्यता, सुनियोजित संग विशाल थी।।
4.) शीलं परमं भूषण, योग, कर्मेषु कौशलम
जहाँ की सूक्ति दिशा दिखाए, वसुधैव कुटुम्बकम्।।
5.) मेरी ही धरती पर कितने वीरों ने लिए जनम्
वीरगति की शौर्यगाथा, बतलाते जिनके करम्।।
6.) इस पावन धरती पर जन्में, चन्द्रगुप्त और अशोक महान
जिनके बारे में ही पढ़ना मिलता है खुद को सम्मान।।
7.) अशोक ऐसा राजा था इतिहास जिसने रच दिया
सारनाथ स्तूप धर्म की गाथा का प्रचार किया।।
8.) गुप्त काल में युग स्वर्णिम का भारत में जब आया था
सोने की चिड़िया बसती है, जन-जन को बतलाया था।।
9.) नौ ग्रह होते हैं नभ में, दुनिया ने ये अब जाना
यहाँ युगों से होती पूजा, कहाँ किसी ने पहचाना ।।
10.) दुनियाँ सीख रही थी जीना, (भारत) सबको सिखा रहा था
अतिथि देखो भवः की बातें भारत सबको बता रहा था।।
11.) दर्शन, सांख्य, शल्य, चिकिस्सा, का जहाँ रहता सिलसिला
विश्व को ये सिखला रहे थे, नालंदा और तक्षशिला।।
12.) इसके बाद शुरू हुआ था, भारत में ऐसा चरण
मुहम्मद बिन कासिम और, इस्लाम धर्म का आगमन।।
13.) इस्लाम धर्म अब फैल रहा था, कासिम लेकिन चला गया
बहुमूल्य हीरे जवाहरात आधा भारत तो लूट लिया।।
14.) कासिम के जाने के बाद महमूद गजनवी आया था
महाचोरों का चोर था जिसे भारत ही मन भाया था।
15.) सोने-चाँदी, हीरे लूटे, ऐसा ये लुटेरा था
अफगानों का सुल्तान था ये, गज्जन इसका डेरा था।
16.) सत्रह बार आक्रमण करके भारी क्षति पहुँचायी थी
सोमनाथ मन्दिर लूटा कत्ले-आम करवाया था।।

17.) इसने अंतिम आक्रमण मुल्तान के जाटों पर किया
जल में जाट डुबो दिए और बच्चों को कैद किया।।
18.) हाय लगी भारतीयों की अब मृत्यु को वो प्राप्त हुआ
भारत में अब थोड़ा आक्रमण, गजनी का शांत हुआ।।
19.) बख्तियार खिलजी एक तुर्की, आततायी शासक था
विश्वविद्यालय नालंदा का, सबसे बड़ा विनाशक था।।
20.) तीन महीने जली पुस्तकें, लाखों के भण्ड़ार में
हजारों भिक्षु शहीद हुए थे नालंदा संहार में।।
21.) अब समय आ पहुँचा दिल्ली सल्तनत के विस्तार का
कुतुबुद्दीन ऐबक से कुतुबमीनार के निर्माण का।।
22.) कुतुबुद्दीन ऐबक, इल्तुमिश, रजिया और बलबन ने
प्रसार किया था दिल्ली का विस्तार किया था खिलजी ने।।
23.) तुगलक वंश के शासन में दिल्ली पहुँचा तैमूर था
डाँके डालना लूट मारना, ऐसा इसका दस्तूर था।
24.) गाँव शहर को लूट-लूट के, कर दिया वीरान था
तुगल वंश के पतन का कारण तैमूर का अभिमान था।।
25.) 1526 ई० में पानीपत संग्राम हुआ
इब्राहिम लोधी बाबर में शुरू यहाँ कोहराम हुआ।।
26.) मुगलों की विजय पताका भारत में अब आ चुकी थी
इब्राहिम को फिर धूल चटाकर किस्मत उनकी जाग चुकी थी।।
27.) बाबर का पुत्र हुमायुँ अगला मुगल शासक था
विपदाओं से भरा हुआ इसका तो जीवन शासन था।।
27.) अगला मुगल बादशाह अकबर वीर महान था
पूरे भारत हिन्द देश का इकलौता सुल्तान था।।
28.) एक कहानी कैसे छोड़े महाराणा प्रताप की
शान-ए-हिन्द मेवाड़ की खातिर अकबर के संताप की।।
29.) अकबर ने अपना संदेशा राणा को भिजवाया था
गुलाम बनाकर राणा को मेवाड़ अपनाना चाहा था।।
30.) मगर गुलामी कहाँ से भाती शान-ए-हिन्दुस्तान को
हल्दी घाटी पहुँचा वीर बचाने स्वाभिमान को।।
31.) राणा और मुगलों के बीच महाघोर संग्राम हुआ
हल्दी घाटी युद्ध का कितना, दुर्बल सा परिणाम हुआ।।
32.) हार हुई महाराणा की नत मस्तक न वो वीर हुआ
इतने मुश्किल संकट में वो वीर न गम्भीर हुआ।।
33.) रोटी खाई घासों की जंगलों में भटके बारम्बार
किया प्रयास पुनः फिर आकर कर लिया मेवाड़ अधिकार।।
34.) इसके बाद चलो हम चलते शाहजहाँ के काल में
जहाँ हुआ निर्माण महल का, ताज महल की आन में।।
35.) सात अजूबों में ताज शान-ए-हिन्दुस्तान है
संगमरमर की सुंदरता, और प्रेम की जो आन है।।
36.) आलमगीर बन बैठा था मुगलों के जब पतन का कारण
वीर शिवाजी बन रहे थे भारत की नैय्या के तारण।।

37.) उथल-पुथल से भरा रहा था भारत का यह मध्य काल
तभी फिरंगी आ धमके थे, लेकर अपनी गन्दी चाल।।
38.) अंग्रेजी शिक्षा नीति की मैकाले ने नींव थी डाली ले
सबसे कहता फिर रहा था भारत का इतिहास है जाली।।
39.) जहाँ गुलामी की बेड़ी में हर देशी को जकड़ा था
शोषित हो रही नारी थी, हर बच्चा, बूढ़ा पकड़ा था।।
40.) बड़ा-चढ़ा कर कर लादना अंग्रेजी की रीति थी
घर से बेघर होते लोग विस्तारित वो नीति थी।।
42.) दूर भगाने अंग्रेजों को नाना साहब जाग चुके थे
लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे वीर रण में कूद चुके थे।।
43.) विधि का विधान विधाता जाने, क्रांति की क्यों हार हुई
जागृत हुआ था देश यहाँ से, हर कोने में ललकार हुई।।
44.) शोषण करता भारत का वह गोरे रंग का दानव था
मजदूरों की रोटी छिनती बेबस हर इक मानव था।।
45.) लाचारी बेरोजगारी भूखा सबको छोड़ दिया
बिना कफन के मरते लोग ऐसा जीवन मोड़ दिया।
46.) लालच की आँधी में अंधा कोड़ों की देता था मार
भूखे उठना भूखे सोना सूने सारे थे त्यौहार।।
47.) जलियावाला हत्याकांड की वो घटना मर्म थी
बच्चा, बूढ़ा, औरत मारे डायर को कहाँ शर्म थी।।
48.) भगत, शेखर, अशफाक, ऊधम सिंह वीरों के अवतार हुए
अंग्रेजों की जड़ें हिलाने बिस्मिल से हथियार हुए।।
49.) आजादी की पुण्य लड़ाई पूरा भारत लड़ रहा था।।
लाला जी नेताजी का, हर बार भारी पड़ रहा था।
50.) गाँधी जी, नेहरू जी संग हर हिन्दुस्तानी चलता था
इक दिन हम आज़ाद होंगे ऐसा खाब पलता था।
51.) न गिन सके इतनी कुर्बानी भारत भूमि ने खोई थी
हर घर से एक शहीद निकलता माटी कितनी रोई थी।।
52.) आखिर विधि ने हार मान ली भारत के बलिदान के आगे
आर्यावर्त्त के दो टुकड़े कर गोरे फिर ब्रिटेन को भागे।।
53.) एक पिता के दो बेटे थे दोनों अब दुश्मन से बन गए
गोरों ने जो चाल चली थी उसकी ये कठपुतली बन गए।।

जिस विद्या में कर्त्तव्य शक्ति नहीं, स्वतंत्र रूप से सोचने की बुद्धि नहीं,
खतरा उठाने की वृत्ति नहीं, वह विद्या निस्तेज है।

-विनोबा भावे

सौरव
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

"लड़कियों की जिंदगी आसान नहीं होती"

- जब माँ बाप घर से कुछ दूर हो तो
  भाई को बाप और बहन को माँ बनकर है समझती।
- उनकी हर फरमाइश को पूरा करने की हर संभव कोशिश है करती, किसी बड़े के घर पे न होने से, उसे नींद की एक झपकी तक नहीं आती, पर अपने भाई को "मैं हूँ ना" का आश्वासन दे उन्हें चैन की नींद है सुलाती।
- भाई की बेरोजगारी और बाप के कमजोर कंधों को सहारा देने के लिए, खुद नौकरी करने की हसरत है वह बनती।
- और जितना हम सोचते हैं लड़कियों की जिंदगी उतनी आसान नहीं होती।
- अपनी हर ख्वाहिश को दरकिनार कर,
  परिवार वालों की हर फरमाइश को पूरा करने की ज़िद है बनती।
- बाप, जवान भाई के घर में होते हुए घर की लड़की इतनी रात को जॉब से क्यों है आती?
- समाज के इन तानों को सुन अपने जज़्बातों को काबू नहीं कर पाती।
- अपनी जुबाँ पे मुस्कुराहट का भंडार लिए, अपने जज़्बातों को, अपनी आँखों से ही बयाँ कर जाती है।
- और जितना हम सोचते हैं, सब लड़कियों की जिंदगी उतनी आसान नहीं होती।।

मोहित राठौर
बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी
तृतीय वर्ष

उस छोटी-सी जगह में

आज भी जिंदा है तू, कहीं उस छोटी-सी जगह में।
कभी मुलाकात नहीं हुई तो क्या,
महसूस करते है तुम्हें उस छोटी-सी जगह में।
माना रूबरू होने की हममें हिम्मत नहीं,
लेकिन मिलते रोज है उस छोटी-सी जगह में।
छोड़ कर जायेंगे तुम्हे इस साल,
लेकिन साथ तुम्हें भी ले जायेंगे उस छोटी-सी जगह में।
हो सकता है बुरे है, तुम्हारी नजर में,
लेकिन सफाई रखते है तुम्हारी उस छोटी-सी जगह में।
सच है सो नहीं पाते हम रातों में,
लेकिन संग तुम्हें भी जगाते हैं उस छोटी-सी जगह में।
माना तुम्हें बोलने के लिए शब्द नहीं ढूँढ पाते।
लेकिन शोर बहुत करते है उस छोटी-सी जगह में।
दिखाया नहीं कभी तुम्हें।
लेकिन प्यार बहुत करते है तुम्हें उस
छोटी-सी जगह में।
आज भी जिंदा है तू कहीं उस छोटी-सी जगह में।

अनुभव, ज्ञानोन्मेष और वयस् मनुष्य के विचारों को बदलते हैं।
-हरिऔध

दिव्या
बी.ए. (प्रोग्राम)
द्वितीय वर्ष

अड़े रहना, खड़े रहना

(जब एक सिपाही/फौजी सीमा पर लड़ने जाता है तब उसकी पत्नी उसे कुछ इन शब्दों से विदा करती है)

मत लौटना तुम दिवाली पर,
मत लौटना तुम होली पर,
ईद के चाँद का दीदार भी तुम वहीं से कर लेना,
और करवा चौथ पर भी चाँद को देख बस मुस्कुरा देना,
भले ही ना लौटना तुम गुड़िया की सालगिरह पर,
ना लौटना तुम उन यादों के याद आने पर,
भीगी हुई पलकों को समेट कर
खुद में तुम उन गद्दारों के लिए सैलाब समेट लेना।
बन जाना तुम आँधी, बन चट्टान तुम खड़े रहना,
गर याद आए हमारी और सुकून हो सीमा पर
तो एक बार फोन उठा कर बता देना।
और मुस्कुराते हुए कुछ लफ़्ज़ सुना देना।
मत आना तुम दिवाली पर, ना होली पर,
ना ईद पर, ना चौथ पर,
बस चट्टान की तरह खड़े रहना,
कुछ इस तरह अड़े रहना,
और, और इक बार बस चाँद को देख मुस्कुरा देना।।

अरूण पोसवाल

भारत माता और राखी

सरहद पर राखी से पहले बातें चल रही थी
धीरे-धीरे रात भी ढ़ल रही थी।
सोचा इस बार हाथ में राखी महसूस ही होगी।
बॉर्डर पर तनाव है। छुट्टी कहाँ से मिलेगी?
फिर क्या।
घर की गली याद आने लगी।
पिछले साल जब बहन राखी लाई थी,
देर शाम तक उसने थाली सजाई थी।
मैंने पूछा क्या उपहार दूँ?
बोली बस, तिरंगा फहराकर भारत माँ को जगा देना,
जरूरत पड़ने पर, वतन पर जान भी लुटा देना,
आज फिर,
राखी के सम्मान में हिमालय-सी, चौड़ी-छाती
लिये खड़ा हूँ।
100 करोड़ राखी सलामत रहे! मेरे प्रभु!
इसलिए सरहद पर खड़ा हूँ।
जय हिन्दुस्तान!
भारत की ताकत 'सेना' को समर्पित।

वास्तव में वही जीवन स्वतंत्र है जो अपने पर शासन करता है
और कष्ट सहता है।

–बुल्वर

उज्जवल गुप्ता
बी. एससी. (ऑनर्स)
कम्प्यूटर सांइस, प्रथम वर्ष

ओ साँवरे!

ओ साँवर! ओ साँवरे!
मंजिल तक पहुँचने दे
राहों में खडे है हम जरा सहारा दिला दे

ओ साँवरे! ओ साँवरे!
खुद से तू मिला दे
हमको देख तू जरा सा बस मुस्कुरा दे।

रूह रूह में बसता तू है
रूह रूह को संभाले तू है
तू ही बिगाडे, तू ही संवारे
मेरा हाथ तू ही थामे।

ओ साँवरे! ओ साँवरे!
तेरे बिना ना कुछ भी अच्छा
मुझको लगे अब सब अधूरा
ओ साँवरे! ओ साँवरे!

ना जाना ना समझा कभी इस दुनिया को,
बस बेबस हुई हर बार जब देखा इसे तो
कैसे कहूँ वह बात जो मालूम नहीं मुझको
खुदा की राहों पर अब कुछ दिखता नहीं मुझको।

मेरी बहना!

इनकार चाहे कितना करले
सच न बदल पाएगा
किस्मत में जो लिखा है उसे तू जा मोड़ पाएगा
यह साजिश है उस खुदा की
तू ना समझ पाएगा
उसकी इस जिंदगी का एक मोहरा बन कर रह जाएगा

हाथ भी पीले होंगे उसके
दुल्हन बनकर भी वह सजेगी
रोऐंगे हम सारे यार
जब याद उसकी आएगी।
चाहे कहते हो मुँह पर कुछ भी,
दिल से अपना कहते हैं,
ना रूठने देंगे उसको कभी
यह वादा भी हम करते हैं
ना आने देंगे एक आँसू भी!
ऐसे उसको हम निभाऐंगे
हर झूठ को उसके
सच मान जाऐंगे
इसी तरह हम अपना दिल अब कहलाऐंगे
हर मुसीबत में उसकी
हाथ हम ही थामेंगे,
चाहे ले लो वादा अब हमसे
यह करके हम दिखाऐंगे।
दिल में वह रहती हैं,
आँखों में बहती रहती हैं,
रूबरू न हो पाती है,
बहन यह मेरी कहलाती है।
प्यार वह जताती हैं,
मेरे लिए दुनिया से लड़ जाती है,
मुझे आगे बढ़ना भी वह सिखाती है,
हर परेशानी में साथ खड़ी हो जाती है,
बहन वह मेरी कहलाती है!
रूठ जब वो जाती है,
हक मनाने का मुझे ही दे जाती है,
बहन वह मेरी कहलाती है!

बच्चे का भाव सदैव उसकी माँ की कृति है।
–नैपोलियन

देवकी
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

मेरा फौजी महान

हाँ वह फौजी है!
मेरे देश की सरहद की जो रक्षा करता है, दिन रात
कभी न थकता है
ऐसा वह वीर जवान है
हाँ वह वह फोजी है
चैन की नींद हम सो सकें
बिना किसी डर के
कहीं भी घूम सकें,
वह अपने सपने त्याग कर,
सीमा पर खड़े रहकर,
रातों में जागकर,
हमें सुरक्षित होने के एहसास दिलाता है।
हाँ! ऐसा वह फोजी है।
माँ अपने बच्चे को दुलार सके,
उनकी खुशियों को बाँट सके,
इसलिए वह अपनी माँ की आँखों में आसू देकर,
अपने परिवार से विदा होकर, महीनों के लिए घर
से दूर चला जाता है।
हाँ ऐसा वह फौजी है।
हर माँ उसकी माँ है
हर बहन उसकी बहन है
हर भाई उसका भाई है
उसने भारत माँ की रक्षा की कसम जो खाई है।
अपना कर्त्तव्य निभाते हुए
सरहद पर जो शहीद हो जाता है
घर में सबसे जवान होते हुए भी
बूढ़े कंधो की बाधों पर श्मशान जाता है
ऐसा वह फौजी है!
हाँ! वह मेरे देश का फ़ौजी है,
आओ मिलकर करे प्रणाम,
दें उनको भरपूर सम्मान,
वह मेरे देश का फौजी है,
हाँ! वह ऐसा फौजी है।
जय हिन्द।

गुलफसा
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
द्वितीय वर्ष

दुनिया

याद आ रही है कुछ बीती हुई बातें ।
वे बचपन के दिन, वो मस्ती भरी रातें।
पता नहीं कहाँ गई वह हमारी छोटी-सी दुनिया?
न जाने क्यों इतनी बड़ी हो गई ये दुनिया?

कल हमको न थी फिक्र कोई
अब केवल कल के लिए ही है, सोच
इधर जाएँ या उधर पता नहीं मंजिल है किधर?

लोग लगते हैं अनजाने से इस आधुनिक दुनिया में,
अपने गुम हो गए इस पराई-सी दुनिया में।

लोग कहते हैं नहीं आते वे बीते हुए दिन,
लेकिन कोशिश करते रहेंगे हम,
पता नहीं किसने कहा है यह शब्द?
फिर भी है इसमें हार को जीत जाने वाला सब!
याद आ रही है! कुछ बीत हुई बातें!

परेशानियां

पंख दिया है, तो मुझे उड़ने दो।
कैद में क्यों रखते हो?
रोज ध्यान से
समय पर दाना-पानी देते हो।

इतने अच्छे हो तो रिहा कर दो,
पिजंडा खोलने से क्यों डरते हो?
कदम तो दहलीज से बाहर रखने दो।

मुझे करने दो मेरे मन की
उड भी जोन दो।

न डरो मेरी फिक्र करके,
तुम्हें भी उड़ना सिखाऊँगी,
बस पिंजडे से रिहा कर दो,
मैं बहुत कुछ करके दिखाऊँगी।

दीपिका
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
तृतीय वर्ष

बेटी

जब-जब जन्म लेती है बेटी,
खुशियाँ साथ लाती है बेटी।
ईश्वर की सौगात ही बेटी,
सुबह की पहली किरण है बेटी।
तारों की शीतल छाया है बेटी,
आँगन की चिड़िया है बेटी।
त्याग और समर्पण सिखाती है बेटी,
नये-नये रिश्ते बनाती है बेटी।
जिस घर जाए उजाला लाती है बेटी,
बार-बार याद आती है बेटी।
बेटी की कीमत उनसे पूछो
जिनके पास नहीं है बेटी।

कोशिश कर

कोशिश कर, हल निकलेगा।
आज नहीं तो कल निकलेगा।
अर्जुन के तीर सा सध
मरूस्थल से भी जल निकलेगा।
मेहनत कर पौधों को पानी दें
बंजर जमीन से भी फल निकलेगा।
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे,
फौलाद का भी बल निकलेगा।
जिन्दा रख, दिल में उम्मीदों को
गरल के समन्दर से भी गंगाजल निकलेगा।
कोशिशें जारी रख कुछ कर गुजरने की,
जो है आज थमा सा, चल निकलेगा।

संस्कृति की चाहे कोई भी परिभाषा क्यों न हो, किंतु
उसे व्यक्ति, समूह अथवा राष्ट्र की सीमाओं में
बाँधना मनुष्य की सबसे बड़ी भूल है।

–पं. जवाहरलाल नेहरू

शशि
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
द्वितीय वर्ष

ऐ वक्त जरा धीरे चल

ऐ मेरे वक़्त जरा धीरे चल
अभी सांझ न होने दे
डर लगता है, डर लगता है
तुझे इतने जल्दी खोने में
ऐ मेरे वक़्त जरा धीरे चल
अभी सांझ न होने दे
जी लेने दे इन लम्हों को
इक दूजे का हमें होने दे

मदिरा पान

अपने भूले बिसरे ख़्वाबों को याद कर लो
जीवन में बचे लम्हों में कुछ ख़ास कर लो
उस जननी के सबसे बड़े डर
"उससे पहले उसके बेटे की साँसें न थम जाए"
इस बात का जरा सा ख़याल कर लो
अब ! मदिरा के अगले घूँट के स्वप्न को तार तार कर दो
अपने भूले बिसरे ख़्वाबों को याद कर लो
जीवन में बचे लम्हों में कुछ ख़ास कर लो

आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ

आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ
न हम देखें तुम्हें, न तुम देखों हमें
और ना ही हो कोई प्यार का अफ़साना
बस उस अंनत आकाश में हो दिलों का टकराना
आओ फिर एक बार अजनबी बन जाए।
चलो बंद कर दें ये छुपना छुपाना
तुम्हारा छुप कर वो मुझे साइकिल पर घुमाना
मेरे उदास होने पर तुम्हारा मुझे यूँ मनाना और
खुस होने पर मार-मार कर रुलाना
चलो बंद कर दें ये दिलों को मिलाना
आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ
न हम देखें तुम्हें, न तुम देखों हमें
और ना ही हो कोई प्यार का अफसाना
बस उस अनंत आकाश में हो दिलों का टकराना
आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ
ना ही हो कोई रूठना मनाना,
तुम्हारा वो स्वीट लव लिखा हुआ प्यार का नज़राना
और प्यार से बाते करते हुए तुम्हारी मम्मी का आ जाना
और उन्हें देख कर तुम्हारा यूँ अपनी पलकों को झुकाना
चले बंद कर दें ये दिलों को मिलाना
आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ
न हम देखें तुम्हें, न तुम दखों हमें
और ना ही हो कोई प्यार का अफ़साना
बस उस अनंत आकाश में हो दिलों का टकराना
आओ फिर एक बार अजनबी बन जाएँ

> जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक और मानसिक तृप्ति व मिले, हममें गति और शांति न पैदा हो, हमारा सौंदर्य-प्रेम न जाग्रत हो, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह आज हमारे लिए बेकार है, वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं।
>
> –प्रेमचंद

गद्य खंड

हम जीवन में जो कुछ देखते हैं, या जो कुछ हम पर गुजरती है वही अनुभव और वही चोटें कल्पना में पहुँचकर साहित्य सृजन की प्रेरणा बनती हैं। कवि या साहित्यकार में अनुभूति की जितनी तीव्रता होती है, उसकी रचना उतनी ही आकर्षक और ऊँचे दर्जे की होती है। जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक और मानसिक तृप्ति न जाग्रत हो, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह आज हमारे लिए बेकार है, वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं।

प्रेमचंद

'प्रगतिशील लेखक संघ' के प्रथम अधिवेशन 1936 में सभापति पद से दिया गया भाषण।

सिमरन
बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

हिमाचल संदेश

देवी-देवताओं की भूमि हिमाचल अर्थात् बर्फ के पहाड़ों से घिरा स्थान। हिमाचल प्रदेश भारत के राज्यों में से एक राज्य है। हिमाचल को अनेकानेक प्रसिद्ध मंदिरों के लिए खूब जाना जाता है। इन मंदिरों की जब बात आती है। सबसे पहले नाम शक्ति पीठों का आता है। कुल मिलाकर 51 शक्ति पीठ हैं। जिनमें 5 हिमाचल में स्थित हैं। जितना हिमाचल प्रदेश में हरियाली है उतने ही वहाँ मंदिर स्थित है। हिमाचल और हिमाचल का इतिहास काफी प्रसिद्ध रहा है। क्योकि यहाँ हुई काफी घटनायें मुगलों से भी जुड़ी तथा ब्रिटिश शासन से भी। जहाँ हिमाचल को खुबसूरती के लिए जाना जाता है, वहीं स्थानीय लोगों के लिए भी। हिमाचल प्रदेश से कई कलाकार, खिलाड़ी, नेता आदि ऐसे निकल कर आये जिन्होंने हिमाचल का नाम रोशन किया। ट्रान्सपेरेन्सी इंटरनेशनल के 2005 के सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल प्रदेश देश में केरल के बाद दूसरा सबसे कम भ्रष्ट राज्य था। सन् 1950 में इसे केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया तथा बाद में 25 जनवरी 1971 को भारत का अठारहवाँ राज्य बना। राज्य पर्यटन विकास निगम राज्य की आय में 10 प्रतिशत का योगदान करता है। जब हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों का नाम आता है, तो उसमें हिमाचल के 20 हिल स्टेशन विख्यात हैं। हिमाचल प्रदेश की सुंदरता उसके स्थान तथा स्थानीय लोग हैं। हिमाचल प्रदेश एक और चीज के लिए भी जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश का जिला चंबा तथा इसका एक स्थान खज्जियार 'छोटे स्विटजरलैंड' के रूप में विश्व विख्यात है।

श्रद्धा मनुष्य की आनंदपूर्ण स्वीकृति के साथ-साथ पूज्य
बुद्धि का संचार है।

– रामचंद्र शुक्ल



वर्षा मीना
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

क्लब : एक प्रयास

वर्तमान समय में छात्रों पर परीक्षा, गृहकार्य और अधिक अंक लाने का दबाव है। इस दबाव से कुछ छात्रों के मन में न तो जिज्ञासा है और न ही प्रश्न । केवल एक लक्ष्य है रटकर परीक्षा पास करना। उन्हें अपने आस-पास घट रही घटनाओं प्राकृतिक बदलावों, सामाजिकता, तीज त्यौहारों को समझने-सहेजने का न तो समय है और न ही स्वतंत्रता। उनकी आँखों में न तो सौन्दर्य बोध है और न ही लोक साहित्य के प्रति संवेदना और अनुराग। हमारी शिक्षा प्रणाली बच्चों को उच्च शिक्षा तो देती है लेकिन सुखपूर्वक जीवन जीने की कला नहीं सिखा पाती। कुछ वर्ष पूर्व तक बच्चे अपने आस-पड़ोस में खेलकूद एवं सामूहिक क्रियाकलापों के माध्यम से 'सामाजिकता का पाठ' स्वयं ही सीख जाते थे। परन्तु अब इन गतिविधियों से दूर होने के कारण वे एक व्यक्तिवादी सोच के साथ बड़े हो रहे हैं। बच्चों की इस सोच को बदलने के लिए एक प्रयास किया जा रहा है जिसे नाम दिया गया है क्लब।

क्लब का अर्थ है सभा या समूह। जहाँ व्यक्ति आपस में मिलकर किसी विषय पर अपने विचारों को व्यक्त करें। क्लब के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक परिवर्तनों, सौन्दर्य बोध के चिन्तन मनन के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। विद्यालयों में संगीत, साहित्य, विज्ञान, तकनीकी, खेल इत्यादि के क्लब का संचालन बच्चों द्वारा ही किया जा रहा है। इस तरह विश्वविद्यालयों में भी क्लब का संचालन किया जा रहा है। जिससे बच्चों में चुनौतियों का सामना करने, लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रणनीतियों का चुनाव करने, असफलता स्वीकार करने, सामाजिक साहित्यिक सौन्दर्य बोध इत्यादि गुणों का समावेश हो। बच्चे केवल पुस्तकीय ज्ञान ही प्राप्त न करें अपितु व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त करें। क्लबों में होने वाली क्रियाओं के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं का विकास होता है। मिलकर समूह में कार्य करते हुए उन्हें सहयोग और एक दूसरे की संस्कृतियों को समझने के अवसर मिलते हैं। इस प्रकार विद्यालयों व विश्वविद्यालयों में क्लब संचालन द्वारा शिक्षा के साथ-साथ तर्कशील, खुली सोच युक्त विवेकवान पीढ़ी के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है।

विश्वास उन शक्तियों में से एक है जो मनुष्य को जीवित रखती है,
विश्वास का पूर्ण अभाव ही जीवन का अवसान है।

-विलियम जेम्स

एक महान व्यक्तित्व : लाल बहादुर शास्त्री

किसी महान पुरुष ने कहा था–''यदि कोई एक व्यक्ति भी ऐसा रह गया जिसे किसी रूप में अछूत कहा जाए तो भारत को अपना सिर शर्म से झुकाना पड़ेगा।'' ऐसे मनुष्य के आत्मविश्वास और दरियादिली का अंदाजा इसी वाक्य से लगाया जा सकता है। यह व्यक्ति और कोई नहीं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री है।

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 02 अक्टूबर, 1904 मुगल सराय (उत्तर प्रदेश) में हुआ। वे दिखने में तो साधारण थे परंतु चट्टान जैसी दृढ़ता और शेर जैसे निर्भीक व्यक्तित्व के मालिक थे। परिवार में सबसे छोटे होने के कारण उन्हें सब नन्हें कहकर पुकारते थे। दुर्भाग्यवश जब नन्हें बहुत छोटे थे तो उनके पिताजी का निधन हो गया। उसके बाद वे अपनी माता जी के साथ उनको ननिहाल चले गए। कुछ समय बाद उनके नाना जी की भी मृत्यु हो गई। पर फिर भी, ऐसी विकट परिस्थिति में भी, जब नन्हें पूरी तरह बिखर गए थे उनके मौसा जी रघुवेंद्र प्रसाद ने उनकी माता जी को सहयोग दिया। ननिहाल में रहते हुए उन्होंने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। उसके बाद की शिक्षा उन्होंने हरिश्चंद्र हाई स्कूल और काशी विद्यापीठ में प्राप्त की । यही वजह थी जब उन्हें 'शास्त्री' की उपाधि मिली और उन्होंने अपने जाति सूचक 'श्रीवास्तव' को हटाकर 'शास्त्री' को अपने नाम से जोड़ लिया।

शास्त्री सच्चे गाँधीवादी थे तथा उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के हित एवं कल्याण के लिए लगाया। शास्त्री जी के राजनीतिक गुरुओं में से प्रमुख पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। कहा जाता है कि शास्त्री जी के प्रधानमंत्री बनने में उनके नेहरू जी के साथ अच्छे संबंधों की बहुत बड़ी भूमिका रही। नेहरू जी के प्रधानमंत्री काल के दौरान अकस्मात मृत्यु के बाद देश को जरूरत थी एक अचल, अटल और निर्भीक स्वभाव के मार्गदर्शन की, जो देश को नई ऊँचाइयों तक लेकर जाए। देश की इस जरूरत को पूरा किया लाल बहादुर शास्त्री ने। लाल बहादुर शास्त्री ने देश का ऐसा नेतृत्व किया जो शायद बहुत कम लोगों ने किया होगा।

अगर देखा जाए तो शास्त्री जी का कार्यकाल बेहद कठिन था। यही वह समय था जब दुश्मन देश पाकिस्तान ने मौका देखकर भारत पर आक्रमण कर दिया पर जिस तरह से शास्त्री जी ने इन मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, वह बेहद सराहनीय था। उन्होंने देश का मनोबल बढ़ाने तथा देश की एकता को बनाए रखने के लिए 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया। देश को देखकर पाकिस्तान के छक्के छूट गए। चीन और भारत के पूर्व युद्ध के बाद पाकिस्तान ने यह सोचा भी नहीं था कि भारत इस तरह जवाब देगा। यह सब शास्त्री जी के करिश्माई नेतृत्व-कला का परिणाम था परंतु रूस और अमेरिका ने मिलकर शास्त्री जी को बहला-फुसलाकर ताशकन्द समझौते के लिए रूस बुला लिया। वही ताशकन्द समझौते के कुछ घटों के बाद उनकी रहस्यमयी मृत्यु हो गयी और भारत ने अपने एक अनमोल रत्न को खो दिया।

पर लोग, समाज उन्हें इस जीत और कुशल कार्यकाल से भी ज्यादा उनकी सादगी, उनकी ईमानदार बेदाग छवि ओर देश-भक्ति के लिए सम्मान देते हैं।

इतने गुण होने के बावजूद उनमें अंहकार का अंश मात्र भी नहीं था। शायद इसलिए कहते हैं कि जो पेड़ जितना फलों से भरा होता है, उतना ही झुका हुआ रहता है।

आपसी प्रेम

दो भाई समुद्र के किनारे टहल रहे थे। दोनों में किसी बात को लेकर बहस हो रही थी। अचानक बड़े भाई ने छोटे भाई को थप्पड़ मार दिया। छोटे ने कुछ नहीं कहा सिर्फ रेत पर लिखा ''आज मेरे भाई ने मुझे मारा'' अगले दिन दोनों फिर समुद्र के किनारे घूमने निकले छोटे भाई ने पत्थर पे लिखा– ''आज मेरे बड़े भाई ने उसे बचाया। बड़े भाई ने मुझे बचाया''। बड़े भाई ने पूछा– जब मैंने तुम्हें मारा तो तुमने रेत पर लिखा और जब मैंने तुम्हे बचाया तो पत्थर पर लिखा। ऐसा क्यों? विवेकशील भाई ने जवाब दिया-जब हमें कोई दु:ख दे तो रेत पर लिखना चाहिए। ताकि वो जल्दी मिट पाए परंतु जो मिटने न पाए और हमेशा के लिए यादगार बन जाए उसे पत्थर पर लिखना चाहिए।

लज्जा आती है

उपासना
बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी
प्रथम वर्ष

जिस देश में नारी के दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती रूपों को पूजा जाता है। जहाँ पहाड़ों पर चढ़ते-उतरते लोग जय माता दी बोलते है। उसी देश में माता का बलात्कार कर उसे जिंदा जला दिया जाता है। ऐसे देश में पैदा होने पर मुझे लज्जा आती है। रावण के घर से पवित्र लौट आने पर भी आग में झोंक दिया समाज ने सीता को। ऐसे समाज पर भी मुझे लज्जा आती है। अपने महान देश में नारी की ऐसी दुर्दशा पर मुझे लज्जा आती है।

माँ-बेटे की कहानी

जनू कुमार
बी.कॉम. (प्रोग्राम)
द्वितीय वर्ष

यह कहानी एक ऐसे घर की है जिसमें माता है पिता भी है। जब बच्चा छोटा होता है तो उसमें एक पवित्र सी हँसी और मुस्कुराहट होती है। जब बच्चा रोता है तो उसकी माँ समझ जाती हैं कि उसको भूख लगी है या प्यास। धीरे-धीरे बच्चा बड़ा होता है तब वह बच्चे को समाज में प्रस्तुत करती हैं और उसको पहला कदम स्कूल में रखवाती है।

जब बच्चा स्कूल की पढ़ाई पूरा कर लेता है तब कॉलेज में एडमिशन लेता है तब भी वह माँ के आँचल को नहीं भूलता न जाने उस आँचल में कौन-सी जादुई ताकत हैं जो उसको अपनी ओर खींच रही होती है। न जाने क्यों उस आँचल में ऐसी कौन-सी सुगन्ध है जो आजकल के कीमती से कीमती इत्र से भी कई गुना महँगी हैं।

मैं एक बात यह रखना चाहता हूँ कि जब भी माँ अकेले बैठी हो उसकी गोद में सिर रखकर सो जाना। आप देखेंगे कि आप कितनी भी मुश्किल में हो या कितने भी थके हुए हों आपकी थकान और सभी मुश्किलें सच में छू मंतर हो जायेगी। तो अब बेटा बड़ा हो गया है और शादी करके "विदेश" में नौकरी कर रहा है और अपनी बीवी के साथ वहीं रहता है। वह माँ हर दिन अपने बेटे से उसके हाल-चाल पूछा करती थी। एक-दिन उसकी माँ बीमार पड़ जाती हैं और अस्पताल में भर्ती हो जाती हैं। जब डॉक्टर उसके बेटे को फोन करते हैं तो वह फोन उठाकर पूछता है कौन? "डॉ० कहते है कि आपकी माँ अस्पताल में भर्ती है, आप जल्दी यहाँ आ जाइए"। उस माँ का बेटा 4-5 दिन के बाद आता है। जब वह आता है तो डॉ० से पूछता है कि इन्हें क्या हुआ है? अचानक उसकी माँ को होश आ जाता है और बेटे को देखकर, जैसे बच्चा कराहता हैं वैसे ही उसकी माँ कराहती हैं और आँखों से आँसू आ जाते है। तब बेटा कहता है कि "नर्स ये मेरी माँ क्या कह रही है? तब नर्स कहती हैं। अब तुम इनकी भाषा भी नहीं समझ पा रहे हो। जब तुम छोटे था तब तुम्हारे रोने या हँसने पर तुम्हारी माँ समझ जाती थी कि तुम्हें भूख या प्यास लग रही है। तेरे एक इशारे पर माँ ने तुम्हें खुश रखा हैं। जब तुम छोटे थे तो खुद गीले में सोकर तुम्हें सूखे में सुलाती थी, खुद भूखी रहकर पर तुम्हें मनपसंद खाना खिलाती थी आज तुम इनकी भाषा समझ नहीं पा रहे हो?

नर्स कहती है कि ये पूछ रही है कि "तू कैसा है?" इतनी बीमार होने के बावजूद मेरा हाल पूछ रही है? यह बात सुनकर बेटे की आँखों में आँसू झलक आए।

विश्व के सर्वोत्कृष्ट कथनों और विचारों का ज्ञान ही संस्कृति है।
-मैथ्यू आर्नोल्ड



डॉ. रजनी जगोटा
प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग

पुस्तक समीक्षा

'तीस प्रतिनिधि कहानियाँ' शिवशंकर अवस्थी द्वारा सम्पादित पुस्तक है। कहानी संग्रह का शीर्षक उपयुक्त है। सभी कहानियाँ प्रतिनिधित्व करती हैं किसी विशेष पहलू का। अधिकतर कहानियाँ रोचक हैं और मन को छूती हैं।

कुछ कहानियों का मुख्य भाव मिलता जुलता है जैसे कि 'सगे संबंधी' (द्रोणवीर कोहली) 'गुल्ल की बत्रो' (धर्मवीर भारती) एवं 'कोना' (गोविन्द मिश्र) रिश्तों की सच्चाइयों से अवगत कराती हैं। इन कहानियों का शृँखला में एक निश्चित स्थान पर रखा जाना नीरसता नहीं आने देता।

'औरत' (कृश्न चंदर), 'लाल पान की बेगम' (फणीश्वरनाथ रेणु) 'आमस्टर्डम का हार' (मन्मथनाथ गुप्त), 'औरत का दर्द' (इन्द्रेश राजपूत) खंजन (सवितृ) सभी नारी से संबंधित हैं। औरत अमूमन अधिकतर कहानियों में उपेक्षित दिखाई पड़ती है और पाठकों की सहानुभूति बटोर लेती है-परन्तु कहानी 'औरत' के अंत का पूर्वानुमान संभव नहीं है। औरत के इस रूप से वितृष्णा होती है। यहाँ पराजय की परिभाषा का अलग ही चित्रण है। पर शायद यह भी एक सच है। इस कहानी का सच माँ के प्रेम के आगे हारता दिखाई देता है। कहानी 'आमस्टर्डम की हार' में, जहाँ माँ की सुंदर दिखने की चाह पुत्री-प्रेम के आगे घुटने टेक देती है।

मुंशी प्रेमचन्द की कहानी 'मंदिर' जाति भेदभाव की समस्या का दर्पण होने के साथ माँ के असीम प्रेम को भी दर्शाती है।

कहानी 'शरणदाता' (सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्सयायन 'अज्ञेय') विभाजन के समय की होने के बावजूद मौजूदा, हालात में भी अत्यंत प्रासंगिक है जो 'इन्सान को इन्सान' रहने की प्रेरणा देती है। कहानी निरूत्तर (पुत्री सिंह) समाज के दोहरे मापदंडों का प्रतिबिम्ब है जहाँ पुरूष चरित्रहीनता को मर्दानगी का नाम दिया जाता है। 'धानी का दोस्त' (अभिमन्यु अनंत) में मुख्य पात्र द्वारा समापन वाक्य में दी 'दोस्त' की परिभाषा नारी के मजबूत पक्ष को जीवंत रूप देती है। जहाँ कथाकार कुछ शब्द कहकर ही अनेक विवरणों को उनमें समेट लेता है।

'इतिहास कथा' (कमलेश्वर) कहानी में खाली रात की कीमत चुकाना दिल को चीर देता है और अजीब सी कड़वाहट का अहसास होता है। 'फिर चाँद कब डूबा' (राजेन्द्र अवस्थी), आदमी की छाया में ही फुफकार है मुख्य पात्र की ऐसी मनः स्थिति भय उत्पन्न करती है।

कहानी 'धंधा' (शिवशंकर अवस्थी) के मुख्य पात्रों का भोलापन और सच्चाई मन पर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। पतंग के लुटेरे (श्री लाल शुक्ल) की कुछ पंक्यिाँ तो जहन में बस जाती है।

'फर्श पर बैठी गौरेया' (खुशवंत सिंह) जी की बहुचर्चित एवं बहुप्रशंसित लघु कथाओं में से एक है।

कहानी की विविधता सराहनीय है एवं पाठक को बाँधे रखती हैं।

डॉ. कुसुमलता चड्ढा
प्राध्यापिका, राजनीति विज्ञान विभाग

गाँधी का स्वराज – 'साबरमती अभी दूर है...'

गाँधी के अनुसार स्वराज व्यक्ति और समाज की आध्यात्म में अवस्थित एक स्वाभाविक स्थिति है। उन्होंने 1920 में प्रकाशित अपने लेख में लिखा था —'Swaraj is the state of being of individuals And society'।

'स्वराज' की संकल्पना गाँधी की मौलिक संकल्पना नहीं है। गाँधी से पहले भी कई विद्वानों ने 'स्वराज' के विषय में अपने विचार व्यक्त किये थे। स्वामी दयानंद सरस्वती ने पहली बार 'भारत, भारतीयों के लिए' के रूप में इसे परिभाषित किया था। अरबिंदो घोष ने अपने 'जुगातर' के क्रांतिकारी और फिर आध्यात्मिक अवतारों में इसका 'स्वतंत्र भारत' और 'आत्मनियंत्रण' के अर्थ में क्रमशः प्रयोग किया था। वहीं तिलक द्वारा किया गया 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे अवश्य प्राप्त करूंगा 'मराठी में उद्घोष भी इसी सिलसिले की एक कड़ी है। गाँधी ने इन सभी विचारों को अपनी 'स्वराज' की संकल्पना में समेटते हुए 'स्वराज' को एक बहुआयामी लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जिसमे उनके अनुसार विदेशी शासन से मुक्ति, लोकतंत्र, आर्थिक स्वराज, आत्मनियंत्रित व्यक्तियों द्वारा निर्मित एक सामाजिक समरसता से युक्त समाज का निर्माण शामिल हैं।

'हिन्द स्वराज' में गाँधी ने सर्वप्रथम **'स्वराज'** की संकल्पना की थी। तत्पश्चात उन्होंने कई मंचों पर इस संकल्पना का विस्तार किया। यह माना जाता है कि **'हिन्द स्वराज'** जहाँ स्वराज का खाका (Blueprint) प्रस्तुत करता है वहीं उनका **'रचनात्मक कार्यक्रम'** (Constructive Programme) उसका व्यवहारिक स्वरुप।[1] 'हिन्द स्वराज' में गाँधी चर्चा करते हैं कि वे किस प्रकार का 'राज्य' भारत में भविष्य में देखना चाहते हैं वहीं 'रचनात्मक कार्यक्रम' वे 'राज्य' के कार्यक्रमों की एक विस्तृत सूची तैयार करते हैं। इन दोनों के अतिरिक्त गाँधी राज्य, और विशेष रूप से स्वराज, के विषय में चर्चा अपने द्वारा **प्रकाशित या सम्पादित मुखपत्रों** 'हरिजन' (अंग्रेजी), 'हरिजन सेवक' (हिंदी), 'हरिजनबंधु' (गुजराती) एवं 'यंग इंडिया' (अंग्रेजी) में भी करते रहे हैं। इस सन्दर्भ में 1935 में गठित **कांग्रेस सरकारों को उनके द्वारा दिए गए प्रशासन सम्बन्धी 'निर्देश'** भी उल्लेखनीय हैं, जिनकी चर्चा नीचे की गयी है। भारत के विभाजन के बाद, विशेष रूप से **प्रार्थना सभाओं** के माध्यम से भी (जिसका आल इंडिया रेडियो के द्वारा सीधा प्रसारण होता था) गाँधी स्वराज सम्बन्धी अपने विचार सांझे करते रहे। इन सभी का संकलन **गाँधी वांग्मय** में उपलब्ध है।

स्वराज के बहुआयामी विचार के विभिन्न पक्षः

विदेशी शासन से मुक्त भारतः

विदेशी शासन से मुक्ति के रूप में 'स्वराज' की संकल्पना का ऐतिहासिक सन्दर्भ था जिसका वर्णन गाँधी अपनी पुस्तक 'हिन्द स्वराज' में तुलसीदास को उध्दृत करते हुए कहते हैं 'पराधीन सपनेहु सुख नाही'। भारत को अपनी सभ्यता और संस्कृति के अनुरूप बनने के लिए स्वंतंत्र होना होगा, विदेशी शासन के अधीन यह संभव नहीं। इस स्वतंत्रता की प्राप्ति अहिंसक सत्याग्रह से ही हो सकती है क्योकि। 'साधन' और 'साध्य' में अटूट सम्बन्ध है। स्वतंत्रता जैसे पवित्र साध्य को प्राप्त करने के लिए हिंसक आन्दोलन उचित साधन नहीं है। इसके अतिरिक्त हिंसक आन्दोलन में कुछ ही लोग हिस्सा ले पाएंगे। बच्चे, बूढ़े और महिलायें – या कहें तो साधारण लोग – इस महायज्ञ में सम्मिलित नहीं हो पायेगें। जो समूह आजादी दिलाएगा वही इसपर अपना हक जमाएगा, इटली के तानाशाही शासन के अंत करने वाले आन्दोलन के नेताओं का उदहारण देकर गाँधी यह समझाते हैं। गाँधी का विचार है कि

1 Anthony J.Parel (ed) Hind Swaraj and other Writings, CUP, 1997, p170

स्वतंत्रता प्राप्त करने से भी अधिक महत्वपूर्ण है उसे बनाये रखना अतः यदि स्वतंत्रता हिंसा से प्राप्त होगी तो उसे हिंसा के सहारे ही कायम रखा जा सकता है हिंसा की स्वाभिक प्रकृति ऐसी है कि यह उत्तरोत्तर बढ़ती ही जाती है जो समाज के लिए हानिकारक है। दूरदर्शी गाँधी यहाँ यह भी चेतावनी देते हैं कि भारत के स्वतंत्र हो जाने के बाद 'राष्ट्रहित' की आड़ में किसी की स्वतंत्रता नहीं ली जा सकती!

गाँधी पश्चिमी और भारतीय दर्शन के अच्छे ज्ञाता थे। 1924 में, अपने मुखपत्र **'यंग इंडिया'** में लिखते हुए उन्होंने स्पष्ट किया था–

मेरा 'स्वराज' हमारी सभ्यता की विशिष्टता को संजो के रखने वाला स्वराज है। मैं कई नयी इबारतें लिखना चाहता हूँ, परन्तु वे सभी भारतीय स्लेट पर लिखी जायेंगी। मैं पश्चिम से तब उधार लूँगा जब उसे सम्मानजनक ब्याज के साथ लौटा सकूं।[2]

स्वराज का राजनीतिक पक्षः

लोकतंत्र के पश्चिमी विचार में 'सहभागिता' व 'जिम्मेदारी' के तत्वों को एक ओर स्वीकारते हुए गाँधी उसमें निहित 'बहुसंख्यवाद' की आलोचना करते हैं। 'हिन्द स्वराज' में ब्रिटिश संसद की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने 'अल्पसंख्यक' अथवा एक अकेले व्यक्ति के विचार को भी ध्यान से सुनने की अपील की। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में अधिकारों को सराहते हुए उन्होंने साथ ही कर्तव्यों का महत्त्व बताया और दोनों को साथ–साथ निबाहने की सलाह दी। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ, मीडिया के बारे में भी उनके विचार ध्यान देने योग्य हैं। 'हिन्द स्वराज' में उन्होंने ब्रिटिश मीडिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह उठाए। स्वयं कई पत्र–पत्रिकाओं के संपादक और लेखक होने के नाते गाँधी पत्रिकारिता के उच्च आदर्शों के समर्थक थे। वे मानते थे की पत्रों को अपने आप को निष्पक्ष रखने के लिए आवश्यक है कि वे विज्ञापन न स्वीकार करें। गाँधी का कहना था कि समाचार पत्रों का उद्देश्य है की जनता से सम्बंधित समस्याओं को वे प्रकाशित करें और जनता को भी सही जानकारी दें।[3] हिन्द स्वराज में गाँधी के ये शब्द अभी भी प्रासंगिक हैं। गाँधी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था।

'...अखबार का एक काम तो है लोगों की भावनाएं जानना और उन्हें जाहिर करना, दूसरा काम है लोगों में अमुक जरूरी भावनाएं पैदा करना और तीसरा काम है लोगों में दोष हों तो चाहे जितनी मुसीबतें आयें, उन्हें बेधड़क दिखाना'[4]।

गाँधी के अनुसार पश्चिम के द्वारा दिया गया लोकतंत्र में सहभागिता का विचार और भी अर्थपूर्ण हो सकता है यदि उसे शक्ति के विकेंद्रीकरण से जोड़ा जाए। उनका विश्वास है कि विकेंद्रीकरण राज्य के वर्तमान जनविरोधी स्वरुप का अंत कर 'स्वराज' की दिशा में ले जा सकता है। हरिप्रसाद व्यास अपने द्वारा किये गए गाँधी के ग्राम स्वराज से सम्बंधित लेखों के संकलन 'ग्राम स्वराज' के प्राक्कथन में इस सन्दर्भ में कहते हैं गाँधी राज्य के झड़ जाने में नहीं, बल्कि उसके 'बिखर जाने' में विश्वास रखते थे। (Gandhi did not believe in the 'withering Away' of state but of 'scattering of the state') ।[5]

गाँधी के राजनीतिक विकेंद्रीकरण की योजना की सबसे निचली इकाई ग्राम था। वे ग्राम स्वराज्य चाहते थे जिसमे ग्राम सभा अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूर्ण रूप से स्वायत्त व आत्मनिर्भर हो। इसी तरह का क्रम जिला और राज्य से होते हुए संसद तक हो। सभी संस्थाएं अपने कार्यक्षेत्र में स्वायत्त हों।

ग्राम स्वराज की बात करते हुए गाँधी गाँव में प्रचलित पुरानी पंचायती व्यवस्था को जस का तस नहीं लाना चाहते थे। वे स्वराज की सबसे निचली इकाई के रूप में आधुनिक ग्राम का विकास चाहते थे। उन्होंने इस विषय में विस्तार से चर्चा की थी।

गाँव का प्रशासन एक पंचायत के द्वारा चलाया जायेगा जिसका चुनाव ग्रामसभा करेगी। परन्तु पंचायतों को फौजदारी मामलों, सामाजिक बहिष्कार व शारीरिक दंड देना का अधिकार नहीं होगा। उसके कार्य ग्राम स्तर पर भोजन, जानवरों की रखवाली, मनोरंजन की व्यवस्था, खेल के मैदानों का रखरखाव, शिक्षा, स्वच्छ जल की व्यवस्था, सफाई, स्वस्थ्य सेवाएँ मुहैय्या करने का होगा।[6]

दूसरे शब्दों में, गाँधी राज्य की शक्तियों को इतना विकेन्द्रित करने के पक्ष में थे कि एक केन्द्रित, एकाधिकार युक्त संस्था के रूप में उसका अस्तित्व ही समाप्त हो जाये।

2 Young India, 26.6.1924, p.210 "My Swaraj is to keep intact the genius of our civilization. I want to write many new things, but they must be written on the Indian slate. I would gladly borrow from the West when I can return the amount with decent interest."

3 हिन्द स्वराज,पृष्ठ 1.

4 हिन्द स्वराज,पृष्ठ 1.

5 H.M Vyas, Preface to Village Swaraj, 22.11.62

6 हरिजन, २६.७.४२, pp-238

1942 में अपने मुखपत्र 'हरिजन' में लिखते हुए उन्होंने स्पष्ट किया:

'हम जिस लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं वह है पूर्ण मानसिक और नैतिक विकास के साथ–साथ लोगों की खुशी। मैं 'नैतिक' को 'अध्यात्मिक' के पर्याय के रूप में प्रयुक्त करता हूँ। इस उद्देश्य को हम विकेंद्रीकरण के माध्यम से ही प्राप्त कर सकते हैं। केन्द्रीकरण अहिंसक समाज की संरचना के साथ मेल नहीं खाता।'[7]

गाँधी का पूरा विश्वास था कि विकेंद्रीकरण ही अहिंसक और आध्यात्मिक समाज के निर्माण की क्षमता रखता है। राजनीतिक व आर्थिक विकेंद्रीकरण जहाँ व्यक्ति में स्वाभिमान की भावना जगाता है, वहीं सामाजिक विकेंद्रीकरण सामाजिक स्तर पर समानता लाने में सहायक होता है और मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठित करता है। आध्यात्मिक विकेंद्रीकरण 'स्वत्व' को नष्ट कर व्यक्ति को 'मैं' भाव से मुक्त कर उसकी आत्मा को विस्तार देता है, उसे सभी के साथ मिलजुलकर प्रेम भाव से रहना सिखाता है। इस तरह विकेंद्रीकरण एक बाहरी शक्ति–अर्थात राज्य– की आवश्यकता को ही समाप्त कर देता है क्योंकि समाज पूर्ण रूप से आत्मनियंत्रित हो जाता है।

राजनीति को वे लोक भलाई का साधन मानते थे, न कि सत्ता प्राप्त करने का। 1935 के भारत सरकार कानून के अंतर्गत राजनीतिक स्वायत्तता की व्यवस्था की गयी थी और 1937 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को 7 राज्यों में सरकार बनाने का मौका मिला। गाँधी जो 1934 से कांग्रेस की सदस्यता छोड़ चुके थे कांग्रेस सरकारों को सलाह देने का लोभ संवरण नहीं कर पाए। अखबारों ने उनके द्वारा लिखे गए सलाह सम्बन्धी लेखों को 'आदेश पत्र' ('Intruments of Instructions') की संज्ञा दी जबकि गाँधी ने इन्हें 'नम्र निवेदन' ('Humble Notes') कहा। उन्होंने अपने मुखपत्र 'हरिजन' के माध्यम से लेखों की एक श्रृंखला शुरू की जो नए शासकों की 'राजनीतिक शिक्षा' के बारे में थी। उन्होंने मंत्रियों के निजी व्यवहार के लिए किये लिए भी कुछ आचार के नियम निर्धारत किये जैसे मंत्रियों को रेल यात्रा थर्ड क्लास में करनी चाहिए, खादी वस्त्र धारण करने चाहिए और सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए। मंत्रियों को सभी समुदायों की देखभाल करनी चाहिए और जनता के द्वारा दिए गए वोट का सम्मान करना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए गाँधी के निर्देश थे कि वे अपने दायित्वों को उचित प्रकार से निभायें। गाँधी ने जनता को गैरजिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ शिकायत करने के लिए और उसका समाधान प्राप्त करने के लिए अधिकार देने की बात भी की।[8] प्रशासन को चेतावनी देते हुए गाँधी ने लिखा कि प्रशासन लोक भलाई की आड़ में हिंसा अथवा शारीरिक बलप्रयोग नहीं कर सकता। राज्य की शक्ति असीमित और निरंकुश नहीं हो सकती।[9]

राजनीति में शुचिता के विषय में और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका कहना था सरकारी पद के साथ मोह नहीं होना चाहिए ('offices Are to be held lightly] not tightly')[10] लोगों को सरकार की गलत नीतियों का विनय सहित विरोध करने का अधिकार होना चाहिए। इस प्रकार गाँधी स्वतंत्र भारत में भी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सत्याग्रह के समर्थक थे। राजनीतिक स्वराज के अंतर्गत वे अंतरात्मा को अस्वीकार्य कानूनों और सरकारी आदेशों के खिलाफ सत्याग्रह को अधिकार के साथ साथ कर्त्तव्य मानते हैं।

आर्थिक स्वराजः

गाँधी ऐसी गरीबी के खिलाफ थे जिससे व्यति की स्वतंत्रता छिन जाती हो (free of freedom & denying poverty) अपनी इच्छा से यदि व्यक्ति सादा और बिना ऐशो–आराम का जीवन जीना चाहता है तो वह इसके लिए स्वतंत्र है परन्तु यदि गरीबी के कारण वह अपनी अन्य अधिकारों का प्रयोग करने में अक्षम हो तो यह स्वराज नहीं है।हर व्यक्ति को 'अवसर की समानता' मिलनी चाहिये और उसकी मूल आवश्यकताओं जैसे रोटी, कपडा और मकान की पूर्ति होनी चाहिए। हरेक व्यक्ति को अपने श्रम के फल पर अधिकार होना चाहिए– ऐसा नहीं होना चाहिए कि मेहनत कोई करे और उसका फल कोई और भोगे।

गाँधी निजी संपत्ति के अधिकार के समर्थक नहीं थे। इस सन्दर्भ में उनके द्वारा दिया गया 'ट्रस्टी शिप' का विचार सराहनीय हैं। पूंजीपति जिस पूंजी पर अपना अक्षुण्ण अधिकार समझते हैं, गाँधी के अनुसार वे उस पूंजी के मालिक नहीं बल्कि 'संरक्षक' (Trustee) हैं। गाँधी के अनुसार अमीरों की पूंजी को निर्माण में मजदूरों और समाज का भी योगदान रहा है। अतः उन्हें अपने गुजारे भर धन रखने के पश्चात् बाकि धन मजदूरों में और सामाजिक भलाई के कार्यक्रमों में

7 Harijan, 18.1.42 p.5 the end to be sought is human happiness combined with full mental and moral growth. I use the adjective moral a synonymous with spiritual. This end can be achieved under decentralization. Centralization as a system is inconsistent with a nonviolent structure of society.

8 Harijan,24.7.37, CWMG, LXV,pp.431-33

9 वही

10 "Not a Prize", Harijan, 7.8.37, CWMG, LXVI, pp.16-17

व्यय कर देना चाहिए। इस प्रकार समाज में सौहार्द भी रहेगा और समाज शिक्षित, कुशल और धनाढ्य व्यक्तियों के व्यवसाय कौशल से भी लाभ उठा सकेगा।

रस्किन के विचारों से प्रभावित होकर गाँधी ने उनकी पुस्तक 'अन्टू दिस लास्ट' का गुजराती अनुवाद अपने अखबार 'इंडियन ओपिनियन में छापा था। रस्किन ने आर्थिक क्रियाओं में आत्मा, आनंद और गरिमा पर बल दिया था। गाँधी ने कुटीर उद्योगों, विशेषकर चरखे और खादी का प्रचार इसी सन्दर्भ में किया था

आर्थिक स्वराज का एक पक्ष लोगों में ऐसे कौशल निर्माण से संबधित था जिसके द्वारा गरीब और बेरोजगार गरिमापूर्ण जीवन यापन के लिए कर सकें। गाँधी मशीनीकरण के विरुद्ध नहीं थे परन्तु वे चाहते थे कि प्रौद्योगिकी की सुविधा हर व्यक्ति को उपलब्ध हो– गरीब हो या अमीर। गाँधी का विश्वास था कि 'शरीर की आवश्यकताओं की पूर्ति शारीरिक श्रम से होनी चाहिए न की बुद्धि से'[11] वे हर व्यक्ति को किसी न किसी शारीरिक श्रम के कार्य अपने जीवन में शामिल करने को कहते थे। सूत कातना भी ऐसा ही श्रम था जिसे वे विशेष रूप से प्रस्तावित करते रहे। उनके अनुसार एक किसान की मेहनत उतनी ही गरिमापूर्ण है जितनी एक डॉक्टर या इंजिनियर की मेहनत। किसी प्रकार के कार्य को दूसरे से कमतर नहीं समझना चाहिए। इस प्रकार गाँधी उस सामाजिक भेदभाव की ओर संकेत कर रहे थे दो शारीरिक श्रम को निम्नकोटि का समझता था। अपने आश्रम में वे इस विषय में बहुत सख्त थे। उनके आश्रमवासी अपने सभी काम स्वयं करते थे। गाँधी ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ को भी शान्ति निकेतन में छात्रावासों से रसोइयों को हटा कर छात्रों को अपना भोजन स्वयं बनाने के लिए कविवर को निर्देश देने के लिए सिफारिश की थी।

गाँधी अन्धाधुंध औद्योगीकरण के सख्त खिलाफ थे। उनके अनुसार अधिक उत्पादन के लिए मशीनों का प्रयोग व्यक्ति को उपभोक्तावादी संस्कृति की ओर धकेलता जिससे है दोनों पक्ष प्रभावित होते हैं– उपभोक्ता भी और मजदूर भी। पूरे दिन मशीन पर काम करते करते मजदूरों का जीवन नीरस हो जाता है और उनका मन अपने काम के साथ जुड़ नहीं पाता। गाँधी मशीनों का उस हद तक ही प्रयोग चाहते थे जिससे व्यक्ति अत्यधिक श्रम से बच सके। मशीनों के लिए अँधश्रद्धा में उनका विश्वास नहीं था। भारत के लिए वे 'उचित प्रौद्योगिकी' (appropriate technology) में यकीन रखते थे। वे ऐसा इसलिए भी चाहते थे क्योंकि वे जानते थे कि मशीन भारत में कइयों का रोजगार छीन सकती है। शूमाकर नामक ब्रिटिश अर्थशास्त्री ने गाँधी की इस विषय में सराहना करते हुए अपनी पुस्तक Small is Beautiful (1973) में लिखा है कि भारत जैसे देश के लिए मध्य स्तरीय प्रौद्योगिकी उचित है जो 'जनता द्वारा उत्पादन, (production by masses) पर बल दे न कि 'थोक उत्पादन' (mass production) पर।[12]

1934 में अपने छुआ–छूत विरोधी यात्रा के दौरान गाँधी को गाँव की गरीबी को करीब से देखने का अवसर मिला। उन्होंने ने यहाँ तक कहा की शहर के लोगों के लिए ग्रामीण 'अछूत' के सामान ही हैं।[13] 1934 में गाँधी ने अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना की, उसके सही कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण पुस्तिका जारी की। ग्रामीण उत्थान का उद्देश्य गावों में सफाई, स्वस्थ्य और रोजगार के अवसर की व्यवस्था करना था।

सामाजिक पक्षः

गाँधी भारत में रहने वाले विभिन्न समुदायों के अस्तित्व से भली–भांति परिचित थे। और जानते थे कि इनमे आपसी मेलजोल अति आवश्यक है। सामजिक स्तर पर गाँधी सांप्रदायिक सद्भाव के समर्थक थे। इसके लिए वे कहते हैं कि भा रत में रहने वाले दोनों मुख्य समुदायों– हिन्दुओं और मुसलामानों को एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान स्वेच्छा से करना चाहिये। यदि आपसी विश्वास दृढ हो तो कोई भी बाहरी शक्ति उसे तोड़ नही सकती। घड़ा यदि कच्चा हो तो मामूली ठोकर से टूट जाता है, परन्तु यदि उसे आग में पकाया जाये तो उसे तोड़ पाना आसान नहीं होगा।[14]

उनके अनुसार संगठित धर्मों से ऊपर एक धर्म है जो सामजिक आचार विचार के नियम पर आधारित है। हर धर्म, अर्थात सम्प्रदाय को, तर्क (reason) और करुणा (compassion) की कसौटी पर कसा जाना चाहिए क्योंकि हर धर्म एक ऐतिहासिक और सामाजिक परिपेक्ष्य में जन्म लेता है और इंसानों के माध्यम से समाज में पहुँचता है अतः उसमें सुधार या परीक्षण की गुंजाइश हमेशा रहती है। स्पष्टतः गाँधी एक धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर एक सर्व धर्म समभाव पर

11 हिन्द स्वराज, 'हिंदुस्तान की दशा– वकील',अध्याय 11,पृष्ठ 37
हरिजन, 26.7.42, pp.238
Bunch of Old Letters, 1958, pp.506-7, Harijan,29.6.35 ,p.156

12 Small is Beautiful, p.128
13 हरिजन , 30.11.34 CWMG LIX, p.414
14 हिन्द स्वराज,पृष्ठ 35

आधारित राज्य की कल्पना करते थे क्यों उनके अनुसार धर्म व्यक्ति का अत्यंत निजी मामला है, उसके और उसके निर्माता के बीच का विषय।[15] राज्य या राज्य प्रतिनिधिओं को न तो किसी धर्म का विरोध करना चाहिए और न ही किसी धर्म विशेष की हिमायत।

गौ हत्या के संवेदनशील विषय पर गाँधी का मत था कि वे गाय की रक्षा के लिए अपना जीवन दांव पर लगा सकते हैं परन्तु किसी व्यक्ति को गौ हत्या के कारण जीवन से वंचित नहीं कर सकते![16] स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर 'गौ हत्या' का मुद्दा फिर से गरमा गया जब कई हिन्दू संगठनों ने संविधान में गौ हत्या पर रोक लगाने से सम्बंधित प्रावधान शामिल करने को कहा और इसके लिए एक अभियान छेड़ दिया था। इस अभियान को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का भी समर्थन प्राप्त था। गाँधी का स्पष्ट मत था– 'भारत में गौ हत्या को समाप्त करने के लिए कानून नहीं बनाया जा सकते। मैंने हमेशा के लिए गौ सेवा का प्रण लिया था पर किस प्रकार मेरा धर्म बाकी सभी भारतीयों का धर्म हो सकता है? ऐसा करना उन भारतीयों के साथ जबरदस्ती होगी जो हिन्दू नहीं हैं।[17]

जाति के आधार पर छुआछूत भी गाँधी के स्वराज में कोई स्थान नहीं रखता। गाँधी इसे हिन्दू धर्म पर कलंक के रूप में मानते हैं।[18] 1934 के बाद से उन्होंने इसे अपने स्वतंत्रता आन्दोलन के केंद्र में रखा और इसे जड़ से उखाड़ने की मुहीम चलायी, धर्म के विद्वानों से इसके धार्मिक आधार पर स्वीकृत नहीं होने की घोषणा करवाई।[19] पंडित मदन मोहन मालवीय और रामानुज अयंगार जैसी नेताओं के विरोध के बावजूद गाँधी छुआ–छूत कानूनी रूप से समाप्त करने और मंदिरों में तथाकथित अछूतों के प्रवेश सम्बन्धी आंदोलनों की हिमायत की। बड़े कड़े शब्दों में उन्होंने कहाः मैं यह सौवीं बार कह रहा हूँ कि मंदिरों में प्रवेश कानूनी अवरोध है जो हिन्दुओं द्वारा किये गए किसी समझौते से दूर नहीं हो सकती। कानून अवरोध को विधायी कानून के द्वारा ही दूर किया जा सकता है।'[20] गाँधी ने छुआ–छूत को समाप्त करने में लोगों को शिक्षित करने के लिए 1934 'हरिजन', 'हरिजन बंधु' और 'हरिजन सेवक' नामक तीन पत्रिकाएँ क्रमशः अंग्रेजी, गुजराती और हिंदी में आरंभ की। उन्होंने 'हरिजन सेवक संघ' नाम की संस्था का गठन भी इस वर्ग के लोगों के उद्धार के लिए किया और भारत के कोने–कोने में लोगों में जागरण फैलाने के लिए, हरिजन यात्राएं कीं।

महिलायों के सम्मान और अधिकार के लिए गाँधी के स्वराज में उचित स्थान है। बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के वे विरुद्ध थे। उन्हें सामाजिक व राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेने के लिए आह्वान करते थे और समानता के अधिकार के समर्थक थे।

अध्यात्मिक स्वराजः

गाँधी के स्वराज का अंतिम लक्ष्य राज्य व उससे सम्बंधित हिंसक संस्थाओं की आवश्यकता को समाप्त करना है। गाँधी का विश्वास था कि समाज में कानून और व्यवस्था लाने के लिए पुलिस जैसी संस्थाओं की आवश्यकता इसलिए पड़ती है क्योंकि व्यक्ति में आत्मसंयम और भाईचारे की भावना का अभाव है। व्यक्ति अपने–आप को समाज के अन्य अंगों व व्यक्तियों से बंधा हुआ अथवा उनपर निर्भर नहीं देख पता और एकाकीपन में रहता है।

गाँधी इस तरह की सोच के लिए शिक्षा व्यवस्था को जिम्मेदार मानते हैं जो व्यक्ति को अक्षरज्ञान से अधिक कुछ भी नहीं देती। विद्यार्थी की याददाश्त की परीक्षा ली जाती है उसे जीवन के लिए तैयार नहीं किया जाता, उसके अध्यात्मिक विकास पर तो बिल्कुल ही ध्यान नहीं दिया जाता। गाँधी ऐसी शिक्षा व्यवस्था चाहते हैं जिसमे विद्यार्थियों को श्रम का महत्व समझाया जाए, उसे जीविकोपार्जन के लिए कोई हुनर को सिखाया जाये। गाँधी सभी धर्मों की शिक्षा को भी पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहते थे ताकि लोगों में सर्व धर्म समभाव की भावना जागृत हो और धर्म के आधार पर वैमनस्य दूर हो।

स्वराज की गाँधी की संकल्पना अभी अधूरी है। दिवंगत पत्रकार प्रभाष जोशी ने 'हिन्द स्वराज' के शताब्दी समारोह (2009) के एक आयोजन में कहा था 'भारत अभी गाँधी के स्वराज की संकल्पना से कोसों दूर है। संभव है हम भविष्य में उनका सपना पूरा कर पायें'। 15 अगस्त 1947 को जब उनके एक साथी ने उनकी एक प्रतिज्ञा याद दिलाई थी कि भारत के स्वतंत्र होने पर वे साबरमती आश्रम लौट आयेंगे तो उन्होंने दुखी स्वर में कहा था 'साबरमती अभी दूर है, नोआखाली पास है' – उन दिन वे नोआखाली में पदयात्रा कर वहां लगी सांप्रदायिक आग को बुझाने की कोशिश में लगे थे।

15 CWMG,Vol.XX,p.159

16 'Cow slaughter and manslaughter, in my opinion are two sides of the same coin."CWMG,XXV,p519

17 Prarthana Pravachan-I, pp. 260-3, CWMG,LXXXVIII, pp.375-6

18 गांधीजी, ,''अस्पृश्यता का अभिशाप", संग्राहक, आर के प्रभु,मेरे सपनों का भारत, पृष्ठ संख्या 265

19 'QUESTIONS FOR SHASTRI PARISHAD', **The Hindustan Times,** 27.12.32, CWMG,LII,p265; Statement on Untouchability in Hindu Shastrs to the Press, **The Hindu,** 4.1.33, CWMG, LII, pp.347-50.

20 'Agreeing to Differ" Harijan, 18.2.33, CWMG, LIII, p.334.

एक थी स्टाफ एसोसिएशन

डॉ. बन्ना राम मीना
अध्यक्ष, पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज स्टाफ एसोसिएशन
(14 फरवरी 2018 से 14 फरवरी 2020)

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज के इतिहास में पहली बार दो रात और तीन दिन के लिए स्टाफ एसोसिएशन की तरफ से दिल्ली से बाहर स्टाफ को यात्रा पर ले जाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। दरअसल, अब तक चलन था कि एक दिन दिल्ली के आस–पास सुबह जाकर शाम को लौट आते थे। अधिकतर शिक्षक साथी लीक से हटकर दिल्ली से बाहर जाना चाह रहे थे! यकायक दिल्ली से बाहर की यात्रा पर सर्वसम्मति बनी। ऐसे सफर की योजना बनाने के लिए, उसे व्यवहारिक बनाने के लिए व्यक्तिगत स्तर की कोशिशों के साथ–साथ सामूहिक स्तर के प्रोत्साहन की भी जरूरत होती है। सामूहिक सहयोग व प्रोत्साहन के बिना इस दिशा में सोचा भी नहीं जा सकता था। इस दिशा में हमारे वरिष्ठ सहयोगियों (विशेष रूप से कुसुम कौशिक और रेनू कपूर मैम) के निरंतर बिना शर्त समर्थन सहयोग और प्रोत्साहन के चलते हमें स्टाफ एसोसिएशन की तरफ से कॉलेज में एक नई परंपरा शुरू करने के लिए प्रेरित किया। मिलनसार व्यक्तित्व रेनू कपूर मैम से बात करना मन को एक नए उत्साह से भर देता है और कुसुम कौशिक मैम बहुत ही स्पष्ट तौर पर बात रखने वाले लोगों में से हैं। जिंदगी को जीते हुए सही–गलत का परिप्रेक्ष्य जानकर स्टैंड लेना इन दोनों से बखूबी सीखा जा सकता है। ऐसे व्यक्तित्व के साथ काम करना उनका सहकर्मी होना सौभाग्य और गर्व का विषय है। अपने वरिष्ठ सहयोगियों के अलावा शिक्षक साथी मुकेश बैरवा, सुनील कुमार, हीरा सिंह बिष्ट, नितिन कुमार, दिनेश कुमार तथा युवराज की सहायता और सहयोग से हम इस विचार को बड़ी सफलता के साथ व्यवहारिक धरातल पर संभव बनाने में सफल रहे।

28 अप्रैल, 2019 की सुबह जिसमें हमारे शिक्षक साथी रोजमर्रा से अलग हटकर पहले से ज्यादा खिले–खिले,तीन दिवसीय यात्रा को लेकर खुश और उत्साह से भरे जान

पड़े।ऐसे में आप अगर अपने सहकर्मियों को पहले से ज्यादा खुश और उत्साह से भरा देखे तो आपकी खुशी तो अपने आप ही बढ़ जाती है। गार्जियन के तौर पर संस्थान के प्राचार्य मुकेश अग्रवाल जी भी यात्रा को लेकर काफी उत्साहित नजर आये। सात बजे कॉलेज से रवाना हुए। बस में गाने बजाते हुए, अंताक्षरी करते तथा बाहर की दुनिया देखते हुए, हम सब एक दूसरे का सम्मान करते गानों की धुन पर नाचते–गाते नाश्ते के निर्धारित स्थान पर पहुँचे। यहाँ शुद्ध स्वादिष्ट साफ सुथरा

ताजे लूण्या घी के साथ नाश्ता किया। इसके बाद शाम को जिम कॉर्बेट पहुँचे। रिर्जोट में आंशिक रूप से आराम करने के बाद शिक्षक साथी कोसी नदी के पास प्राचीन मंदिर में दर्शन करने गये तथा बाद में सभी ने वहाँ नदी के किनारे खूब मस्ती एवं गपशप की। दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्जनों ऐसे कॉलेज व वहाँ के शिक्षक साथी है जो संस्थान में काम करने वालों के साथ सामूहिक रुप से ऐसे टूर (Tour) का सपना तो देखते है परन्तु ऐसा व्यवहार में नहीं कर पाते है क्योंकि बौद्धिक तबकों में जहाँ पर अहंकार है, नफरत और दूसरों को नीचा दिखाने की जिद रहती है। जिसके भीतर साझापन नहीं, सनक घुस आती है तो वहाँ बहुत कुछ चाहते हुए भी ऐसा संभव नहीं हो पाता है। शुक्रगुजार हूँ कि हमारे यहाँ सहकर्मी साथियों को अहसास है कि मनुष्य महज कमाऊ मशीन नहीं बल्कि जिंदगी को सलीके के साथ जीने वाला भी है। हम अकेले या परिवार के साथ तो अक्सर जाते रहते हैं किन्तु हम जिस संस्थान में काम करते हैं वहाँ का सामूहिक टूर (Tour) भी जिन्दगी में बहुत अहम होता है।

